ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 11 जून 2024
वर्ष 34, अंक 135, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह 15

कल्कि से दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज 16

## एक नजर

### मणिपुर के मुख्यमंत्री के काफिले पर हमला, एक जवान घायल

**इंफाल।** उग्रवादियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अग्रिम सुरक्षा काफिले पर कांगपोकपी जिले में घात लगाकर सोमवार को हमला कर दिया, जिसमें एक जवान घायल हो गया। काफिला हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले की ओर जा रहा था तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कोटलेन गांव के पास सुबह साढ़े दस बजे हमला हुआ। पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों के वाहनों पर कई गोलियां दागी गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। काफिले के एक वाहन के चालक के दाहिने कंधे पर गोली लगी है और उसे इंफाल के अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बल राजधानी इंफाल से करीब 36किमी. दूर हुए हमले की जगह पर पहुंच गए हैं और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अभी दिल्ली से इंफाल नहीं पहुंचे हैं।

# मिलेगी किसान निधि की 17वीं किस्त, बनेंगे 3 करोड़ आवास

## मोदी ने कहा-सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सबसे पहले जिस फाइल पर हस्ताक्षर किया, वह पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने से संबंधित है। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार का पहला फैसला किसानों के कल्याण के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और आने वाले समय में सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहती है। वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है।

पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त से 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और इसके तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### तीसरे कार्यकाल में मोदी का पहला कदम

केंद्र सरकार की इस योजना के तहत साल में तीन बार दो-दो हजार रुपये की किस्तों के माध्यम से कुल मिलाकर 6,000 रुपये किसानों को दिए जाते हैं। इस योजना के तहत, हर चार महीने में एक बार पैसे हस्तांतरित किए जाते हैं।

वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2015-16 में आरंभ की गई थी और इसके अंतर्गत 4.21 करोड़ आवास निर्मित हो चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को अपना आवास निर्मित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

### किसानों को संबल देगा पीएम का फैसला : योगी

**लखनऊ।** किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। योगी ने सोमवार को अपने एक्स हैंडल पर लिखा, तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय किसान कल्याण को समर्पित। प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

# मोदी 3.0 राजनाथ-शाह, गडकरी-निर्मला और जयशंकर की हनक बरकरार

- शिवराज को कृषि, खट्टर को ऊर्जा व शहरी विकास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निरंतरता का संकेत देते हुए सोमवार को अपनी नई सरकार में चार अहम मंत्रालयों - गृह, रक्षा, वित्त और विदेश - का प्रभार एक बार फिर क्रमशः अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और एस. जयशंकर को सौंपा है। इन विभागों के प्रभारी चार मंत्री मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) के सदस्य होते हैं, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल नए चेहरों में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय मिला है, जबकि भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा स्वास्थ्य मंत्रालय में लौट आए हैं।

देश भर में राजमार्ग नेटवर्क को बढ़ावा देने का श्रेय पाने वाले नितिन गडकरी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का प्रभार बरकरार रखा है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को आवास एवं शहरी मामले तथा ऊर्जा मंत्रालय दिए गए हैं। अश्विनी वैष्णव को रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों का प्रभार था। उन्हें इस बार इन विभागों के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भी दिया गया है।

### कैबिनेट मंत्रियों को आवंटित मंत्रालय

| | | | |
|---|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | रक्षा मंत्रालय | राम मोहन नायडू | नागरिक उड्डयन |
| अमित शाह | गृह और सहकारिता | प्रह्लाद जोशी | उपभोक्ता एवं नवीन ऊर्जा |
| नितिन गडकरी | परिवहन और राजमार्ग | जुएल ओरांव | जनजातीय मामले |
| जेपी नड्डा | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | गिरिराज सिंह | कपड़ा मंत्रालय |
| शिवराज चौहान | कृषि एवं ग्रामीण विकास | अश्विनी वैष्णव | रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी |
| निर्मला सीतारमण | वित्त मंत्रालय | जे. सिंधिया | संचार मंत्रालय मंत्रालय |
| एस जयशंकर | विदेश मंत्रालय | भूपेन्द्र यादव | पर्यावरण एवं वन मंत्रालय |
| मनोहर लाल खट्टर | ऊर्जा व शहरी विकास | गजेन्द्र शेखावत | संस्कृति मंत्रालय |
| एचडी कुमारस्वामी | भारी उद्योग और उद्यम | अन्नपूर्णा देवी | महिला एवं बाल विकास |
| पीयूष गोयल | वाणिज्य एवं खाद्य | किरेन रिजिजू | संसदीय मामले |
| धर्मेंद्र प्रधान | शिक्षा मंत्रालय | हरदीप पूरी | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस |
| जीतन राम मांझी | सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम | मनसुख मंडाविया | श्रम, युवा मामले एवं खेल |
| राजीव रंजन सिंह | पंचायती राज, मत्स्य पालन | जी. किशन रेड्डी | कोयला एवं खनन मंत्रालय |
| सर्बानंद सोनोवाल | बंदरगाह और जहाजरानी | चिराग पासवान | खाद्य प्रसंस्करण |
| डॉ. वीरेंद्र कुमार | सामाजिक न्याय | सीआर पाटिल | जलशक्ति मंत्रालय |

# पांच दिन तपेंगे उप्र समेत कई राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी का एक और दौर शुरू हो गया है और अगले पांच दिन के दौरान तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में अप्रैल और मई महीने में कई दिन तक भीषण गर्मी पड़ी थी और लू चली थी। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिन के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। बयान में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब,

### गर्मी का एक और दौर

- तापमान में होगी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि

हरियाणा, उप्र, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल व गंगा के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी पड़ने के आसार हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह अत्यधिक गर्मी प्राकृतिक रूप से घटित होने वाली अल नीनो घटना तथा वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की तेजी से बढ़ती सांद्रता का परिणाम है। अल नीनो के दौरान मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह असामान्य रूप से गर्म हो जाती है।

### ओबरा सी की इकाई फिर ठप, बिजली संकट गहराया

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के चलते प्रदेश के बिजलीघरों में उत्पादन इकाइयों के बंद होने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई फिर ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग 29,038 मेगावाट दर्ज हुई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई ठप हुई थी। जैसे-तैसे चालू किया गया, पर सोमवार की सुबह यह इकाई फिर ठप हो गई, जिससे बिजली संकट गहरा गया है।

# भाजपा नेता अमित मालवीय पर यौन शोषण के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय पर यौन शोषण का आरोप लगाया गया है। मामले में कांग्रेस ने भाजपा से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस ने कहा है कि मालवीय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक नेता ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है, ऐसे में भाजपा को उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच करानी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा आईटी सेल प्रमुख पर

- कांग्रेस ने की भाजपा से सख्त कार्रवाई और जांच कराने की मांग

आरएसएस के एक बड़े नेता ने यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। अमित मालवीय पर कठोर कार्रवाई और आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मालवीय को प्रचार-प्रसार प्रमुख के पद से भी हटाने की मांग की। श्रीनेत ने कहा कि मालवीय की दरिंदगी को बेनक़ाब करने वाले शान्तनु सिन्हा पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता राहुल सिन्हा के भाई हैं।

### जम्मू-कश्मीर बस हमला

# आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू

- वैष्णोदेवी धाम जा रही तीर्थ यात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने रविवार को किया था हमला
- चार आतंकियों ने दिया हमले को अंजाम, 12 से ज्यादा लोगों को लगीं हैं आतंकियों की गोलियां

किशोर कुमार, जम्मू

**अमृत विचार :** वैष्णो देवी जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमले की जांच एनआईए ने शुरू कर दी है। रविवार शाम हमले के दौरान बस खाई में जा गिरी थी। इस हमले में 9 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा घायल हैं। मृतकों में दो और घायलों में 34 उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। बस पर की गई अंधाधुंध फायरिंग में 12 लोगों से ज्यादा को आतंकियों की गोलियां लगीं। गोली लगने से चालक समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि गोली लगने से घायल 9 लोग जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती हैं। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मेडिकल कालेज का दौरा किया और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए 10-10 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा आतंकियों की तलाश की जा रही है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

सुरक्षा बल आतंकियों की तलाश में जंगल छान रहे हैं। ड्रोन की मदद ली जा रही हैं। एनआईए की टीम जिला रियासी पहुंच गई है। फोरेंसिक टीम ने भी नमूने लिए हैं। उधमपुर रियासी रेंज के डीआइजी रईस मौहम्मद भट ने बताया आतंकी हमले के संबंध में कुछ सुराग मिले हैं, उसके बाद 11 टीमें बनाकर तलाशी शुरू कर दी है। सुरक्षाबलों को सुराग मिला है कि हमले को चार आंतकियों ने अंजाम दिया और हमले के बाद जंगल में भाग गये। आतंकियों ने सोची समझी साजिश के बस के सामने आकर फायरिंग। ड्राइवर की गोली लगने से मौत हो गई और बस खाई में जा गिरी। हमले के दौरान दो आतंकी बस पर गोलियां बरसा रहे थे और दो अन्य उनको कवर कर रहे थे। हमले के बाद क्षेत्र में अलर्ट कर दिया गया है। वैष्णो देवी धाम और अमरनाथ धाम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार को तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले के बाद तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन। ● एजेंसी

### मृतकों में तीन लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले

मृतकों में रियासी निवासी चालक विजय, परिचालक अर्जुन, जिला बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) के निवासी अनुराग वर्मा, रूबी, सौरभ गुप्ता, राजस्थान निवासी टीटू, ममता, राजेंद्र प्रसाद, पूजा शामिल हैं। इसके अलावा 9 लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। बस के खाई में गिरने के कारण 31 अन्य घायल हैं। गंभीर घायलों को जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

## सात राज्यों की 13 विस सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। 10 जुलाई को मतदान और मतगणना 13 जुलाई को होगी। जिन सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं उनमें रूपौली (बिहार), रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला (प. बंगाल), विक्रवंडी (तमिलनाडु), अमरवाड़ा (मप्र), बद्रीनाथ और मंगलौर (उत्तराखंड), जालंधर पश्चिम (पंजाब) और देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश) शामिल हैं। चुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी।

# घाघरा नदी में एक ही परिवार के पांच लोग डूबे, चार की मौत

संवाददाता लखीमपुर खीरी/निघासन

- रील बनाते समय नदी में गिरे बच्चे को बचाने में हुआ हादसा, मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। पढुआ क्षेत्र के गांव बोकरिहा के निकट घाघरा नदी पर रील बनाते समय पैर फिसलने से दस साल का कान्हा नदी में गिर गया। उसे बचाने में एक-एक कर परिवार के चार सदस्य डूब गए। गोताखोरों ने पांचों को बाहर निकाला, जिनमें चार को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।

मोहल्ला ईदगाह निवासी सुशीला उर्फ पच्चो (45) थाना पढुआ के गांव तेलियार स्थित अपने मायके में भाई बृजेंद्र श्रीवास्तव के घर आईं थीं। सोमवार तड़के पांच बजे कार से सुशीला भतीजों व भतीजियों के साथ गांव बकरहिया के निकट घाघरा नदी पर गए थे। टिया (17), कान्हा (10), नैनी (13), सत्यम (26) समेत सात लोग साथ थे। सभी कान्हा को नदी के किनारे खड़ा कर रील बना रहे थे। तभी कान्हा नदी में जा गिरा। उसे बचाने में पांचों लोग डूब गए। लोगों ने हादसे की सूचना गांव तेलियार निवासी बृजेंद्र श्रीवास्तव और पुलिस को दी। पुलिस नदी से पांचों को निकलवाकर सीएचसी रमियाबेहड़ ले गई जहां डॉक्टर ने सुशीला देवी, सत्यम, प्रिया व कान्हा को मृत घोषित कर दिया, जबकि नैनी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि रील बनाने के दौरान हादसा हुआ है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में आजम समेत छह आरोपी बरी

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक और मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। आजम खां और बरकत अली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए।

आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती के लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट, छेड़खानी समेत कई धाराओं में गंज थाने में मुकदमे दर्ज कराए थे। आजम सीतापुर जेल में बंद है। साक्ष्य के अभाव में अदालत ने आजम खां, उनके करीबी रह चुके फसाहत अली खां शानू, इमरान, इकराम, शावेज खां, ठेकेदार बरकत अली समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। आजम के अधिवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि अभियोजन पक्ष डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। वहीं एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने कहा कि, डूंगरपुर से जुड़े मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया है। फैसले की कॉपी लेने के बाद उसे पढ़ा जाएगा। इसके बाद हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

# छत्तीसगढ़ में जिलाधिकारी आफिस पर पथराव, कई वाहन जला दिए

बलौदाबाजार, एजेंसी

- प्रदर्शन के दौरान हिंसक हुआ सतनामी समाज का आंदोलन
- बलौदा बाजार जिले में जैतखंभ में की गई थी तोड़फोड़

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में धार्मिक स्तंभ को क्षति पहुंचाने के विरोध में सतनामी समाज का आंदोलन सोमवार को हिंसक हो गया। आंदोलनकारियों ने कई वाहनों को आग लगा दी और सरकारी कार्यालय में तोड़फोड़ की। 15 और 16 मई की रात को अज्ञात लोगों ने बलौदाबाजार के गिरौदपुरी धाम में अमर गुफा स्थित सतनामी समाज के पूजे जाने वाले जैतखंभ में तोड़फोड़ की थी।

इसके विरोध में सतनामी समाज ने सोमवार को दशहरा मैदान में विरोध-प्रदर्शन और डीएम कार्यालय के घेराव का आह्वान किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कई स्थानों पर अवरोधक लगाए थे। बलौदाबाजार एसपी सदानंद कुमार ने बताया कि सतनामी समाज ने शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया था, लेकिन वह हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया और अवरोधक तोड़कर जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में घुस गए।

उन्होंने कार्यालय भवन पर पथराव किया और वहां खड़े वाहनों को आग लगा दी। कुमार ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में प्रदर्शनकारी वाहनों और एक भवन में आगजनी करते दिख रहे हैं और दमकल विभाग के वाहन को भी आग लगा रहे हैं। वीडियो में प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों में झड़प भी दिख रही है। राज्य सरकार ने पहले ही जैतखंभ की तोड़फोड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि विभिन्न संगठनों और सतनामी समाज की मांग पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

# चुनाव में मुकाबला जरूरी लेकिन यह झूठ पर आधारित न हो

## संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले- चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

नागपुर, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉक्टर मोहन भागवत ने मणिपुर में एक वर्ष बाद भी शांति स्थापित नहीं होने पर सोमवार को चिंता व्यक्त की और कहा कि संघर्ष प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार किया जाना चाहिए।

यहां रेशमबाग में डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन परिसर में संगठन के 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-द्वितीय' के समापन कार्यक्रम में आरएसएस प्रशिक्षुओं की एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि

- संघ प्रमुख ने कहा-मणिपुर में शांति बहाली के लिए प्राथमिकता से किया जाए विचार

विभिन्न स्थानों और समाज में संघर्ष अच्छा नहीं है। उन्होंने चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर जोर दिया। कहा कि चुनाव में हमेशा दो पक्ष होते हैं, लेकिन जीतने के लिए झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दस साल पहले मणिपुर में शांति थी। ऐसा लगा था कि वहां बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है, लेकिन राज्य में अचानक हिंसा बढ़ गई है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि मणिपुर की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा। भागवत ने कहा कि अशांति या तो भड़की या भड़काई गई, लेकिन मणिपुर जल रहा है और लोग इसकी तपिश का सामना कर रहे हैं। पिछले साल मई में मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों के बीच हिंसा भड़क उठी थी।

### कैसे हुआ, क्या हुआ जैसी चर्चाओं में शामिल नहीं होता है आरएसएस

हाल में हुए लोकसभा चुनावों के बारे में भागवत ने कहा कि नतीजे आ चुके हैं और सरकार बन चुकी है, इसलिए क्या और कैसे हुआ आदि पर अनावश्यक चर्चा से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आरएसएस कैसे हुआ, क्या हुआ जैसी चर्चाओं में शामिल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि संगठन केवल मतदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने का अपना कर्तव्य निभाता है। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि आम जनता के लिए काम किया जा सके। भागवत ने कहा कि चुनाव बहुमत हासिल करने के लिए होते हैं और यह एक प्रतिस्पर्धा है, युद्ध नहीं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल और नेता एक-दूसरे की बुराई कर रहे हैं, लेकिन वे इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि इससे समुदायों के बीच दरार पैदा हो सकती है। उन्होंने अफसोस जताया कि आरएसएस को भी बिना किसी कारण के इसमें घसीटा जा रहा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि चुनाव में हमेशा दो पक्ष होते हैं, लेकिन जीतने के लिए झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए।

## एक नजर

### मादक पदार्थों के तीन तस्कर सोनभद्र में गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले बिहार निवासी दौलात राज, विपिन चौधरी और उन्नाव निवासी अमित को सोनभद्र की कोतवाली राबर्ट्सगंज अर्न्तगत स्थित हिन्दूआरी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया है, इनके पास से 95.20 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि वेक्टर जनित रोग, संचारी रोग और दिमागी बुखार की रोकथाम व इलाज के प्रबन्धन के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का दूसरा चरण जुलाई में शुरू होगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई तक और दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलेगा।

# अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय के प्रबंधकों ने किया प्रदर्शन

**20** सूत्रीय मांगों को लेकर अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक सभा में आक्रोश

**75** जनपदों के प्रबंधकों ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर अधिकारियों के खिलाफ की नारेबाजी

**06** माह पहले भी मांगों को लेकर कर चुके हैं प्रदर्शन चुनाव के चलते कर दिया था स्थगित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक सभा के बैनर तले विद्यालय प्रबंधकों ने हजरतगंज स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रबंधकों ने अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की।

धरने पर बैठे प्रबंधकों के साथ कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि 6 महीने पहले भी हम अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। फिर चुनाव के कारण उसे स्थगित करना पड़ गया था। तब अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि सुनवाई होगी। मगर हमारी की सुनवाई नहीं हो रही है। महासचिव मनमोहन तिवारी ने कहा कि 20 सूत्रीय मांगपत्र को लेकर उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों से अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक एकत्रित हुए हैं। सभी का कहना है कि जिस तरह से हमारी बातों को नजरअंदाज किया जा रहा। वह सरासर गलत है।

अरविंद कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि फील्ड में जनपद स्तर पर तैनात डीआईओएस और मंडलीय जेडी द्वारा शासनादेश और विभागीय परिपत्रों की उपेक्षा करते हुए प्रबंधकों को निशाना बनाकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने डीआईओएस समेत अन्य कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठाई। मगर उसकी भी सुनवाई नहीं हो रही है। मनमोहन तिवारी ने कहा कि अगर जल्दी हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो हम लोग सड़कों पर उतरकर लगातार विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर प्रदर्शन करते अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक। अमृत विचार

# विद्यालयों में शीघ्र बांटे जाएंगे 51,667 टैबलेट

▸▸ मुख्य सचिव ने शिक्षा परियोजना परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक में योजना पर दी सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में शीघ्र ही 51,667 टैबलेट बांटे जाने की तैयारी है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर ने इस संबंध में खरीद की अनुमति दे दी है। मुख्य सचिव ने सोमवार को लोकभवन में शिक्षा परियोजना परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक में यह जानकारी साझा की।

बैठक में प्राथमिक विद्यालयों के उपयोग के लिए 10,375 टैबलेट और 8,778 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए 17,556 टैबलेट खरीदने पर मंजूरी दी गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10,000 रुपये प्रति इकाई की दर से 11,868 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए 23,736 टैबलेट खरीदने का काम यूपी डेस्को या विभाग को करना होगा।

इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा है कि परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने को प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाये जाएं। बैठक में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डा. एमकेएस सुन्दरम, सचिव नियोजन अनुराग यादव, महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आवंटित खाली भूमि और सिक यूनिट को चिन्हित कर उपयोग में लाएं

## मुख्यमंत्री ने उप्र. को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने पर की चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेशकों को पूर्व में आवंटित ऐसी भूमि को चिन्हित करने के निर्देश अपने अधिकारियों को दिए हैं जिसका सदुपयोग नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने राज्य की 'सिक यूनिट' की भी पहचान कर उनके सदुपयोग के बारे में निर्णय लेने की उम्मीद भी की है। योगी के मुताबिक इन दोनों सुझावों का ध्यान रखते हुए इंडस्ट्रियल क्लस्टर की कार्ययोजना को आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को एक बैठक में उप्र. को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए कई संकल्पों पर मंत्रणा की। शास्त्री भवन सचिवालय में नियोजन विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रियों के साथ ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था पर जारी प्रयासों, अब के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। इस उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत सभी विभागों के मंत्रीगण व प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और कंसल्टिंग एजेंसी डेलॉयट इंडिया ने विस्तार से राज्य के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में बताया गया कि बीते 07 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उप्र. की अर्थव्यवस्था आज सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। वर्ष 2020-21 में राज्य की जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी, जो अब 2023-24 में 25.48 लाख करोड़ हो गई है। राष्ट्रीय आय में प्रदेश 9.2 फीसद का योगदान कर रहा है। उप्र. आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है।

एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को लेकर मंत्रियों के साथ बैठक करते योगी।

### वृद्धि दर दोगुने से अधिक बढ़ाना होगा

2021-22 से 2023-24 के बीच उप्र. का कम्पाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) लगभग 15.7 प्रतिशत दर्ज किया गया है। यह स्थिति उत्साहजनक है। साल 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था (ओटीडीई) का लक्ष्य पूरा करने के लिए अगले पांच सालों में हमें अपनी वृद्धि दर को दोगुने से अधिक बढ़ाना होगा। सभी विभागों को अपने प्रयास तेज करने होंगे।

### महाकुंभ अर्थव्यवस्था में असर डालने वाला होगा

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सात साल में बढ़ा हुआ टूरिस्ट फुटफॉल लोकल इकॉनमी को बढ़ावा देने वाला है। अगले साल प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन है। करोड़ों लोगों का आगमन होगा। यह पूरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ा असर डालने वाला होगा। घरेलू पर्यटकों के साथ-साथ हमें विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनानी होगी।

### अगले जीबीसी की तैयारी करनी चाहिए

मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों में से 10 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतरी जा चुकी हैं। शेष एमओयू की समीक्षा करें, निवेशकों से संवाद करें। हमें यथाशीघ्र अगले जीबीसी की तैयारी करनी चाहिए। निवेशकों से संपर्क-संवाद का क्रम जारी रखना चाहिए।

### इन बिन्दुओं पर भी हुई चर्चा

- अकेले 12.7 लाख रु. करोड़ के एमओयू मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए हुए हैं।
- इंडस्ट्रियल पॉवर कंजप्शन में 6.8 फीसद की वृद्धि हुई है।
- 2023-24 में पंजीकृत कुल (कॉमर्शियल) वाहनों में 36.7 फीसद की वृद्धि हुई
- देश में कुल पंजीकृत वाहनों में उप्र. की हिस्सेदारी 12.7 फीसद है।
- बेरोजगारी दर 2017-18 में जहां 6.2 फीसद थी आज 2.4 फीसद रह गई
- भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पर्यटक आगमन वाला प्रदेश हो गया है।

# 124 राजस्व अधिकारियों को नोटिस

▸▸ राजस्व वाद के निपटारे में हीलाहवाली समेत अन्य लंबित मामलों के तहत हुई कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजस्व परिषद ने विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले 124 राजस्व अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। रियल टाइम खतौनी की निराशाजनक उपलब्धि, स्वामित्व योजना (घरौनी) दयनीय स्थिति, राजस्व वादों के निपटारे में हीलाहवाली समेत अन्य लंबित मामलों में राजस्व परिषद अध्यक्ष रजनीश दुबे के निर्देश पर इन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

राजस्व परिषद की बैठक में सोमवार को 30 जून तक पूरे राज्य में में ई-खतौनी (रियल टाइम खतौनी) का कार्य पूरा करने की अवधि तय की गई। उद्योगों से जुड़े भू-परिवर्तन के मामले भी इसी समयसीमा तक निपटाए जाएंगे। बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड के जिलों की समीक्षा के दौरान स्वामित्व योजना (घरौनी) में 13 जिलों की स्थिति खराब पाई गई है। इस प्रकरण में संबंधित जिलों के नोडल अपर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। रियल टाइम खतौनी में असंतोषजनक प्रगति के कारण 62 अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया। राजस्व वादों के निपटारे में लापरवाही बरतने वाले सी श्रेणी के 26 अपर जिलाधिकारियों, सात उप जिलाधिकारियों, सात तहसीलदारों और नौ नायब तहसीलदारों को भी अध्यक्ष रजनीश दुबे के निर्देश पर आयुक्त और सचिव राजस्व परिषद द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### 30 तक ई-खतौनी का कार्य पूरा करने के निर्देश

मध्य एवं पूर्वी उप्र. के 36 जिलों के अपर जिलाधिकारियों व मुख्य राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक में राजस्व परिषद अध्यक्ष ने 30 जून तक सभी जिलों में ई-खतौनी का कार्य पूरा करने की हिदायत दी। समीक्षा में प्रयागराज और वाराणसी जिले की स्थिति भी असंतोषजनक पाई गई। उद्योगों से जुड़े भू-परिवर्तन के लंबित मामलों की समीक्षा के क्रम में लखनऊ, प्रयागराज और बाराबंकी जिले की स्थिति खराब पाई गई। ऐसे सभी मामलों को 30 जून तक निपटाने का निर्देश दिया गया है। इन जिलों में पैमाइश के मामलों को मौके पर कोर्ट लगाकर निपटारे का निर्देश दिया गया है।

## पशुपालन विभाग को जारी हुए 21 करोड़ 54 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में गौवंश समेत पशुओं के इलाज में दवा समेत संसाधनों की कमी नहीं होगी। इसके लिए राज्य सरकार ने पशुपालन विभाग को 21 करोड़ 54 लाख का भारी भरकम बजट जारी किया है।

विशेष सचिव, उप्र.शासन अमरनाथ उपाध्याय ने सोमवार को रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र के निदेशक को 21 करोड़ 54 लाख 40 हजार रुपए का बजट जारी कर निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बजट से पशुओं के उपचार संबन्धी संसाधनों की आपूर्ति की जाए, बजट में सात करोड़ 10 लाख रुपयों से पशुओं के लिए दवाएं खरीदी जाएंगी, चार करोड़ 40 लाख रुपए वाहन पद में जारी किए गए हैं, 77 लाख में विभाग में चिकित्सकीय उपकरण व मशीनें खरीदी जाएंगी।

## केंद्रीय मंत्रियों को दायित्व मिलने की दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवगठित मोदी सरकार में मंत्रीगण को सोमवार को मंत्रालय का दायित्व मिलने पर बधाई दी।

उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि, प्रधानमंत्री मोदी का यह तीसरा कार्यकाल, निःसंदेह 140 करोड़ भारतवासियों की आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरी करने वाला होगा। आप सभी की ऊर्जा, अनुभव, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र प्रथम की भावना आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत'' के विराट संकल्प की सिद्धि में सहायक होगी।

# अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा गंगा एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** गंगा एक्सप्रेस-वे अत्याधुनिक नवीनतम तकनीक से लैस होगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने ईटीएच-स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ज्यूरिख और आरटीडीटी लैबोरेट्रीज एजी के साथ सोमवार को समझौते पर हस्ताक्षर किए।

प्रदेश में यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे को अत्याधुनिक नवीनतम तकनीक से सुसज्जित कर यातायात को सुगम बनाने की तैयारी चल रही है। इसी के तहत समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि समझौते के तहत किया जाने वाला कार्य एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता, मार्गों को बेहतर बनाने व अन्य सुविधाओं के आकलन में 'गेम चेंजर' साबित होगा। ईटीएच ज्यूरिख के स्ट्रक्चरल मैकेनिक्स की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. एलेनी चैट्ज़ी ने कहा कि प्रदेश अपने एक्सप्रेसवे में इस तकनीक को लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।

समझौते के दौरान औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह। अमृत विचार

भेंट के दौरान केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को पुष्पगुच्छ देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

## योगी ने राजनाथ, शाह व गडकरी से की मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी से सोमवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा के तीनों नेताओं ने रविवार को मोदी-3.0 में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। 2024 लोकसभा चुनाव जीतने के बाद तीनों वरिष्ठ नेताओं से योगी आदित्यनाथ की यह पहली मुलाकात है।

योगी रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे और बाद में नई दिल्ली में ही रात्रि विश्राम किया। सोमवार की सुबह उन्होंने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व नितिन गडकरी से मुलाकात कर तीनों नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल होने की शुभकामना दी।

## एयर कमोडोर प्रशांत ने संभाली कमान

**अमृत विचार, लखनऊ:** एयर कमोडोर प्रशांत ने सोमवार को आयोजित एक समारोह परेड में वायु सेना स्टेशन गोरखपुर की कमान संभाली है। ये चार्ज उन्हें एयर कमोडोर मनीष सहदेव ने सौंपा।

लखनऊ मध्यकमान के प्रवक्ता शांतनु प्रताप ने बताया कि एयर कमोडोर प्रशांत को जून 1996 में भारतीय वायु सेना की लड़ाकू शाखा में नियुक्त किया गया था। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने जगुआर, एलसीए तेजस, एमआईजी-21, एमआईजी-29, किरण, पिलाटस, दीपक और कई अन्य विमान उड़ाए हैं। वायु अधिकारी के पास 3700 घंटे से अधिक की दुर्घटनामुक्त उड़ान का श्रेय है।

# इस माह सभी क्षेत्रों को मिलेगी 24 घंटे बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जून भर प्रदेश के सभी क्षेत्रों को 24घंटे बिजली मिलेगी। शासन ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को निर्देश जारी किया है। प्रमुख सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण की ओर से इस आशय का पत्र कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को भेजा गया है। पत्र में मुख्यमंत्री के निर्देश का हवाला दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार भेजे गये पत्र में कहा गया है कि हर हाल में सभी लोगों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय, ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बिजली अधिकारी जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं के फोन जरूर 'रिसीव' करें। बिजली आपूर्ति बंद होने के दौरान जनप्रतिनिधियों व मीडिया प्रतिनिधियों को यथास्थिति से अवगत कराया जाय। पत्र में मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक का उल्लेख किया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ता प्रतिनिधियों के फोन के विभागीय अधिकारियों के न उठाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई है।

शासन ने बिजली आपूर्ति बाधित होने के दौरान लोगों का फोन 'रिसीव' कर उन्हें यथास्थिति से अवगत कराने व समस्या का निस्तारण करने को कहा गया है। पिछले दिनों ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी समीक्षा बैठक में वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को पूरे प्रदेश में हर हाल में लोगों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने निर्धारित समय में बिजली आपूर्ति की समस्या दूर करने को कहा था। साथ ही, दो घंटे से ज्यादा की अवधि तक 'शटडाउन' न लिये जाने का निर्देश दिया था।



▸▸ शासन ने लिखा पावर कॉरपोरेशन को पत्र, मुख्यमंत्री का निर्देश लागू करने को कहा

▸▸ ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी समीक्षा बैठक में दिए थे निर्देश

### जूझ रहे बिजली संकट से

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार स्थानीय खराबी के कारण राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में बिजली संकट का कहर बना हुआ है। खराबियों के समय पर दूर न होने के कारण लोगों को घंटो बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। कई उत्पादन इकाइयों के बंद होने के दौरान एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर मांग को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, पर स्थानीय खराबी पर प्रभावी अंकुश न लग पाने के कारण लोगों को समुचित बिजली नहीं मिल पा रही है।

## बुजुर्ग की मौत मामले में अवर अभियंता निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखीमपुर में करंट से बुजुर्ग की मौत मामले में बिजली अवर अभियंता देवतादीन को निलंबित कर दिया गया है, जबकि संविदा पर कार्यरत लाइनमैन पुष्पेंद्र कुमार की सेवा समाप्त कर दी गई है। इसके अलावा क्षेत्र के अधिशासी अभियंता व उपखंड अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार कारपोरेशन के निर्देश पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने यह कार्रवाई की है। इसके अलावा प्रकरण की जांच के लिए विभागीय जांच शुरू हो गई। मालूम हो कि पिछले दिनों लापरवाही के कारण 60 वर्षीय रामपाल भार्गव की बिजली लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

# आशिक मिजाज पुलिसवालों के कारण विभाग हो रहा बदनाम

डीपी शुक्ल, लखनऊ

**अमृत विचार:** कहने को तो जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस के कंधे पर है, लेकिन महकमे में मौजूद कुछ लोग वर्दी पर दाग लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी के बार-बार निर्देश देने के बाद भी कुछ पुलिसकर्मी अपना आचरण नहीं सुधार पा रहे हैं। इन पर भ्रष्टाचार व मारपीट करने का आरोप लगता रहता है। शासन की तरफ से आए दिन महिलाओं के प्रति सम्मान देने की बात कही जाती है, परंतु सम्मान देने की बात तो दूर, थाने में गाली गलौज का उन्हें शिकार होना पड़ता है। बस्ती जिले के सीओ सिटी विनय चौहान पर लगे आशनाई का आरोप पहली घटना नहीं है, इस तरह के पहले भी कई पुलिसजनों पर गम्भीर आरोप लगते आये हैं। प्रदेश में खाकीधारियों की शिकार हुई कई युवतियों की दास्तान पूर्व समय से सुनने को मिलता रहा है। पुलिस विभाग में आशनाई का रंग सिपाही से लेकर एडीजी स्तर के अधिकारियों तक चढ़ा है।

आशिक मिजाज के पुलिस वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वह भी ऐसी कार्यवाई हो, जो नजीर बने। बस्ती में तैनात सीओ ने महिला के साथ गलत काम भी किया और वर्दी का दुरुपयोग करते हुए महिला को बंद भी करवा दिया। इस घटना की शीघ्र जांच कराकर दोषी सीओ पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

**– बृजलाल, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक उप्र. व राज्यसभा सांसद**

### ये मामले रहे चर्चा में, विभाग की हुई किरकिरी

अभी हाल में ही केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर गये एक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजी को गृह मंत्रालय ने समय से पहले ही उनकी आशिक मिजाजी के कारण यूपी वापस भेज दिया। बताया जाता है कि एडीजी का मन गुवाहाटी एअरपोर्ट पर एक युवती को देखते ही मचल उठा और वह उसका हाथ पकड़कर प्यार का इजहार कर बैठे। युवती की लिखित शिकायत पर उक्त एडीजी के खिलाफ जांच हुई तो मामला सही पाया गया। बताया जाता है कि एडीजी के माफी मांगने पर युवती ने अपनी शिकायत वापस ले ली थी। इसी तरह का एक मामला सोशल मीडिया में खूब फैला। बताया जाता है कि उन्नाव जनपद में तैनात एक सीओ साहब प्रेमिका सिपाही के साथ कानपुर के एक होटल में जाकर ठहरे। इस होटल में सिपाही के निर्वस्त्र नहाते सीओ का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक जिले में जहां थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट लिखाने आई युवती के साथ दरोगा जी ने अपना मुंह काला किया। वहीं, राजधानी के अलीगंज में तैनात एक दरोगा जी ने तो अपने हाथ पर ही अपनी प्रेयसी सिपाही का नाम गोदवा लिया था। इसी तरह विजिलेंस के इंस्पेक्टर महेश दुबे जो लखनऊ के कृष्णा नगर व मोहनलालगंज प्रभारी रहे हैं, पर विकास नगर की रहने वाली एक महिला ने गर्भवती करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। इसी तरह का एक और मामला लखनऊ के विभूति खंड में दर्ज कराया गया। यहां शोध छात्रा ने सिपाही विवेक सिंह सिसोदिया पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया। इसी क्रम में जनपद मुरादाबाद के सिविल लाइन में सेवानिवृत्ति एक सीओ पर रिवाल्वर के बल पर दुराचार करने का आरोप लगा। 8 मई 2023 की रात्रि घटना का समय बताते हुए महिला ने सीओ और उनके परिजनों पर एफआईआर दर्ज कराई। एक और मामला मुरादाबाद जनपद में ही सुनने को मिला। बताया जाता है कि अमरोहा में तैनात एक महिला सिपाही से दारोगा ललित चौधरी द्वारा दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगा। इसी तरह सुल्तानपुर की शहर कोतवाली में सेवानिवृत्त एक डीआईजी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके अलावा राजकीय रेलवे में तैनात एक बड़े अफसर पर पुलिस अधीक्षक स्तर की महिला आईपीएस अफसर ने उत्पीड़न का आरोप लगाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। हालांकि आरोपों की जांच डीजी स्तर की महिला अधिकारी को सौंपी गई। बताते है कि आरोपी अधिकारी का तो कुछ नहीं बिगड़ा, मगर पुलिस अधीक्षक को ही अपने पद से हटना पड़ा।

मामले की जांच शीघ्र कराकर दोषी सीओ पर कठोर से कठोर कार्यवाई होनी चाहिए। जांच में देरी होगी तो दोषी को संभलने का मौका मिलेगा। ऐसे में दोषी, पीड़िता को प्रलोभन देकर या उसे डरा-धमका कर जांच अपने पक्ष में करा सकता है, विभाग को ऐसे प्रकरणों के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है।

**– सुलखान सिंह, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक उप्र.**

वहीं ऐसे मामलों में पुलिस के अधिकारी बात करने से कतराते हैं लेकिन उनका यह जरूर कहना होता है कि इन प्रकरणों में बड़े अधिकारी तो अक्सर बच जाते हैं लेकिन छोटे कर्मियों कर गाज गिरती है जो कि पूर्ण रूप से न्यायसंगत नहीं है।

# सीओ विनय चौहान को बस्ती से हटाया गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये बस्ती के सीओ सिटी विनय चौहान को हटाकर उन्हें डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं दूसरी तरफ आईजी रेन्ज ने सीओ के निलम्बन की संस्तुति करते हुए डीजीपी मुख्यालय को पत्र लिखा है।

जानकारी के अनुसार बस्ती में तैनात सीओ विनय चौहान को हटाकर उन्हें डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। बताया जाता है कि सीओ विनय चौहान के निलम्बन की संस्तुति करते हुए आईजी रेन्ज बस्ती ने डीजीपी मुख्यालय को पत्र लिखा है।

उल्लेखनीय है कि सीओ विनय चौहान गत दिनों अपने सरकारी आवास में अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये थे। दोनों को रंगेहाथ पकड़ने के बाद सीओ की पत्नी और बेटी ने जमकर पिटाई की थी। इस मामले में सीओ की प्रेमिका ने सीओ विनय चौहान, उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।

### दो और पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले

तबादले के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक कुंवर प्रभात सिंह को रेलवे वाराणसी से हटाकर जनपद बस्ती और डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध श्यामजीत प्रमिला सिंह को पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी के पद पर भेजा गया है।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
(Clinical Oncologist and Radiotherapist), MD, DNB, Medvar. Dip. Clinical, Oncologist, Ex Consultant Tata Memorial Hospital Mumbai, P.G.I.M.E.R. Chandigarh
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

**मौसम**

लू का प्रकोप बढ़ने की संभावना है दोपहर में घर से न निकलें

43.8° अधिकतम तापमान | 33.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- इंदिरानगर व आशियाना जैन मंदिर में उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान की ओर से श्रुत पंचमी का आयोजन- 8 :30 बजे।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा दोपहर 12 :00 बजे।

**एक नजर**

### एमएल कुरील अध्यक्ष और बनारसी राम बने महामंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवध डिपो कैसरबाग में हुए त्रिवार्षिक चुनाव में एमएल कुरील को परिवहन निगम के श्रमिक समाज कल्याण संघ का प्रांतीय अध्यक्ष और बनारसी राम को प्रांतीय महामंत्री चुना गया।

### अहिबरनपुर डालीगंज में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** अहिबरनपुर डालीगंज के कदम रसूल फीडर और बागशाह फीडर पर मंगलवार को काम किया जायेगा। इससे संबंधित इलाकों की बिजली सप्लाई सुबह 10 :30 से 12 :30 बजें तक बाधित रहेगी। वही शिवलोक फीडर के अंतर्गत साठ फिटा रोड और उसके आसपास के क्षेत्रों में दोपहर 1 से 4 बजें तक बिजली गुल रहेगी।

अकबरनगर में ध्वस्तीकरण कार्रवाई शुरू होने के बाद घर छोड़ते समय महिला भावुक हो गई। डबडबाई आंखों व भारी मन से उसने वहां मौजूद अधिकारियों का अभिवादन किया और बसंतकुज योजना में आवंटित आवास की ओर रवाना हो गई। राजकुमार

### बुलडोजर देख 200 आवंटियों ने लिए आवास आवंटन पत्र

**अमृत विचार :** ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होते ही एलडीए की शिविर में आवास आवंटन पत्र पाने के लिए भीड़ लग गई। सुबह से शाम तक 200 विस्थापितों ने आवास आवंटन पत्र लिए। 150 परिवार अकबरनगर के आवास खाली कर बसंतकुंज योजना के आवासों में चले गए। अफसरों के मुताबिक 1,679 विस्थापितों के आवास आवंटन पत्र जारी किए गए हैं। इसमें 1200 से ज्यादा ने आवंटन पत्र प्राप्त कर लिए हैं। 900 से अधिक परिवार आवासों में शिफ्ट हो गए हैं।

अकबरनगर में ध्वस्तीकरण कार्रवाई शुरू होने के बाद लोग मकान खाली करने लगे, गृहस्थी का सामान समेटा और निजी व भाड़े के वाहनों पर लादकर बसंतकुंज योजना में आवंटित आवासों के लिए रवाना हो गए। अमृत विचार

# अकबरनगर में चला बुलडोजर, 45 भवन ध्वस्त

## बैरीकेडिंग से सभी मार्ग बंदकर चप्पे-चप्पे में लगाई फोर्स, एलडीए ने नगर निगम के साथ दो शिफ्टों में शुरू की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ध्वस्तीकरण के पहले एलडीए ने बस्ती में कराया अनाउंसमेंट

**अमृत विचार :** कुकरैल नदी के पुनरुद्धार के लिए एलडीए ने सोमवार से अकबरनगर द्वितीय में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। पहले दिन 45 भवन ध्वस्त किए गए, इसमें ज्यादातर भवन कामर्शियल हैं। कार्रवाई शुरू पर कई परिवारों ने भावुक मन से अपने घर छोड़े और सामान समेटकर बसंतकुंज योजना में आवंटित आवास के लिए रवाना हो गए।

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, डीसीपी रवीना त्यागी, अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह पुलिस फोर्स के साथ सुबह करीब 6 बजे अकबरनगर पहुंच गए। अधिकारियों ने बस्ती का भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। प्रथम व द्वितीय के सभी मार्ग बैरीकेडिंग से बंद कर पुलिस का पहरा लगा दिया गया। लोगों को गलियों से बाहर निकलने नहीं दिया। अनाउंसमेंट के बाद सुबह 8 बजे प्रथम क्षेत्र में अयोध्या रोड पर दो शिफ्ट में नदी व बंधे पर बने 10 फर्नीचर शोरूम बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए गए। लोगों में नाराजगी रही, लेकिन फोर्स देख विरोध नहीं कर पाए। बीच-बीच में कुछ लोग इकट्ठा हुए जिन्हें पुलिस ने खदेड़ दिया।

पहली शिफ्ट में चार जेसीबी लगाई गई। इसके बाद दो और बढ़ा दी गईं। एक साथ मशीनों के निर्माण तोड़ने की धमक से आसपास जमीन व मकानों में कंपन होता रहा। मकान गिरने के डर से लोग ताला डालकर अन्य जगह चले गए। छह जेसीबी, मलबा उठाने के लिए ट्रक व डंपर समेत कई संसाधन रिजर्व रखे गए हैं।

अकबरनगर में अवैध भवन को ध्वस्त करती एलडीए की पोकलैंड। अमृत विचार

बिजली कनेक्शन काटता कर्मचारी।

### ड्रोन और सीसीटीवी से हुई निगरानी

पूर्व की घटनाओं को देखते पुलिस, पीएसी के अलावा दो कंपनी रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) भी तैनात की गई है। आरएएफ, पुलिस व पीएसी मुख्य रोड से मोहल्लों में गली-गली टुकड़ियों में मुस्तैद रही। पुलिस ने पूरे क्षेत्र की ड्रोन से भी नजर रखी। सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की गई।

### मोहल्ले की बिजली काटी गई

बिजली विभाग ने पूरे अकबर नगर की बिजली काट दी। पोल से तार हटाने के साथ घरों के कनेक्शन भी काट दिए गए। राहत मिलती न देख कई परिवार सामान लादकर बसंतकुंज योजना में मिले आवास में शिफ्ट होने चले गए। ज्यादातर ने अभी मकान खाली नहीं किए। कोई छत से तो कोई बैरीकेडिंग से झांकता रहा, जिन्हें कई बार पुलिस ने अंदर कराया।

# छह और पोकलैंड पहुंचीं, आज से तेज होगी कार्रवाई

अकबरनगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पहले पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते एलडीए उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी, साथ में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अकबर नगर ध्वस्तीकरण में मंगलवार से तेजी आएगी। एलडीए ने सोमवार रात छह और पोकलैंड मंगाई हैं। जहां जेसीबी नहीं पहुंच सकती वहां पोकलैंड से भवन तोड़ने में आसानी होगी। इससे काम जल्द पूरा होगा।

एलडीए ने पहले दिन 10 जेसीबी और चार पोकलैंड ध्वस्तीकरण के लिए खड़े किए थे। दो जेसीबी बीच में खराब होने पर रिजर्व में वाले इस्तेमाल किए गए। मौके पर इंजीनियर की टीम रही। जिनके माध्यम से जेसीबी ठीक किए गए। अब कार्रवाई के दौरान 10 जेसीबी और 10 पोकलैंड रहेंगी। इसके इनकी संख्या आगे बढ़ सकती है।

### नोटिस मिला, न मिला आवास, छूट गया परिवार

अमृत विचार, लखनऊ : कार्रवाई के दौरान अकबर नगर से आए तैयब उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी से मिले। बताया कि उन्हें मकान का नोटिस नहीं मिला है। इस वजह से आवास का पंजीयन नहीं कर पाए हैं। प्रक्रिया से नाम छूट गया है। ऐसे में मकान तोड़ दिया जाएगा और आवास भी नहीं मिलेगा। उपाध्यक्ष ने अधिशासी अभियंता राज कुमार को निर्देश देकर मौके पर आवास पंजीयन की प्रक्रिया कराई।

## प्रभारी मंत्री आज करेंगे निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊः वित्त एवं संसदीय कार्य एवं लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मंगलवार को शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए चार वार्डों का सुबह सात बजे औचक निरीक्षण करेंगे। साथ ही लोगों को सफाई के लिए जागरूक करेंगे। उनके साथ महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह रहेंगे।

# अकबरनगर की ओर आज भी जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अकबर नगर में अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण अभियान के चलते डायवर्जन व्यवस्था लागू की जा रही है।

डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि यह व्यवस्था सोमवार सुबह 6 बजे से अभियान के समाप्त होने तक लागू रहेगी। इस दौरान वैकल्पिक मार्गों से लोग आवाजाही कर सकेंगे।

### यातायात में यह रहेगा बदलाव

- पालिटेक्निक से अकबरनगर की तरफ आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी। इस रूट के वाहन चालकों के लिये नीलगिरी तिराहे से बांए होते हुए आम्रपाली चौराहा से बायें होकर बैरल नंबर आठ से बंधा रोड होकर वैकल्पिक मार्ग तय किया गया है।
- आईटी से पालिटेक्निक की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन से बायें होते हुए कार्मल चौराहा से पीएसी मुख्य द्वार या वायरलेस चौराहा, सर्वोदय नगर चौराहा से होते हुए बंधा रोड होकर शक्ति नगर ढाल से होकर तय किया गया है।
- इसी तरह बादशाह नगर मैट्रो स्टेशन से यू-टर्न लेकर पेपर मिल से बांए आर-आर बंधा होकर जा सकेंगे।

**अंदर की बात** | सपा सरकार में कुकरैल नदी पर पर्यावरण संरक्षण के मानकों को किया गया था नजरअंदाज

# अवैध बस्ती में थे 73 करोड़पति कब्जेदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नदी के पुनर्जीवन के लिए योगी सरकार ने लड़ी निचली अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई

**अमृत विचारः** अकबरनगर की अवैध बस्ती के ध्वस्तीकरण के लिए एलडीए ने लंबी लड़ाई लड़ी। ध्वस्तीकरण के विरोध में कब्जेदारों ने बड़े-बड़े वकीलों को खड़ा किया। निचली अदालत से हाईकोर्ट तक तमाम दलीलें दी।

न्यायालय ने भी एक साथ बड़ी संख्या में लोगों के बेघर होने से बचाने के लिए शुरूआत में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगाई। लेकिन विकास प्राधिकरण ने कब्जेदारों को सपा सरकार द्वारा पोषित बताकर 73 ऐसे कब्जेदारों का ब्योरा पेश किया जिनका सालाना टर्न ओवर करोड़ों रूपये था।

एलडीए के इस साक्ष्य को देखकर न्यायालय ने भी बस्ती को अवैध मानकर बुल्डोजर चलाने का आदेश दे दिया। हालांकि इससे पहले अल्प आय वर्ग के कब्जेदारों का पुर्नवास सुनिश्चित करने की शर्त भी रखी।

### भू-माफिया ने खड़ी की थीं बहुमंजिला इमारतें और शोरूम

अकबर नगर में 2012 से 2017 तक सपा सरकार में संरक्षण प्राप्त भू-माफिया ने पर्यावरण संरक्षण के मानकों को दरकिनार कर कुकरैल नदी व बंधे पर कूटरचित दस्तावेजों से अवैध कॉलोनी बसाई थी। बहुमंजिला इमारतों के साथ अयोध्या रोड पर बड़े-बड़े शोरूम खड़े किए थे। भूमाफिया के हौसले इतने बुलंद थे कि गरीबों को भी ठगने में कोई कसर नहीं छोड़ी और अवैध बस्ती बसा कर उनकी गाढ़ी कमाई लूट ली। नदी के पुनर्जीवन और पर्यावरण संरक्षण की योगी सरकार ने पहल की थी। इस क्रम में दिसंबर 2023 में लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कुकरैल नदी और बंधे में अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू की थी। उस दौरान भू-माफिया के इशारे पर अतिक्रमणकारियों ने खूब विरोध किया था। फिर भी योगी सरकार ने अपने फैसले पर अडिग होकर कार्रवाई जारी रखी और निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी।

### नदी की जगह पर रिहायशी, व्यावसायिक निर्माण नहीं हो सकते

नदी की जगह पर रिहायशी एवं व्यावसायिक निर्माण नहीं हो सकता है। इसके बाद भी 1068 आवासीय व 101 व्यावसायिक भवन बन गए। जिन्हें जीरो टॉलरेंस नीति के तहत योगी सरकार ने तोड़ने का आदेश दिया था। विरोध पर कोर्ट ने भी अकबर नगर में बसी बस्ती अवैध मानी थी और योगी सरकार की कार्रवाई को सही माना था। इस पर सोमवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के मानकों के आधार पर क्षेत्र को विकसित करने और कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार ने कदम बढ़ा दिया है।

CITY MONTESSORI SCHOOL
CMS CITY MONTESSORI SCHOOL
62 CMS students triumph in JEE Advanced 2024



1 Shreyansh AIR 1103
2 Shreya AIR 1124
3 Tanishq Sonkar AIR 1627
4 Aaditya Saxena AIR 2041
5 Gaurav Verma AIR 2371
6 Mohd. Anas Ali AIR 2497
7 Swapnil Singh AIR 2718
8 Anikesh Agarwal AIR 2932
9 Madhuram AIR 3101
10 Kinjal Singh AIR 3287
11 Shivesh Pandey AIR 3302
12 Adesh Vikram AIR 3540
13 Raman Vatsal AIR 3569
14 Pushkar Awasthi AIR 4018
15 Yasharth Sengar AIR 4115
16 Umang Verma AIR 4220
17 Pranam Goel AIR 4364
18 Amogh Anant AIR 4618
19 Shashank AIR 4811
20 Sukrit AIR 5379
21 Paarth Agrawal AIR 5412
22 Prakriti Singh AIR 5487
23 Vaibhava Verma AIR 5806
24 Krishna AIR 6253
25 Anant Tripathi AIR 6289
26 Akshita Singh AIR 6630
27 Anushree Verma AIR 7019
28 Tanmay Singh AIR 7029
29 Gaurav Gupta AIR 7319
30 Sarthak Kumar AIR 7336
31 Arnav Tripathi AIR 7371
32 Daksh Gogna AIR 7544
33 Aashi Srivastava AIR 8330

HIGHLIGHTS
UNDER All India Rank 2000 — 3
UNDER All India Rank 3000 — 8
UNDER All India Rank 4000 — 16
UNDER All India Rank 5000 — 19
UNDER All India Rank 9000 — 33
TOTAL CMS STUDENTS QUALIFIED — 62

Scan for details

29 CMS students have ranks between 9,000 and 25,798.
CMS imparts free extra classes, guidance and counselling support to students for various competitive exams.

www.cmseducation.org

## एक नजर

### इंडी गठबंधन की धन्यवाद यात्रा आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन को जनसमर्थन मिलने पर मंगलवार से 15 जून तक धन्यवाद यात्रा निकाली जाएगी। ये निर्णय प्रदेश कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक में लिया गया। कांग्रेस जिलाअध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि 12 जून को मोहनलालगंज के रामबाग, 13 जून को मलिहाबाद के ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय, 14 जून को बीकेटी में सैनिक ढाबा बक्शी का तालाब से यात्रा निकलेगी। इसी तरह 15 जून को सरोजनीनगर के पीकैडली चौराहा से यात्रा शुरू होगी।

### बिजली कर्मचारी संघर्ष समिति ने दी मोदी को बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर सोमवार को बिजली कर्मचारी संघर्ष समिति ने बधाई दी है। समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के पावर सेक्टर को मजबूती मिलेगी। जितेंद्र सिंह गुर्जर, जीवी पटेल, जय प्रकाश, गिरीश पांडे, महेंद्र राय, राजेंद्र घिल्डियाल, सोहेल आबिद ,पीके दीक्षित, एसपी यादव, छोटेलाल दीक्षित, आरवाई शुक्ल, चन्द्र भूषण उपाध्याय, पीएस बाजपेई, रफीक अहमद, जीपी सिंह ने भी विचार रखे।

### 8 जुलाई को निविदा संविदा कर्मचारी संघ करेगा प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ ने 8 जुलाई को शक्ति भवन पर धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय कि अध्यक्षता में मानस विहार सरीपुरा आलमनगर में 9 जुलाई से कार्य बहिष्कार का निर्णय भी लिया गया है। कहा गया कि संविदा कर्मियों का उत्पीड़न जारी रहा तो उर्जा मंत्री के आवास कूच भी किया जाएगा।

# सफाई व्यवस्था पूरी तरह निजी कंपनियों को सौंपने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ **तीन जोन में नगर निगम कराएगा टेंडर, पांच का काम रामकी के पास**

**अमृत विचार :** नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्राइवेट कंपनियों को सौंपने की तैयारी है। पांच जोन में कूड़ा प्रबंधन का काम रामकी कंपनी को पहले ही सौंपा जा चुका है। अब तीन जोन में सफाई के लिए नगर निगम टेंडर कराने जा रहा है। रामकी ने सभी जोन में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का काम शुरू कर दिया है।

ईकोग्रीन कंपनी को शहर की सफाई व्यवस्था से हटाने के बाद नगर निगम ने बड़ी कंपनी को लाने के लिए दिसंबर 2023 में आठ जोन के लिए तीन पैकेज बनाकर टेंडर निकाले थे।

इसमें से दो पैकेज के कुल पांच जोन में रामकी कंपनी को काम मिला था। बाकी तीन जोन के लिए टेंडर नहीं खोले गए। कंपनी को जोन एक, तीन, चार, छह और जोन सात में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, डम्पिंग यार्डों से कूड़ा शिवरी प्लांट तक पहुंचाने के साथ नालियों और सड़क की सफाई की जिम्मेदारी मिली थी।

**पार्षदों के विरोध पर नहीं खोले गए थे तीन जोन के टेंडर**

पार्षदों के विरोध पर नगर निगम ने तीन जोन के टेंडर नहीं खोले थे। इनमें जोन दो, पांच और जोन आठ शामिल हैं। इसके बाद पार्षदों की मांग पर नगर निगम सदन में चर्चा के लिए बैठक बुलाई गयी। जिसमें भाजपा पार्षद रामनरेश रावत ने रामकी कंपनी को काम देने पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह पर गंभीर आरोप लगाए, जिससे सदन में जमकर हंगामा हुआ था। इसके बाद नगर निगम ने कंपनी को केवल डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का काम दिया।

आचार संहिता समाप्त होने के बाद नगर निगम अब तीन जोन में सफाई के लिए टेंडर निकालेगा। नगर निगम ने तैयारी पूरी कर ली है। पांच जोन में रामकी कंपनी अभी कूड़ा कलेक्शन का काम देख रही है।

**-पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम**

# बड़ा मंगल पर आज बदले रहेंगे रास्ते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ महीने का कल तीसरा बड़ा मंगल है। राजधानी के अधिकतर हनुमान मंदिरों के अलावा प्रमुख चौराहों और बाजारों में भी श्रद्धालुओं और विभिन्न संस्थानों की तरफ से भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

इसके चलते ट्रैफिक पुलिस ने बड़ा मंगल पर डायवर्जन लागू किया है। यह सोमवार रात 12 बजे से मंगलवार को आयोजन खत्म होने तक लागू रहेगा।

**हनुमान सेतु का डाइवर्जन**

- सुशीला देवी स्मृतिका से शालीमार कटिंग से हनुमान सेतु की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग शालीमार कटिंग से दाहिने होते होकर तय किया गया है। हनुमान सेतु पेट्रोल पंप तिराहे से शालीमार, सुशीला देवी स्मृतिका तिराहे से निकल सकेंगे।
- आईटी चौराहा की तरफ से हनुमान सेतु मंदिर की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग डालीगंज पुल चौराहा, निशातगंज होते हुए तय किया गया है।

**इन रास्तों पर रहेगा बदलाव**

- सीतापुर रोड की तरफ से आने वाली भारी गाड़ियां रोडवेज, सिटी बस पुरनिया रेलवे क्रासिंग एवं डालीगंज रेलवे क्रासिंग से कपूरथला और आईटी चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग मड़ियांव ओवरब्रिज से पुरनिया रेलवे क्रासिंग, डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज के नीचे से पक्का पुल, शाहमीना या इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा से टेढ़ी पुलिया, विकास नगर मोड़, रहीम नगर, वायरलेस चौराहा महानगर, बादशाहनगर, संकल्प वाटिका, सिकन्दरबाग होकर निर्धारित किया गया है।
- कैसरबाग व हजरतगंज की तरफ से आने वाले भारी गाड़ी, रोडवेज, सिटी बस सुभाष चौराहे से आईटी, कपूरथला की ओर नहीं जा सकेंगी। वैकल्पिक मार्ग सुभाष चौराहे से क्लार्क अवध, शहीद स्मारक, डालीगंज पुल, शाहमीना, पक्कापुल से दाहिने डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज, पुरनिया रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज के नीचे से मड़ियांव,चिरैयाझील, संकल्प वाटिका, निशातगंज, महानगर होकर निर्धारित किया गया है।
- कुर्सी रोड की ओर से आने वाला सामान्य ट्रैफिक विष्णुपुरी कॉलेज व हीवेट पॉलिटेक्निक चौराहा से नीरा नर्सिंग होम की तरफ नहीं जा सकेगा। वैकल्पिक मार्ग हीवेट पॉलिटेक्निक चौराहा, वायरलेस चौराहा, गोल मार्केट, बादशाह नगर, निशातगंज, सिकन्दरबाग होकर निर्धारित किया गया है।
- आईटी चौराहा से रोडवेज, सिटी बसें विवेकानंद पॉलीटेक्निक निराला नगर से विवेकानंद ओवरब्रिज से कपूरथला होते हुए अलीगंज की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग अयोध्या रोड, सेंट्रल बैंक तिराहा, वायरलेस चौराहा, हीवेट पॉलिटेक्निक से विष्णुपुरी होकर निर्धारित किया गया है।
- सहारा टावर तिराहे से अलीगंज की तरफ से आने वाले वाहन चालक कपूरथला चौराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग सहारा टावर तिराहे से दाहिने 50 मीटर आगे तिराहे से बाएं सहारा टावर के पीछे से साईं मन्दिर तिराहा से दाहिने निरालानगर ओवरब्रिज होकर निर्धारित किया गया है।
- आईटी,निरालानगर की ओर से आने वाले कमर्शियल वाहन ऑटो, विक्रम, चार पहिया और दो पहिया वाहन निरालानगर तिराहे से कपूरथला चौराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग निराला नगर तिराहे से बाएं चौराहा नम्बर-08 से डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज, अल्कापुरी, पुरनिया होकर निर्धारित किया गया है।

# सप्लाई बाधित होने पर मोबाइल फोन स्विच ऑफ करने वाला जेई निलंबित

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** बिजली सप्लाई बाधित होने पर मोबाइल फोन स्विच ऑफ करने के आरोप में लेसा ने सोमवार को विक्टोरिया उपकेंद्र के जेई प्रमोद कुमार को निलंबित कर दिया। जेई पर बिना बताए अक्सर दो-तीन दिनों तक दफ्तर से गायब रहना और आलाधिकारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग भी करने का आरोप लगा है। निलंबित जेई को विद्युत नगरीय वितरण खंड-चौक से अटैच कर दिया गया है। विभाग की ओर से विक्टोरिया उपकेंद्र पर जेई मुकुल यादव को तैनात कर दिया गया है।

चौक डिवीजन के विक्टोरिया उपकेंद्र पर जेई प्रमोद कुमार तैनात हैं। अधीक्षण अभियंता रमेश चन्द्र पांडेय ने बताया कि वे लगातार विभागीय कार्यों के प्रति घोर शिथिलता बरत रहे थे। बिजली सप्लाई बाधित होने पर वह सीयूजी मोबाइल नंबर बंद कर देते थे। साथ ही इलाके में बिजली फाल्ट होने पर भी वह मौके पर नहीं पहुंचते थे। पूछने पर वह अभद्र भाषा का प्रयोग करते था।

इसके साथ ही बिना पूर्व सूचना के कार्यालय से दो-तीन दिनों तक गायब रहते। एसडीओ और एक्सईएन ने जब इस बारे में जानकारी ली तो उन्होंने सकारात्मक जवाब नहीं दिया। कई बार अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया। इस पर अधिशासी अभियंता ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की सिफारिश की थी।

## विकासनगर में केबल में लगी आग, दो घंटे गुल रही बिजली

विकास नगर में बिजली के केबल में लगी आग।

**अमृत विचार, लखनऊ:** विकासनगर में सब्जी मंडी के पास बीती रात झुग्गी-झोपड़ी में लगी आग वहां रखे ट्रांसफार्मर और केबल तक पंहुच गई। पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर उपकेंद्र अधिकारियों ने इलाके की सप्लाई बंद कर दी। फायर बिग्रेड ने 20 मिनट में आग बुझा दी। जीएसआई पावर हाउस के एसडीओं जुनैद खान ने बताया कि बीती रात करीब 2 बजे विकास नगर के सब्जी मंडी के पास लगे ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना पर जेई और कर्मचारियों से साथ मैं खुद भी पंहुचा। आग झुग्गी झोपड़ी में लगी थी। आग बिजली के केबल तक पहुंच चुकी थी लिहाजा सप्लाई काटकर दो घंटे में केबल की मरम्मत की गई। जेई राकेश श्रीवास्तव के अनुसार ट्रांसफार्मर के पास बनी झुग्गी-झोपड़ी हटाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों से कई बार कहा गया लेकिन निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## समीक्षा बैठक में राजस्व की वसूली पर मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने सोमवार को गोमतीनगर स्थित कार्यालय में अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। बैठक में बिलिंग प्रकिया में सुधार और राजस्व की वसूली के लिए कौन से एहतियाती कदम उठाए जाए,चर्चा हुई। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने दोनों जोनों के अधिकारियों के साथ राजस्व की लक्ष्य प्राप्ति और सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए किए जाने वाले कार्यों का पूरा प्लान तैयार करने की बात कही। इसके अलावा उपभोक्ताओं को कैसे सात दिनों केअंदर नये कनेक्शन उपलब्ध हो, पर्याप्त मीटरों का स्टॉक होना जरूरी बताया। आरडीएसएस योजना में अभी तक किए गये कार्य और बिजनेस प्लान के तहत कैसे काम कराये जायेगे,अधिकारियों ने समीक्षा के दौरान अपने सुझाव रखे है। इस दौरान उन्होने उपकेंद्र अधिकारियों के क्षेत्र में किये गए कामों की भी समीक्षा करते हुए कई निर्देश जारी किए है।

# फ्लैट के लिए ली गई 21 लाख की अतिरिक्त धनराशि लौटाने के आदेश

## उपभोक्ता आयोग ने एक्सपीरियन डेवलपर्स को दिए आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **मानसिक उत्पीड़न के लिए 10 लाख और वाद खर्च 50 हजार का भुगतान करने को भी कहा**

**अमृत विचार:** एक्सपीरियन डेवलेपर्स प्राइवेट लिमिटेड ने फ्लैट की तय कीमत से ज्यादा धनराशि लेने के बाद भी फ्लैट नहीं दिया। राज्य उपभोक्ता फोरम ने मामले की सुनवाई करते हुए 21 लाख 29 हजार 741 रुपये की अतिरिक्त धनराशि दस प्रतिशत ब्याज दर के साथ वापस करने के आदेश दिए। साथ ही वाद में खर्च हुए 50 हजार रुपये भी वादी को देने को कहा।

इंदिरा नगर निवासी प्रीति यादव ने सातवें फ्लोर एक्सपीरियन कैपिटल टॉवर में दिसंबर 2017 में 1 करोड़ 13 लाख रुपये में फ्लैट बुक कराया था। नवंबर 2022 में फ्लैट का कब्जा देने का वादा किया गया था। फ्लैट नंबर 703 के लिए 1 करोड़ 34 लाख 98 हजार 422 रुपये जमा कराए। बाद में बिल्डर की ओर से फ्लैट के लिए 29 लाख रुपये की मांग की गई। 29 लाख की राशि न देने पर फ्लैट का आवंटन निरस्त करने का नोटिस भेजा गया। प्रीति ने राज्य उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया।

आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार और सदस्य विकास सक्सेना ने मामले की सुनवाई की।

आयोग ने फैसला सुनाया कि प्रीति को 30 दिन के भी सभी सुविधाओं के साथ फ्लैट का कब्जा दिया जाए। साथ ही 1 करोड़ 34 लाख 98 हजार 422 रुपये की जमा राशि पर दस प्रतिशत ब्याज कब्जा देने की तिथि तक दिया जाए। साथ ही अतिरिक्त धनराशि 21 लाख 29 हजार 741 रुपये भी दस प्रतिशत की ब्याज दर के साथ वादी को वापस लौटाई जाए। मानसिक उत्पीड़न, आर्थिक नुकसान के लिए दस लाख रुपये दिए जाएं। आयोग ने फ्लैट निरस्त करने संबंधी पत्र को भी खारिज कर दिया।

## बिना टिकट बसों में यात्रा करते मिले 5471 यात्री

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य सड़क परिवहन निगम के तहत चलने वाली रोडवेज बसों की जांच के दौरान मई माह में बिना टिकट यात्रा करने के 4,632 मामले सामने आए हैं। इसमें 5,471 यात्री पकड़े गए हैं। इसके साथ ही 1,40,800 किलो के सामान भी बिना बुकिंग हुए रोडवेज बसों में पकड़ा गया है।

प्रधान प्रबंधक (प्रवर्तन) अशोक कुमार ने बताया कि यूपीएसआरटीसी की तरफ से एक महीने में 35.27 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इस दौरान 13520 चालकों परिचालकों का मार्ग पर चेकिंग के समय अल्कोहल टेस्ट भी किया गया लेकिन किसी के नशे में होने की पुष्टि नहीं हुई।

# गलत तरीके से किया 95 लाख का भुगतान, फंसे 49 सचिव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **अप्रैल में गेटवे पोर्टल से इतर किया भुगतान, नोटिस जारी जांच के बाद होगी कार्रवाई**

**अमृत विचार :** अप्रैल में ग्राम पंचायतों के कार्यों का 95 लाख रुपये का भुगतान गेटवे पोर्टल के बजाए सचिवों ने बाहर से कर दिया। नियम विरुद्ध भुगतान पकड़े जाने पर निदेशक के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने 49 सचिवों को नोटिस जारी किया है।

जिले में नई व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का भुगतान पंचायत भवन के कम्प्यूटर पर इंस्टाल किए गए गेटवे पोर्टल से करना है। इसके बाद भी सचिव पुरानी व्यवस्था के तहत बाहर से नियम विरुद्ध भुगतान कर रहे हैं। पंचायती राज निदेशालय में अप्रैल में किए गए भुगतान की जांच कराई तो जिले में 95 लाख रुपये का भुगतान बाहर से करना पाया गया।

इस पर निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने नाराजगी जताई और जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस क्रम में सोमवार को जिला पंचायत राज अधिकारी ने गेटवे पोर्टल से इतर भुगतान करने वाले 49 सचिवों को नोटिस जारी किया है। बताया कि कार्य और भुगतान की जांच करने के बाद कार्रवाई करेंगे।

# चालकों व परिचालकों की ड्यूटी सॉफ्टवेयर से लगेगी

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सड़क परिवहन निगम के तहत चलने वाली बारह हजार से अधिक रोडवेज बसों में चालकों, परिचालकों की ड्यूटी अब सॉफ्टवेयर के जरिए लगनी शुरू हो गई है। एक माह तक चले प्रयोग में 60 फीसदी सॉफ्टवेयर के ड्यूटी लगाने में सफलता मिली है।

40 फीसदी डिपो स्तर से बरती गई लापरवाही पर एमडी मासूम अली सरवर ने चिंता जताते हुए सॉफ्टवेयर के जरिए 100 फीसदी ड्यूटी लगाने के सख्त आदेश दिए हैं। इस संबंध में एमआईएस प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को चिट्ठी भेजकर शत प्रतिशत ड्यूटी सॉफ्टवेयर से लगाने के निर्देश दिए हैं। रोडवेज बस चालक-परिचालक अब बस संचालन में अगर लापरवाही या विलंब करते है तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी ।

**अब निर्धारित समय पर रवाना होंगी बसें**

बस ड्यूटी लगाने में डिपो इंचार्ज का खेल खत्म हो गया। साफ्टवेयर में दर्ज चालकों-परिचालकों की संख्या और बसों की संख्या के आधार पर रोस्टर के आधार पर ड्यूटी ऑटोमेटिक लग जाएगी, जिसका मैसेज एक पहले ही ड्राइवर कंडक्टर के मोबाइल नंबर पर पहुंच जाएगा। इससे डिपो से निकलने वाली बसें लेटलतीफी का शिकार नहीं होंगी। ड्यूटी के फेर में अक्सर बसें डिपो से देर से निकलकर बस स्टेशनों को पहुंचती थी। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब बसें निर्धारित समय से प्रस्थान करके तय समय पर गंतव्य पहुंचेगी।

हजरतगंज में दोपहर में धूप से बचने के लिए मुंह पर दुपट्टा बांधकर जातीं युवतियां।

# दिन भर लू ने सताया, शाम को छाए बादल तो मिली राहत

▸▸ **अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया**

▸▸ **पांच दिन बाद तापमान में आ सकती है गिरावट**

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजधानी का पारा सोमवार को 44 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। पूरे दिन तीखी धूप के बीच लू के थपेड़े से लोग बेहाल रहे। शाम करीब 4 बजे के बाद आसमान में बादलों की आवाजाही से थोड़ी राहत मिली। प्रदेश में सबसे गर्म रहे प्रयागराज का तापमान 46.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। वाराणसी का 45.3, कानपुर 45.2, और बुलंदशहर का 45 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

लखनऊ में सुबह 11 बजे तक तापमान 42 डिग्री सेल्सियस था। दोपहर 12 बजे के बाद इसमें तेजी से वृद्धि होते हुए 43.8 तक पहुंच गया। इसी के साथ तेज गर्म हवा चलने लगी। इससे सड़क पर चलने वाले पसीने से तर होने लगे। तीखी धूप के साथ लू चलने की वजह से दोपहर में सड़कों पर आवाजाही कम दिखी। हालांकि शाम चार बजे के बाद आसमान में बादल छाने लगे। इसके साथ गर्मी थोड़ी कम हुई। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि अभी पांच दिन तक मौसम में बदलाव के संकेत नहीं हैं। तापमान में इसी तरह बढ़ोत्तरी होगी। लू (ताप लहर) का असर लखनऊ और आसपास में इलाकों में रहेगा। पांच दिन बाद तापमान में गिरावट आ सकती है। दिन में हवा 25-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। बादल छाएंगे लेकिन बारिश की संभावना नहीं है।

## चारित्रिक सौन्दर्य अधिक आकर्षक : मुक्तिनाथानन्द

**अमृत विचार, लखनऊ :** निराला नगर स्थित रामकृष्ण मठ में मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने प्रवचन में कहा कि शारीरिक सौन्दर्य से चारित्रिक सौन्दर्य अधिक आकर्षक होता है। उन्होंने कहा कि एक सरल निष्पाप शिशु चाहे उसका कोई भी शारीरिक रूप क्यों न हो वो अपनी पवित्रता की वजह से सबके आकर्षण का केंद्र बन जाता है। वैसे ही संत महात्मा अपने चारित्रिक सौंदर्य से सबके लिए आकर्षणीय बन जाते हैं।

उन्होंने कहा कि रामकृष्ण के जीवन में घटना परिलक्षित हुई थी, जिसके बारे में उनके अंतरंग गृहस्थ भक्त मास्टर ने राम कृष्ण वचनामृत में लिखा है कि आज जन्माष्टमी है, मंगलवार का दिन है और तारीख है पहली सितंबर 1885, रामकृष्ण स्नान करने जा रहे हैं। मास्टर ने पुनः लिखा कि स्नान करके एक अंगौछा पहनकर रामकृष्ण ने बरामदे से ही देवताओं को प्रणाम किया। शरीर अस्वस्थ रहने के कारण काली मंदिर या विष्णु मंदिर में नहीं जा सके।

**आयोजन** प्रधानमंत्री आवास योजना पर कार्यशाला में सूडा के निदेशक ने दी जानकारी

# हाउसिंग कंपनियों की मदद से निर्माण पूरा कर सकेंगे लाभार्थी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आर्थिक सहयोग मिलने के बाद भी सूडा आवास योजना के तहत कई लाभार्थी अपने आवास का निर्माण पूरा नहीं करा पा रहे हैं। उन्हें योजना के तहत तीसरी किस्त मिलने में भी परेशानी हो रही है। ऐसे में विशेष प्रावधानों पर ऋण उपलब्ध कराने का कार्य हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां करेंगी।

इससे लाभार्थियों के गृह निर्माण पूरा करने में मदद मिलेगी, वहीं योजना की तीसरी किस्त भी आसानी से मिलेगी। यह जानकारी सोमवार को हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों के प्रतिनिधियों की कार्यशाला में सूडा के निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने दी। सूडा भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों की महत्ता विषयक कार्यशाला में अपर निदेशक सूडा आनंद कुमार शुक्ला और कार्यक्रम अधिकारी अतुल सिंह चौहान ने भी संबोधित किया।

सूडा निदेशक डॉ अनिल कुमार।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक बीएलसी व एएचपी के लाभार्थी आवास का निर्माण पूर्ण न होने के कारण अंतिम किस्त का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में इस कार्यशाला के माध्यम से ऐसी व्यवस्था का निर्माण करना है, जिससे लाभार्थियों की दिक्कतों को दूर किया जा सके। एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, आवास फाइनेंस लिमिटेड, गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड, गृहम फाइनेंस लिमिटेड, आईएफएल होम लोन, इंडिया शेल्टर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड, एलआईसी एचएफएल, महेंद्रा होम फाइनेंस, टीएनबी हाउसिंग फिन लिमिटेड, वन्डर होम, उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी आदि के प्रतिनिधि इस कार्यशाला में मौजूद रहे। वित्त नियंत्रक सूडा संजीव गुप्ता, सभी जनपदों के सीलएटीसी इंजीनियर और परियोजना अधिकारी भी मौजूद रहे। इसके साथ ही आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, आवास विकास परिषद विभाग और सभी विकास प्राधिकरणों के प्रतिनिधियों ने भी इस कार्यशाला में प्रतिभाग किया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

सर्वविदित हो कि कुछ दस्तावेजों पर मेरा नाम विजय लक्ष्मी अंकित है परन्तु आधार कार्ड में मेरा नाम विजय लक्ष्मी वैश्य (पत्नी श्री सूरज प्रकाश वैश्य, नि. म. सं. 184 – 185, आशियाना, कानपुर रोड, लखनऊ–226012) दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे विजय लक्ष्मी वैश्य के नाम से जाना – पहचाना जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा वर्ष–2022, रजिस्ट्रेशन नं0—92396 का ए0 एन0 एम0 प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।– **अंजना पुत्री राम सिंह, निवासी– ग्राम–शीतलपुर, पो0– कुसमरा, हमीरपुर मो0न0–9794973363**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद यूसुफ पुत्र स्व0 अलादीन, निवासी ग्राम– मुगलखेडा मजरा जमोलिया थाना रहीमाबाद परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ** मेरे चार पुत्र है मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद इस्तियाक व मोहम्मद अदीम व चार पुत्रियों नगमा बानो, नजमा बानो, उजमा बानो व रिजवाना है। जिसमे से मोहम्मद इरशाद का व्यवहार व चाल चलन एवं आचरण अपने परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैं आत्यधिक शारीरिक व मानसिक रूप से पीड़ित रहता है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर पुत्र मोहम्मद इरशाद के गलत व्यवहार एवं आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है।अब मेरा उससे किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। वह अपने समस्त क्रिया कलापों एवं आचरण के प्रति स्वयं जिम्मेदार होगा

**NOTICE**

I, Govind ji Rastogi, son of late. B.C. Rastogi, R/o Mohalla Jankipuram, Lucknow, am severing all ties with my son Shivam and daughter-in-law Shaili as they have fallen into bad company and also evict them from my all movable and immovable properties. Both of them will be responsible for any of their act in future. Govind ji Rastogi, S/o late. B.C. Rastogi, R/o 645/009-A, Near Lucknow University New Campus, 60 Feet Road, Jankipuram Extension, Lucknow, Uttar Pradesh 220021

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **बाबूलाल पुत्र श्री जगनू, निवासी– ग्राम गौशीहार रूसेना परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ** मैं अपने पुत्र नीरज व बहू पूनम देवी दोनो से काफी परेशान हूँ यह दोनो मेरी कोई बात नहीं मानते और अपनी मनमानी करते है तथा उल्टे सीधे कार्य करते है अपने पुत्र नीरज में बहू पूनम देवी से परेशान होकर इन दोनो को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है और अब आज के बाद से मेरा इन लोगों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा यह लोग कोई भी अच्छा बुरा कार्य करते है तो उसकी सारी जिम्मेदारी इन दोनो की होगी है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र वर्ष 2021 अनुक्रमांक 217188087 वास्तव में खो गया है। – **मोहम्मद यासीन, पुत्र श्री मुनव्वर अली मोहल्ला काजीपुरा उत्तरी पोस्ट आफिस प्रधान डाकघर बहराइच, थाना कोतवाली नगर, वशीरगंज पुलिस चौकी बहराइच जनपद बहराइच, पिन कोड 271801**

**सूचना**

सूचित किया किया जाता है कि मेरा नाम **सच्चिदानंद पाठक पुत्र आदित्य प्रसाद निवासी ग्राम– चिलौली, पो0– बिराहिमपुर बेल्हौरा, जिला– बहराइच, यूपी पिनकोड 271903** है। मेरे आधार में मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक और शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सच्चिदानंद है। सच्चिदानंद व सच्चिदानंद पाठक दोनों एक ही व्यक्ति हैं और भविष्य में मुझे सच्चिदानंद पाठक के नाम से जाना पहचाना जाए।

**कार्यालय–अधीक्षक राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र**
**चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी**

संख्या–338 /अधी0गंज0/भण्डार पत्रा0/ / दिनांक 06–06–2024

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी पर साहीवाल पशुओं हेतु राशन की व्यवस्था किए जाने हेतु निम्न विवरण के अनुसार कच्चे माल को क्रय किए जाने सम्बन्धी ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्ते पशुपालन विभाग की बेबसाइट animalhusb.upsdc.gov.in पर उपलब्ध होगी। सम्बन्धित कच्चे माल को वर्ष 2024–25 (माह 01 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025) तक क्रय हेतु ई–निविदा उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से submit की जाएगी।

| क्र0 सं0 | कच्चे माल का विवरण | बजट आधार अनुमानित कीमत (रू0 75,00,000.00) (पचहत्तर लाख) | अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 | ई–निविदा अवधि | तकनीकी बिड खुलने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मक्का (लाल/पीली) | 640 कुन्तल | रू0 75500.00 (रू0 पचहत्तर हजार पाँच सौ मात्र) | 11250.00 GST 18% 2025.00 13275.00 | 01 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 | दिनांक 22–06–2024 को अपरान्ह 02.00 बजे |
| 2 | डी0 सरसों खली | 460 कुन्तल | | | | |
| 3 | सरसो खली | 270 कुन्तल | | | | |
| 4 | राइस पॉलिश | 640 कुन्तल | | | | |
| 5 | गेहूँ का चोकर (मोटा फ्लोर मिल) | 230 कुन्तल | | | | |
| 6 | डी0आर0पी0 | 1000 कुन्तल | | | | |
| 7 | नमक | 80 कुन्तल | | | | |
| 8 | डी0सोयाबीन खली | 160 कुन्तल | | | | |
| 9 | डी0मूंगफली खली | 400 कुन्तल | | | | |
| 10 | डी0सी0पी0 | 20 कुन्तल | | | | |

ई–निविदा की नियत तिथि एवं समयः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आनलाइन निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि एवं समयः– | 13–06–2024 समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से |
| 2. | आनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारम्भ तिथि एवं समयः– | 13–06–2024 समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से |
| 3. | आनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः– | 21–06–2024 समय अपरान्ह 04.30 बजे तक |
| 4. | तकनीकी निविदा प्रपत्र की हार्ड कापी एवं कच्चे माल के नमूनें जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः– | 22–06–2024 समय अपरान्ह 12.15 बजे तक |
| 5. | आनलाइन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– | 22–06–2024 समय अपरान्ह 02.00 बजे |

UP – 205778 दिनांक 08.06.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(डा0एन0के0चौरसिया)
अधीक्षक

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना

आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
• देवा रोड – 900 मीटर
• कुर्सी रोड – 3कि0मी0
• बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि0मी0
• मटियारी चौराहा – 14 कि0मी0
• मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि0मी0
• बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि0मी0
BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.
Facilities: • Security Tower • Park • Solar Light • Road • A-Block Gate are placed at 30ft. wide road • B-Block Gate are placed at 45ft. wide road
All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)
NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

## एक नजर

### एबेकस प्रतियोगिता में छात्रों ने जीता स्वर्ण पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल अयोध्या रोड कैम्पस के विद्यार्थी आरोही सिंह व शौर्य प्रताप सिंह ने इंटरनेशनल एबेकस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेन फेस्ट के अन्तर्गत आयोजित हुई। जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में कई देशों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस के इन छात्रों ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले और अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अर्जित किया।

### डॉ. एम सिराजुद्दीन बने जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम सिराजुद्दीन जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष बनाए गए हैं। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया है कि प्रो. एम सिराजुद्दीन को तीन वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षता आयु प्राप्ति तक के लिए पद स्वीकृत प्रदान की गई है। ये आदेश कुलपति के निर्देश और नियमावलि के आधार पर हुआ है।

दिवाकर प्रसाद

काम्या कीर्ति

### लविवि के दो छात्रों का राष्ट्रीयकृत बैंकों में चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के दो छात्रों का राष्ट्रीयकृत बैंक में चयन हुआ है। विवि के अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने बताया कि 2022 बैच के बीटेक छात्र दिवाकर प्रसाद ने आईबीपीएस परीक्षा उत्तीर्ण की है। छात्र का बैंक ऑफ महाराष्ट्र में उप प्रबंधक (पीओ) के पद पर चयनित हुआ है। इनका पैकेज 14 लाख प्रतिवर्ष का है। 2022 बैच की बीटेक छात्रा काम्या कीर्ति ने भी आईबीपीएस परीक्षा पास की है। काम्या का चयन इंडियन बैंक में ग्राहक सेवा सहयोगी के पद पर हुआ है। इन्हें 6 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज मिला है।

# चार वर्षीय पाठ्यक्रमों के साथ कर सकेंगे बीएससी

## डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में 15 वर्षों बाद शुरू हुए स्नातक पाठ्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में 15 वर्षों बाद स्नातक पाठ्यक्रम (यूजी) शुरू होने जा रहे हैं।

विभागाध्यक्ष का कहना है कि चार वर्षीय पाठ्यक्रमों में रिसर्च और डिग्री दोनों की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। दिव्यांग छात्रों के लिए लैब भी तैयार हो गयी है। बता दें कि अभी तक पुनर्वास विवि में परास्नातक पाठ्यक्रम (पीजी) की ही पढ़ाई करायी जाती थी।

गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सीके दीक्षित ने बताया कि बीएससी के सभी पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत पढ़ाए जाएंगे। छात्रों के लिए चार वर्षीय पाठ्यक्रमों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। पहले ग्रुप में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित विषय शामिल किए गए हैं। दूसरे में भौतिक विज्ञान, गणित और कम्प्यूटर साइंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं तीसरे में भौतिक विज्ञान, गणित और सांख्यिकी संयोग को शामिल किया गया है।

### ▸▸ तीन वर्ष तक पढ़ाई करने पर भी मिलेगी डिग्री

प्रो. सीके दीक्षित ने बताया कि वैसे तो स्नातक पाठ्यक्रम चार वर्षीय है। लेकिन किसी कारणवश विद्यार्थी तीन वर्ष तक पढ़ाई करना चाहता है, तो भी उसे डिग्री दी जाएगी। चार वर्ष में छात्रों को रिसर्च की अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### ▸▸ परास्नातक में ठोस के गुणों के अध्ययन की सुविधा

विभागाध्यक्ष ने बताया कि परास्नातक पाठ्यक्रम में सॉलिड स्टेट फिजिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और बायो फिजिक्स की सुविधा छात्रों को उपलब्ध कराई जा रही है। एमएससी पाठ्यक्रम में सॉलिड स्टेट फिजिक्स विशेषज्ञता के अंतर्गत ठोस के गुणों के अध्ययन के लिए नया पाठ्यक्रम सम्मिलित कराया गया है। इसकी मदद से छात्र शोध के लिए विभिन्न संस्थानों में ठोस के गुणों का अध्ययन भी कर सकेंगे।

पुनर्वास विवि में बैठक करते विभागाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

# प्राथमिक विद्यालयों में किताबों का वितरण 20 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### ▸▸ 22 से अभिभावकों के खाते में पहुंचेगा यूनिफार्म का बजट

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक और दो की किताबों का वितरण 20 जून को किया जायेगा। किताबों की छपाई का काम लगभग पूरा हो गया है।

इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी निदेशालय की ओर से जारी कर दिए गये हैं। इस बारे में अधिकारियों ने बताया कि किताबों की छपाई पूरी हो गई है। अब इनकों जनपदों भेजा रहा है। ऐसे में खंड शिक्षा अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि किताबों को विद्यालय तक पहुंचाने की तैयारी करें।

वहीं बच्चों के अभिभावकों के खाते में इसी सप्ताह यूनिफार्म का बजट भी पहुंचना शुरू हो जायेगा। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में बच्चों को सभी सुविधाएं समय से मिलें, इसका विशेष ध्यान रखते हुए तैयारियां की गई हैं।

# नीट परिणाम के विरोध में एबीवीपी का प्रदर्शन

## लविवि के बाहर मार्ग अवरुद्ध करने का छात्रों ने किया प्रयास, हुई नोक-झोंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 4 जून को आए नीट यूजी परीक्षा 2024 परिणाम के बाद से छात्रों का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में एबीवीपी और एनएसयूआई संगठनों ने धरना देते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कई छात्रों की ओर से मार्ग अवरुद्ध करने का प्रयास भी किया गया, जिसे पुलिस ने बलपूर्वक हटाया। विरोध-प्रदर्शन में पुलिस और छात्रों के बीच जमकर नोक-झोंक भी हुई।

लविवि के गेट नंबर एक के बाहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महानगर इकाई ने धरना देते हुए नीट परीक्षा परिणामों पर विरोध जताया। सहमंत्री आदर्श यादव ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2024) के आयोजन और परीक्षा परिणामों को लेकर उठ रहे सवालों के लिए सीबीआई जांच कराई जानी आवश्यक है। विवि इकाई अध्यक्ष जयव्रत राय ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने आयोजन से पहले तैयारियां नहीं की थी, जिसका परिणाम सबके सामने है। महानगर सहमंत्री आकाश सिंह ने कहा कि इसके लिए ब्यूरोक्रेसी जिम्मेदार है।

इसी क्रम में कुछ देर बाद कांग्रेस की एनएसयूआई शाखा के इकाई अध्यक्ष विशाल सिंह के नेतृत्व में एनटीए चेयरमैन प्रदीप कुमार जोशी का पुतला फूंका गया। बाद में कुछ छात्रों ने विवि के बाहर आकर मुख्य मार्ग को अवरुद्ध करने का प्रयास किया। जिसे पुलिस ने बलपूर्वक हटाया। ऐसे में दोनों के मध्य नोक-झोंक भी हुई। छात्र संगठनों ने एसीपी हजरतगंज के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

लविवि के गेट नंबर एक के बाहर प्रदर्शन करते छात्र व मौके पर मौजूद पुलिस।

प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक रोकती पुलिस।

### प्रियंका ने आयुषी का वीडियो साझा कर जताया विरोध

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने नीट यूजी रिजल्ट में अनियमितता को लेकर लखनऊ की आयुषी पटेल का वीडियो साझा करते हुए विरोध जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि नीट जैसी परीक्षाओं में लाखों बच्चे मेहनत से तैयारी करते हैं और अपनी जिंदगी के सबसे कीमती पल इस तैयारी में लगाते हैं। पूरा परिवार इस प्रयास में अपनी श्रद्धा और शक्ति डालता है। लेकिन साल दर साल इन परीक्षाओं में पेपर लीक, रिजल्ट से जुड़ी गड़बड़ियां सामने आई हैं।

सोशल मीडिया पर प्रियंका गांधी द्वारा किया गया पोस्ट।

### निष्पक्ष हो जांच तभी खुलेंगे राज

जिस छात्रा का प्रियंका गांधी ने वीडियो साझा किया है, उनका कहना है कि परीक्षा की निष्पक्ष जांच हो जाए तो बड़े राज खुलेंगे। मोहान रोड बुद्धेश्वर पिंक सिटी निवासी आयुषी पटेल ने बताया है कि ओएमआर शीट को जान-बूझकर फाड़ा गया है। ओएमआर शीट में जो भी सवाल हल करने के बाद गोला बनाए गए थे, सभी दिख रहे थे। चेक करने पर पाया कि नीट में 715 अंक आ रहे है। इससे पहले जब एनटीए की जारी आंसर सीट से चेक किया गया तो उसमें भी इतने ही अंक थे। बताया कि इस परीक्षा में उनका तीसरा प्रयास था।

# छात्राओं ने ली बांग्ला भाषा की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में चार दिवसीय बांग्ला भाषा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने बंगला भाषा की वर्णमाला के विषय में जानकारी हासिल की।

कार्यक्रम के पहले चरण में विशेषज्ञ वासव दत्ता ने छात्राओं की जिज्ञासा को दूर किया। इंटरएक्टिव सेशन की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद अतुल प्रसाद सेन सांस्कृतिक मंच की अध्यक्ष प्रियंका शर्मा ने कार्यशाला के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

प्राचार्य प्रो. रचना श्रीवास्तव ने बताया कि कोई भी इच्छुक महाविद्यालय आकर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकता है। मंगलवार को प्रातः 9:15 बजे से प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय सेशन शुरू होगा। 13 जून को प्रमाण पत्र वितरित किये जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रो. मोनिका श्रीवास्तव, डॉ. ऋचा मुक्ता सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थिति रहीं।

कार्यशाला के दौरान छात्राओं को जानकारी देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

### लविविः तीसरी पाली में पकड़े गए 14 नकलची

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में आयोजित परीक्षा के दौरान 14 नकलची पकड़े गए। सभी परीक्षार्थी तीसरी पाली में परीक्षा के दौरान नकल कर रहे थे।

केन्द्र प्रभारी ने कुल प्रकरण से परीक्षा नियंत्रक को अवगत कराया है। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि सभी विद्यार्थियों के पास मिली अनुचित सामग्री को कब्जे में लेकर कार्रवाई की गई है।

# वेटनरी अफसर भर्ती का परिणाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में वेटनरी अफसर भर्ती परीक्षा का परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। यह परीक्षा 8 जून को आयोजित की गई थी। एक पद के लिए 230 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

लोहिया संस्थान फार्माकोलॉजी विभाग में एनिमल हाउस का संचालन होता है। जानवरों की सेहत की निगरानी, ट्रॉयल के दौरान दवाओं के प्रभाव आदि की निगरानी की जिम्मेदारी वेटनरी अफसर की होती है। अभी विभाग में संविदा के आधार पर एक वेटनरी अफसर की तैनाती है, जो सप्ताह में तीन दिन अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हालांकि, जरूरत पड़ने पर उन्हें अतिरिक्त दिनों में भी बुला लिया जाता है।

अधिकारियों के मुताबिक, स्टोर कीपर, लाइब्रेरियन और जूनियर इंजीनियर समेत कई पदों के लिए हुई भर्ती परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया है। अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।

# पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप : गाजियाबाद के हिमांशु ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** श्रीगंगानगर में आयोजित राष्ट्रीय क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया।

चैंपियनशिप में हिमांशु यादव (गाजियाबाद) ने 93 किग्रा सब-जूनियर श्रेणी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए 263 किग्रा वजन उठाया और स्वर्ण पदक जीतने के साथ राष्ट्रीय चैंपियन बने। अभिषेक त्रिपाठी ने 83 किग्रा सब-जूनियर श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता और बेस्ट लिफ्टर रनर अप का खिताब अपने नाम किया।

पावरलिफ्टिंग करते अभिषेक।

महाराष्ट्र 49 अंकों के साथ पहले व उत्तर प्रदेश 45 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उत्तर प्रदेश के प्रभात सर्वश्रेष्ठ लिफ्टर वर्ग में दूसरे स्थान पर रहे। तहमीम जहरा (सुल्तानपुर) ने 52 किग्रा जूनियर बालिका श्रेणी में रजत पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन ने सभी खिलाड़ियों को पदक जीतने की बधाई दी।

### ▸▸ स्वर्ण पदक जीत बेस्ट लिफ्टर रनर अप बने अभिषेक

**चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ी :** ऋतिक गुप्ता (कानपुर), 59 किग्रा श्रेणी, स्वर्ण पदक, चिन्मय शुक्ला (गाजियाबाद), 66 किग्रा श्रेणी, रजत पदक, प्रभात वर्मा (गाजियाबाद), 93 किग्रा श्रेणी, स्वर्ण पदक।

### इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए काउंसलिंग शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के समन्वयक प्रो. एके कटियार ने बताया कि बीटेक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया मंगलवार 11 बजे से शुरू होगी। अभ्यर्थी 10 जुलाई तक पंजीकरण करा सकते हैं।

जेईई मेंस की मेरिट के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। यूपीटेक की वेबसाइट पर जाकर छात्र अपना पंजीकरण करा सकते हैं। बीटेक, बायोटेक और एग्रीकल्चर में प्रवेश के लिए पंजीकरण सीयूईटी यूजी के परिणाम घोषित होने के बाद होगा। बीटेक के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सूचना जल्द ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दी जाएगी।

# आरजू ने दिलाई एवेंजर्स को जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्लेयर ऑफ द मैच आरजू सिंह की धमाकेदार बल्लेबाजी की। जिसकी बदौलत एके एवेंजर्स ने द्वितीय एके मेमोरियल महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में सीएएल रेड को 75 रनों से हरा दिया।

एनआर स्टेडियम पर सोमवार को खेले गए मुकाबले में एके एवेंजर्स ने 20 ओवर में एक विकेट खोकर 146 रनों को स्कोर बोर्ड पर टांगा। आरजू सिंह ने 67 गेंदों में 9 चौके की सहायता से 80 रनों की पारी खेली। आयुषी ने 33 रन बनाये। जवाब में सीएएल रेड की टीम 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 71 रन ही बना सकी। गजाला परवीन ने नाबाद 40 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

प्लेयर ऑफ द मैच आरजू सिंह को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**अंशु ने किया शानदार प्रदर्शन :** टूर्नामेंट के एक अन्य लीग मैच में प्लेयर ऑफ द मैच अंशु तिवारी के खेल की बदौलत सीएएल ऑरेंज ने सीएएल ग्रीन को 34 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल आरेंज ने 20 ओवर में एक विकेट खोकर 146 रन बनाए। जवाब में सीएएल ग्रीन की टीम 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 112 रन ही बना सकी।

### भाषा विवि में योग कार्यशाला आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. नलिनी मिश्रा ने योग के महत्व को बताते हुए सभी को ऑनलाइन योग शपथ ग्रहण के लिए जागरूक किया।

सभी शिक्षकों को ऑनलाइन योग शपथ दिलाने के लिए वीडियो दिखाकर जागरूक करते हुए छात्रों तथा परिवार जनों को शपथ ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. चंदना डे, प्रो. एहतेशाम अहमद, प्रो. एस हैदर अली, प्रो. एसएसए. अशरफी, प्रो. फखरे आलम, डॉ. श्वेता अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# प्रथुल का तूफानी शतक, स्पोर्ट्स गैलेक्सी की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मैन ऑफ द मैच प्रथुल मेहता के तूफानी शतक की बदौलत स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब ने प्रथम सूरज प्रसाद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में जीत दर्ज की। सूर्या मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्लब ने पैरामाउंट क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हरा दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए पैरामाउंट क्लब ने 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 237 रन बनाये। अनुपम ने 67 और हरि अनंत ने 24 रन बनाए।

जवाब में स्पोर्ट्स गैलेक्सी ने 37.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 240 रन बनाए और जीत दर्ज की। प्रथुल मेहता ने आतिशी शतक जड़ा। उन्होंने 85 गेंदों में 16 चौके जड़े और 104 रन बनाए। ऋषित यादव ने 53 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के की मदद से 60 रन बनाए।

प्रथुल मेहता को ट्रॉफी देते अंपायर।

### एक विषय के रूप में शामिल हो दर्द प्रबंधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुराने दर्द के रोगियों का प्रबंधन आज स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। जरूरी है कि नर्सिंग पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण में दर्द प्रबंधन को एक विषय के रूप में शामिल किया जाए। कमान अस्पताल, मध्य कमान की ओर से दर्द प्रबंधन पर छावनी में आयोजित अंतर - कमान सतत नर्सिंग शिक्षा (सीएनई) में यह बात कमान अस्पताल के कमांडेंट मेजर जनरल जे देबनाथ ने कही।

इस मौके पर मध्य कमान, एमजी मेडिकल मेजर जनरल एए करमाकर ने कहा कि नर्सों को दर्द प्रबंधन पर नवीनतम प्रथाओं के साथ हमेशा अपडेट रहना चाहिए। इस दौरान वैज्ञानिक सत्रों पर आधारित एक ई-स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

# कार्तिकेय के खेल से जीती अर्जुन अकादमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### ▸▸ सेंट्रल क्रिकेट अकादमी को 10 रनों से हराया

**अमृत विचार :** अर्जुन क्रिकेट अकादमी ब्लू ने अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में सेंट्रल क्रिकेट अकादमी को 10 रन से हराते हुए अपना अभियान शुरू किया।

सीएसएस क्रिकेट अकादमी के मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में टीम की जीत में मैन ऑफ द मैच कार्तिकेय कौशल ने 82 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अर्जुन क्रिकेट अकादमी ब्लू ने पहले बल्लेबाजी की और 35 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए। कार्तिकेय कौशल ने 84 गेंदों पर 7 चौके व एक छक्के से 82 रन बनाए। प्रबलजीत यादव ने 29 और मोहम्मद फारिज ने 31 रन बनाए। सेंट्रल क्रिकेट अकादमी से हर्षित पाल, सकलैन व मनीष साहनी ने 2-2 विकेट की सफलता हासिल की। अखिलेश कुमार को एक विकेट की सफलता मिली।

जवाब में सेंट्रल क्रिकेट अकादमी की टीम निर्धारित ओवर में 9 विकेट पर 194 रन ही बना सकी। हर्षित सिंह ने 35, मनीष साहनी ने 27, अखिलेश कुमार व मोहसिन खान ने 25-25 रन बनाए। अर्जुन क्रिकेट अकादमी ब्लू से रुदांश वार्ष्णेय ने 4 विकेट चटकाए।

प्रथम राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में विजयी होने वाली झारखंड की टीम। अमृत विचार

# झारखंड के खिलाड़ियों ने दिखाया दमदार प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रथम राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सोमवार को झारखंड के बालकों और बालिकाओं ने दमदार प्रदर्शन दिखाया। बालक और बालिका वर्ग दोनों में झारखंड की टीम ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

कैंट के दिलकुशा फुटबॉल मैदान पर आज अंडर-17 बालक और बालिका दोनों वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले गए।

बालक वर्ग में टाइबेकर तक खिंचे मुकाबले में झारखंड ने पं. बंगाल को 4-3 से हरा दिया। अंडर-17 बालिका वर्ग का फाइनल झारखंड और मध्य प्रदेश के बीच खेला गया। इस मुकाबले में झारखंड ने 2-0 से खिताबी जीत दर्ज की। झारखंड की ओर से 13वें मिनट में आरती और 27वें मिनट में नामलेन ने गोल किया।

# मैनहोल के उठे ढक्कन से टकराई बाइक, महिला की मौत

## आशियाना में पकरी पुल से बंगला बाजार की ओर जाते समय हुआ हादसा, सिर में चोट बनी जान जाने की वजह

संवाददाता, लखनऊ/आलमबाग

**अमृत विचार :** आशियाना थाना अंतर्गत पकरी पुल से पुत्र के साथ बंगला बाजार की ओर जा रही महिला मैनहोल के उठे ढक्कन से बाइक टकराने से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, आलमबाग कोतवाली क्षेत्र निवासी कंचन शर्मा (50) लोकबंधु अस्पताल में खाना पकाने का काम करती थी। रविवार शाम करीब 7:30 बजे वह पुत्र विश्वास के साथ बाइक से घर जा रही थी। रास्ते में सड़क पर अंधेरा था। इसी बीच बाइक का पहिया सीवर लाइन के मैनहोल के उठे ढक्कन से टकराया गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। पुत्र ने बताया कि सिर के बल सड़क पर गिरने से मां गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन उसे लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया। जहां कुछ घंटे बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला का पति एक प्रतिष्ठित स्कूल में इलेक्ट्रिशियन के पद पर कार्यरत है। छोटा पुत्र अभय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है।

गौरतलब है कि बीती 23 अप्रैल को जानकीपुरम थाना क्षेत्र अंतर्गत कबाड़ व्यापारी सैफुद्दीन के पुत्र शाहरुख (8) की मैनहोल में गिरने से मौत हो गई थी। नगर निगम, जलकल विभाग और स्थानीय पुलिस की टीम ने करीब तीन घंटे के बाद रेस्क्यू कर बच्चे के शव को निकाला था। शाहरुख अपनी बहनों के साथ हनुमान जयंती पर एक पंडाल से प्रसाद लेने गया था।

कंचन शर्मा (फाइल फोटो)

यही ढक्कन बना हादसे की वजह

### ढक्कन से स्कूटी टकराने से प्रापर्टी डीलर की हुई थी मौत

28 अक्टूबर 2023 में किला चौराहा के पास सड़क से ऊंचे बने मेनहोल की ढक्कन से टकरा कर स्कूटी सवार प्रापर्टी डीलर सूरज सिंह की मौत हो गई थी। इसी तरह इसी वर्ष 23 जनवरी 2024 को खजाना मार्केट के पास सीवर लाइन के काम के दौरान जल निगम ने रस्सी बांध दी थी। जिसमें फंसकर रेलवे ठेकेदार की मौत हो गई थी।

# इंडिगो पर फूटा नेहा राठौर का गुस्सा बोलीं-यात्रियों के सम्मान की फिक्र नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी में का बा गाने से चर्चा में आई लोक गायिका नेहा सिंह राठौर का गुस्सा रविवार रात इंडिगो एयरलाइंस पर फूटा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर नेहा ने विमान कंपनी की जमकर खिंचाई की।

एक्स पर किए अपने पोस्ट में नेहा ने लिखा है कि रविवार को उन्हें लखनऊ से उड़ान संख्या 6-ई 546 से दिल्ली जाना था। देर शाम 8:20 बजे की फ्लाइट थी। बोर्डिंग के लिए यात्रियों को एक घंटे इंतजार करना पड़ा। बोर्डिंग के बाद अचानक उड़ान निरस्त होने की घोषणा कर दी गई। इंडिगो ने टिकट रिफंड का विकल्प दिया। टिकट रिफंड के बाद कहा गया कि 20 मिनट में सामान मिल जाएगा, लेकिन दो घंटे बाद दिया गया। इसकी वजह भी इंडिगो के कर्मचारी साफ नहीं बता सके। नेहा ने पोस्ट में यह भी लिखा कि शाम 6 बजे एयरपोर्ट पहुंचने के बाद 11:20 बजे उनको वापस लौटना पड़ा। एयरलाइंस ने उनके और बाकी यात्रियों के पांच घंटे बर्बाद कर दिए। एयरलाइंस को अपने यात्रियों की फिक्र है न ही उनके समय की चिंता। समय रहते अपना रवैया ठीक कर लेना चाहिए।

दूसरी ओर एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि विमान में समस्या आ गई थी, जिस वजह से यात्रियों को उतारा गया। बाद में गड़बड़ी दुरुस्त होने के बाद उड़ान संख्या 6ई 546 रात 10:57 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो गई।

नेहा द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई तस्वीर।

## एक नजर

### घर में घुसकर पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट थाना क्षेत्र से हिंद सिटी निवासी पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। बताया शनिवार रात पड़ोसी बिना वजह गाली गलौज कर रहे थे। पत्नी ने विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर पिता समेत अन्य को जमकर पीट दिया। आरोपियों ने पीड़ित की गाड़ी भी तोड़ दी। पिता को इतना मारा गया कि उनके हाथ की हड्डी टूट गई है। पुलिस ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### घर से सामान किया पार

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना थाना क्षेत्र में एलडीए कालोनी निवासी पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। बताया वह परिवार संग सिक्किम घूमने गया था। इसी बीच घर का ताला तोड़कर उसके घर से लाखों के गहने और नकदी चोरी हो गई है। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी की तस्वीर कैद हो गई है। पीड़ित ने आरोपी की गिरफ्तारी कर सामान बरामदगी की गुहार लगाई है।

### वाहन चोर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर इंस्पेक्टर दीपक पाण्डेय के मुताबिक, पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नवाब पुरवा चौराहे से ताज मो. उर्फ ताजू निवासी ग्राम कोला जैदपुर बाराबंकी को गिरफ्तार किया। आरोपी शहर में घूम-घूम कर बाइकें चोरी कर नंबर प्लेट बदल कर बेच देता था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### जिला बदर आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज पुलिस ने सोमवार को जिला बदर को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी के मुताबिक, पुलिस आयुक्त की कोर्ट ने साजन उर्फ अयान निवासी चौधरी टोल अलीगगंज को तीन माह के लिए जिला बदर किया था। उसके खिलाफ हत्या, लूट, चोरी समेत पांच मामले दर्ज हैं। सोमवार को पुलिस ने उसे चौधरी टोला में घूमते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# एसयूवी की टक्कर से 10 फीट दूर गिरा मेडिकल का छात्र, मौत

## थाने के सामने देर रात हुआ हादसा, 100 के ऊपर थी रफ्तार

लखनऊ/ मोहनलालगंज

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज क्षेत्र में रविवार रात तेज रफ्तार एसयूवी चालक ने झारखंड निवासी मेडिकल के छात्र को टक्कर मार दी। करीब दस फीट दूर जा गिरा छात्र गंभीर घायल हो गया। जबकि बेकाबू एसयूवी डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में मेडिकल का छात्र व एसयूवी चालक घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर छात्र ने दम तोड़ दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये सोमवार को शव लेकर घर चले गये।

इंस्पेक्टर आलोक राव के मुताबिक, रविवार रात करीब 11 बजे थाने के सामने तेज रफ्तार एसयूवी ने रेडियोलॉजिस्ट अंकित शर्मा (22) निवासी लटपौरी, जनपद पलामू, झारखंड को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि एसयूवी करीब 100 किलोमीटर की रफ्तार में थी। इसके चलते अंकित लगभग 10 फीट उछल कर दूर जा गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके साथ ही अनियंत्रित एसयूवी डिवाइडर की रेलिंग से टकराते हुये पोल में जा घुसी। इससे एसयूवी चालक भी घायल हो गया।

आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अंकित और एसयूवी में फंसे चालक को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। दोनों की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा टू रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान अंकित की मौत हो गई। इंस्पेक्टर का कहना है कि सूचना सोमवार को पहुंचे अंकित के परिजन लिखित में पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। इसके बाद बिना पोस्टमार्टम कराये ही शव लेकर घर चले गये। इंस्पेक्टर ने बताया परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त एसयूवी (इनसेट में) मृतक छात्र। अमृत विचार

- डिवाइडर से एसयूवी टकराने से चालक भी हो गया घायल

### मित्र के साथ खाना खाने निकला था अंकित

प्रयागराज निवासी आलोक मिश्रा ने बताया वह मोहनलालगंज कस्बे में किराये पर रहकर निजी इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं। रविवार सुबह दोस्त अंकित अपने घर से लखनऊ आया था। वह एक मेडिकल कॉलेज में लैब टेक्शियन के पद पर भर्ती के लिये इंटरव्यू देने आया था। रात में वह दोनों खाना खाने निकले थे। इसी दौरान अंकित हादसे का शिकार हो गया।

### नशे में धुत था एसयूवी चालक

एसयूवी चालक की पहचान उदय प्रताप सिंह निवासी एलडीए कॉलोनी थाना आशियाना के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजन उदय को उदय प्रताप को निजी अस्पताल लेकर गये। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो उदय शराब के नशे में धुत था। इसी के चलते तेज रफ्तार में एसयूवी दौड़ा रहा था। इसी के चलते हादसा हुआ।

# नशे में भांजे के सामने पत्नी को गला दबाकर मारा

## प्रॉपर्टी डीलर हिरासत में, कई महिलाओं से थे संबंध, विरोध पर पत्नी से करता था मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज के हरिनगर में रविवार रात प्रापर्टी डीलर ने पत्नी से विवाद के बाद भांजे के सामने गला दबाकर कर मरणासन्न कर दिया। परिजन ने आनन-फानन महिला को ट्रामा सेंटर में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्यारोपी पति को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक, हरिनगर निवासी प्रापर्टी डीलर शकील लंबे वक्त से जमीनों की खरीद-फरोख्त का काम करता है। वह शराब का लती है। शराब पीने के बाद आए दिन पत्नी रेशमा (35) से मारपीट करता था। शकील के भांजे चांद बाबू ने बताया कि रविवार रात मामा शकील शराब के नशे में घर आए। इसके बाद मामी से विवाद करने लगे। रात करीब 1 बजे विवाद बढ़ने पर वह मामी को पीटने लगे। शोर सुनकर जब वह पहुंचा तो मामा- मामी के पेट पर बैठकर उनका गला दबा रहे थे। जब तक उसने मामा को अलग किया, तब तक मामी मरणासन्न हो चुकी थीं।

इंस्पेक्टर ने बताया कि जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने आरोपी शकील को हिरासत में ले लिया है। इसके बाद रेशमा को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के मायके वालों ने आरोपी के खिलाफ थाने में प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

- ठाकुरगंज के हरिनगर में रविवार देर रात हुई वारदात, मृतका के परिजन ने दी तहरीर

रेशमा (फाइल फोटो)

### आए दिन होता था दंपति में विवाद

भतीजे इकरार उर्फ कल्लू ने बताया कि दंपति के बीच आए दिन मारपीट होती थी। परिजन का आरोप है कि प्रापर्टी डीलर शकील के बाहरी महिलाओं से संबंध थे। उन महिलाओं की वजह से घर में झगड़ा होता था। परिजन ने आशंका जताई है कि रविवार की रात बाहरी महिलाओं को लेकर दंपति के बीच फिर से विवाद हुआ था। गुस्से में शकील ने पत्नी का गला दबा दिया। इससे मौत हो गई। रेशमा के तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी मुस्कान, बेटा गुफरान और आमिर है।

# किशोरी लापता भाई ने अपहरण का लगाया आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर क्षेत्र निवासी किशोरी का कार सवार द्वारा अपहरण करने का मामला सामने आया है। पीड़ित भाई का कहना है कि युवक को कुछ दिन पहले बहन से बात करने के लिये मना किया था। इस पर उसने बहन का अपहरण कर दुष्कर्म व हत्या की धमकी दी थी। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिये दबिश दे रही है। पुलिस के मुताबिक, किशोरी के भाई ने बताया कुछ दिनों से उसके घर के आसपास गाजीपुर क्षेत्र के मुंशी पुलिया निवासी विनोद कुमार चौरसिया चक्कर लगा रहा था।

# तिहरे हत्याकांड के आरोपी की कुर्क होगी संपत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** तिहरे हत्याकांड के आरोपी की 11 करोड़ की संपत्ति कुर्क की जायेगी। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने मामले में सोमवार को अंतिम आदेश पारित किया है। मलिहाबाद के रहमतनगर में हिस्ट्रीशीटर सिराज उर्फ लल्लन ने बेटे फराज के साथ मिल कर संपत्ति विवाद में तिहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था। मामले में चार्जशीट दाखिल कर पुलिस ने सम्पत्ति कुर्क करने की कार्रवाई शुरू की है। सिराज ने बेटे फराज के साथ करीब 33 करोड़ रुपये की सम्पत्ति बनाई है।

पुलिस आयुक्त ने सोमवार को दुबग्गा निवासी सिराज उर्फ लल्लन और उसके बेटे फराज खां की सम्पत्ति कुर्क करने के संबंध में अंतिम आदेश पारित किया है। बताया जा रहा है कि गैंगस्टर एक्ट के तहत आपराधिक गतिविधियों के जरिए जुटाई गई संपत्ति का ब्यौरा मलिहाबाद पुलिस ने जुटाया। जांच में खुलासा हुआ कि हत्यारोपी पिता-पुत्र के नाम पर मलिहाबाद के मीठे नगर में करीब छह हेक्टेयर भूमि है। इसके अलावा दुबग्गा में 1700 वर्ग फीट का मकान, कार और एक बाइक भी आरोपियों के पास है। इन सम्पत्तियों के बारे में सिराज और उसके बेटे फराज की तरफ से साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

- 33 करोड़ की संपति का मालिक है सिराज उर्फ लल्लन
- पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने अंतिम आदेश किया पारित

### घर में घुसकर की थी फायरिंग तीन की गई थी जान

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के रहमतनगर में 1 फरवरी की दोपहर सिराज खां ने बेटे फराज, अशर्फीलाल और फुरकान के साथ फरीद अहमद के घर पर असलहों से लैस होकर हमला किया था। सम्पत्ति को लेकर विवाद में सिराज ने भतीजी फरहीन, उसके बेटे हंजला और रिश्तेदार मुनीर अहमद की गोली मार कर हत्या की थी। पुलिस आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी कोर्ट दाखिल कर चुकी है।

# छत ढलाई करते मशीन में उतरा करंट, मजदूर की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर क्षेत्र में रविवार रात बिल्डिंग की छत की ढलाई के दौरान आरसीएम मशीन में उतरे करंट की चपेट में आये मजदूर की मौत हो गई। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। परिजन ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

पुलिस के मुताबिक, बस्ती जनपद के भानपुर निवासी मजदूर दुर्गेश (28) बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन का काम करता था। वह लक्ष्मण मेला पार्क के पास किराए के मकान में रहता था। रविवार रात करीब 10 बजे गोमतीनगर क्षेत्र में हुसड़िया चौराहा के पास बिल्डिंग की छत की ढलाई के दौरान आरसीएम मशीन चला रहा था। इसी दौरान मशीन में उतरे करंट की चपेट में आने से दुर्गेश बेहोश होकर गिर गया। आसपास के लोग आनन-फानन उसे अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्गेश की शादी 9 साल पहले हुई थी। परिवार में पत्नी वंदना और दो बच्चियां अर्पिता और जान्हवी हैं। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

- गोमतीनगर क्षेत्र में हुआ हादसा बस्ती निवासी था मजदूर

# एटीएम कार्ड बदल रकम पार करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर रकम पार करने वाले आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

आरोपी की पहचान बाराबंकी के दरियाबाद निवासी विनीत कुमार शुक्ला के रूप में हुई है। एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि आरोपी सिक्योरिटी गार्ड की ड्रेस पहन कर लोगों को बातों में फंसाता था। महानगर, इंदिरा नगर समेत अन्य थानों में उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# कैटल कैचिंग दस्ते को लात-घूंसों और बैट से पीटा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** दुबग्गा रिंग रोड चौकी के पास बछड़ा पकड़ने के दौरान नगर निगम के कैटल कैचिंग दस्ते की टीम को 20 से 25 लोगों की भीड़ ने दौड़ा-दौड़ा कर लात घूंसों और बैट व विकेट से पीटा। जिसमें ड्राइवर राजू, कर्मचारी कृष्णा, रियाज, सौरभ यादव, महताब व अमरदीप को चोटें आयी हैं। लोगों ने मोबाइल और वाहन संख्या यूपी 32 टीएन 7343 को क्षतिग्रस्त कर दिया। लोग वाहन से 9 पशुओं को जबरन उतारकर अपने साथ ले गए।

पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि घटना शाम लगभग 6:30 बजे की है। कैटल कैचिंग दस्ते की टीम भूहर चौकी मेडलाइन अस्पताल के पास सड़क पर घूम रहे बछड़े को पकड़ने का प्रयास कर रही थी। उसी समय मंदिर के पास बैठे 20 से 25 लोग हाथों में बैट और विकेट लेकर कैटल कैचिंग वाहन के पास आ गए। गाली-गलौज करने लगे और लात-घूंसों के साथ बैट और विकेट से पीटने लगे। किसी तरह कर्मचारी वहां से जान बचाकर भागे और अपने कार्यालय में सूचना दी।

कर्मचारियों के साथ मारपीट की सूचना मिलते ही राजस्व निरीक्षक परमेश्वर प्रजापति, मो. शहान, क्षेत्रीय कैटल कैचिंग प्रभारी अभिनव भारती को मौके पर भेजा गया। तब तक मारपीट करने वाले लोग जा चुके थे। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा और नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनन्द वर्मा भी ठाकुरगंज थाना पहुंच गए। कार्यवाहक मेट रियाज और ड्राइवर राजू ने ठाकुरगंज थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पशु कल्याण अधिकारी ने बताया कि एफआईआर दर्ज की जा रही है।

एफआईआर दर्ज कराने के लिए ठाकुरगंज थाने के बाहर मौजूद कैटल कैचिंग दस्ते के कर्मचारी।

- बछड़ा पकड़ने के दौरान 20 से 25 लोगों ने किया हमला
- ड्राइवर सहित सात कर्मचारियों को लगी चोट, वाहन क्षतिग्रस्त
- ठाकुरगंज थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ दी तहरीर

# वरिष्ठ लिपिक 10 माह से फरार

**अमृत विचार,लखनऊ :** राज्य सड़क परिवहन निगम में भ्रष्टाचार के कई प्रकरण चल रहे हैं, जिनका अंत ही नहीं हो रहा है। ऐसा ही एक मामला लखनऊ परिक्षेत्र के अवध बस डिपो से जुड़ा हैं। जहां एक वर्ष पहले चोरी हुए एसी जनरथ बस 10 टिकट की गड्डी में असली दोषी मिल ही नहीं रहा है, जबकि अब तक सात लोगों का निलंबन और बर्खास्तगी हो चुकी है। रोडवेज टिकट चोरी का आरोप लगाने पर वरिष्ठ लिपिक दस माह से फरार है। इस वजह से पूरे प्रकरण की जांच अटकी है। इस मामले में अवध बस डिपो का वरिष्ठ लिपिक मो. इमरान के फरार होने पर कैसरबाग के वजीरगंज थाने में गुमशदगी का मुकदमा दर्ज कराया गया।

# टाइम सिटी ग्रुप के पूर्व निदेशक समेत 31 पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर गुडम्बा थाने में टाइम सिटी कोऑपरेटिव हाउसिंग ग्रुप के पूर्व निदेशक समेत 31 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वर्तमान निदेशक ने धोखाधड़ी कर करीब 3.60 करोड़ रुपये हड़पने, कंपनी कार्यालय में घुसकर अधिकारियों व कर्मियों को बंधक बनाकर पीटने व फर्जीवाड़े के साक्ष्य मिटाने का आरोप लगाया है। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई थी।

इंस्पेक्टर नितीश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, बाराबंकी के ग्राम बबुरी निवासी टाइम सिटी कोआपरेटिव हाउसिंग के निदेशक संतोष कुमार सिंह ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वह टाइम सिटी ग्रुप की कई कंपनियों के निदेशक हैं। बताया कंपनी के सभी अधिकारियों के बराबर शेयर हैं। वर्ष 2010 से 17 तक गाजीपुर क्षेत्र के रवींद्रपल्ली निवासी सीपी शुक्ला पूर्व डायरेक्टर ने सभी कंपनियों से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद भी सीपी शुक्ला ने जालसाजी कर एक नजदीकी के नाम कंपनी की करोड़ों की जमीन रजिस्ट्री करा दी। इसके साथ ही कंपनी के कई प्रोजेक्ट के कागजात में जालसाजी कर अपने परिवार के सदस्यों व अन्य के साथ मिलकर करीब 1.40 करोड़ हड़प लिये। यह रुपये ग्राहकों के थे जो कंपनियों के बैंक खातों में जमा किये जाने थे। इसके साथ ही कंपनी के बैंक खाते से भी लगभग 1.57 करोड़ रुपये निकाल लिये।

- करीब 3.60 करोड़ रुपये हड़पने और कंपनी के स्टाफ को बंधक बनाने का आरोप
- कोर्ट के आदेश पर गुडम्बा थाने में दर्ज किया गया मामला, पुलिस ने शुरू की जांच

### भाई को नियुक्त किया सीईओ

संतोष का यह भी आरोप है कि सीपी शुक्ला ने साजिशन अपने भाई को कंपनी में सीईओ नियुक्त किया। इसके साथ ही कंपनी के करीब 74 लाख रुपये निजी रूप से खर्च कर डाले। वर्ष 2017 में चुनाव लड़ने के नाम पर भी कंपनी के करोड़ों रुपये खर्च किये। वर्ष 2022 में सीपी शुक्ला ने पुनः चुनाव लड़ने के लिए कम्पनी से करोड़ों रुपये की मांग की। वर्तमान चेयरमैन के असमर्थता जताने पर गाली-गलौज कर धमकी दी। इसके साथ ही टाइम सिटी ग्रुप पर कब्जा करने की नीयत से 14 अक्टूबर 2022 में करीब 20-25 लोग असलहों से लैस होकर कंपनी कार्यालय में घुसे और विभिन्न कंपनियों के निदेशकों व कर्मियों को बंधक बनाकर रकम की धोखाधड़ी से संबंधित साक्ष्य मिटा दिये। इसके बाद में आरोपी कंपनी की कई चार पहिया गाड़ियां भी उठा ले गये। संतोष ने बताया स्थानीय पुलिस व महकमे के आला अफसरों के सुनवाई नहीं करने पर कोर्ट में न्याय की गुहार लगाई थी। इंस्पेक्टर ने बताया कोर्ट के आदेश पर सीपी शुक्ला समेत 16 नामजद और 15 अज्ञात समेत 31 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# 300 रुपये छूट न देने पर की थी दुकान पर बमबाजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट में चार युवकों को कपड़े खरीदने के दौरान 300 रुपये की छूट नहीं मिली। इससे युवकों का दुकानदार से विवाद हो गया। भड़के युवकों ने दुकान बंद होने के बाद बम से हमला कर दहशत फैला दी। पड़ोसियों से दुकानदार को जान से मारने की धमकी दी। हालांकि शिकायत मिलने के कुछ देर बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक, पकड़े गए चारों आरोपियों की पहचान चिनहट निवासी सुमित मौर्या, आदित्य तिवारी, मोनू शुक्ला और बीबीडी निवासी गगन सिंह के रूप में हुई। बुद्ध विहार कॉलोनी निवासी मोनिस ने बताया था कि रात करीब 11 बजे वह घर पर थे। तभी पता चला कि मल्हौर रोड स्थित गारमेंट की दुकान पर कुछ लोगों ने देशी बम फेंक दिया है। वह आनन-फानन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर भाग गए थे। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि हमलावर उसे व उसके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देकर भागे हैं।

डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटे में चारों को सीसीटीवी फुटेज की मदद पहचान कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि मोनिस की दुकान पर कपड़े खरीदने के लिए गए थे। कपड़ों की कीमत एक हजार रुपये हुई थी, लेकिन वह लोग सात सौ रुपये दे रहे थे। मोनिस ने कपड़े देने से मना कर दिया। इस पर विवाद हो गया। इसके बाद आरोपी निकल गए और देर रात साथियों के साथ पहुंचे और देशी बम से हमला कर भाग गये थे।

- देर शाम दुकानदार से हुआ था विवाद, पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार
- चिनहट थानाक्षेत्र की घटना, हमले से लोगों में फैली दहशत

### आरोपियों के पास से मिले 25 सुतली बम

इंस्पेक्टर अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपितों के पास से 25 सुतली बम बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति का नाम बताया है, जिससे खरीदते हैं। उसकी तलाश के लिए टीम को लगाया है। बताया कि लोगों को डराते हैं। वहीं चारों के अपराधिक इतिहास के बारे में पता लगाया जा रहा है।

### गिरफ्तारी टीम को नकद पुरस्कार

डीसीपी ने बताया घटना की जानकारी मिलते ही चिनहट पुलिस के साथ-साथ क्राइम टीम भी लगी थी। दोनों टीम ने आरोपियों को सर्विलांस और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से गिरफ्तार कर लिया। जल्द घटना का खुलासा करने वाली टीम को नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

# गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारों में गूंजे शबद-कीर्तन

## नाका हिंडोला में ग्रंथियों ने गुरु की महिमा का किया बखान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : गुरुद्वारा नाका हिंडोला में गुरु अर्जुन देव के 418वें शहीदी दिवस पर आयोजित दो दिवसीय दीवान का सोमवार को लंगर के बाद समापन हो गया। इस मौके पर गुरुद्वारे के भव्य दीवान हाल में फूलों से सजी पालकी में गुरु ग्रंथ साहिब को विराजमान किया गया।

अखण्ड पाठ की समाप्ति के बाद रागी जत्था राजिन्दर सिंह ने "जिसके सिर ऊपर तू स्वामी, सो दुख कैसा पावै" शबद सुनाकर श्रद्धालुओं को मुग्ध कर दिया। दरबार साहिब अमृतसर से आए प्रख्यात पंथ प्रचारक ज्ञानी मान सिंह ने गुरु अर्जुन देव के जीवन पर विचार व्यक्त किए। रागी जत्था प्रिंसपाल सिंह पटियाला वालों ने "तेरा कीआ मीठा लागै हरि नामु पदारथ नानक मांगै" सुनाकर निहाल कर दिया। माता गुजरी सत्संग सभा की सदस्याओं ने "सिमरउ सिमरि सिमरि सुखु पावउ। कलि कलेस तन माहि मिटावउ" शबद कीर्तन गायन किया। सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने "जपउ जिन अरजन देव गुरु फिरि संकट जोनि गरभ न आइउ" गायन किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह ने गुरु के जीवन पर प्रकाश डाला।

अखण्ड पाठ करते रागी जत्था के राजिन्दर सिंह। अमृत विचार

▸▸ **अपोलो अस्पताल की ओर से पूर्वाह्न 11 बजे से 3 बजे तक फ्री चेकअप कैंप लगाया गया**

लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा ने गुरु अर्जुन देव के दिखाए गए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन सरदार सतपाल सिंह मीत ने किया।

अपोलो अस्पताल की ओर से पूर्वाह्न 11 बजे से 3 बजे तक फ्री चेकअप कैंप गुरुद्वारे में लगाया गया, जिसमें वरिष्ठ चिकित्सकों ने ब्लड प्रेशर, रेंडम ब्लड शुगर, आखों की जांच कर मरीजों को सलाह दी। 1 मई से 10 जून तक निरंतर रोजाना सुबह 5 बजे से 7 बजे तक माता गुजरी सत्संग सभा एवं समूह संगत की ओर से सुखमनी साहिब के पाठ किए गए। इसमें भाग लेने वाले पुरुषों व महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सरदार तरनजीत सिंह मक्कड़, हरमिन्दर सिंह टीटू, तजिन्दर सिंह, इन्दरजीत सिंह की देखरेख में लंगर का आयोजन किया गया। लंगर में ब्रेड, छोले, कच्ची लस्सी, काले चने वितरित किए गए।

## गुरुद्वारा मानसरोवर में हुआ सुखमनी साहिब का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव का शहीदी पर्व कानपुर रोड की एलडीए कालोनी स्थित गुरुद्वारा मानसरोवर में श्रद्धा भाव से मनाया गया।

गुरुद्वारा मानसरोवर के अध्यक्ष सरदार सम्पूर्ण सिंह बग्गा ने बताया कि गुरुग्रंथ साहिब में तीस रागों में गुरु अर्जुन देव की वाणी संकलित है। गणना की दृष्टि से गुरुग्रंथ साहिब में सर्वाधिक वाणी गुरु अर्जुन देव की ही हैं। गुरु ग्रन्थ साहिब का सम्पादन गुरु अर्जन देव ने भाई गुरदास की मदद से वर्ष 1604 में किया। उनके सम्पादन में उनकी विद्वत्ता झलकती है। उन्होंने रागों के आधार पर गुरु ग्रन्थ साहिब में संकलित वाणियों का जो वर्गीकरण किया। उसकी मिसाल मध्यकालीन ग्रन्थों में दुर्लभ है।

दीवान की शुरुआत सुखमनी साहिब के पाठ के साथ हुई। हजूरी रागी गुरमुख सिंह ने आशा दि वार के कीर्तन किए। हेड ग्रंथी ज्ञानी बलदेव सिंह ने संगत को गुरु अर्जुन देव के इतिहास के बारे में बताया। गुरु अर्जुन देव सिख धर्म के पहले शहीद गुरु हैं जिन्होंने देश एवं धर्म की रक्षा के लिए शहादत का रास्ता चुना। उनकी शहादत को याद करके सिख धर्म द्वारा जगह- जगह पर कच्ची लस्सी दूध का शरबत बांटा जाता है।

गुरुद्वारा मानसरोवर में आयोजित गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर सजा दरबार।

हजूरी रागी गुरमुख सिंह ने शबद कीर्तन करते हुए दीवान की समाप्ति की। अध्यक्ष सरदार सम्पूर्ण सिंह बग्गा, उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह, जसपाल सिंह ऐवट और सचिव गगनदीप सिंह बग्गा ने गुरु अर्जुन देव की शहादत को नमन किया। गुरुद्वारा मानसरोवर में 2 मई से रोजाना सुखमनि साहिब के पाठ के साथ चल रहा था।

# श्रुत पंचमी का आयोजन आज से

**अमृत विचार,लखनऊ :** उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान की ओर से 11 जून को श्रुत पंचमी प्राकृत भाषा का आयोजन आशियाना और इंदिरानगर के जैन मन्दिरों में किया जाएगा। इसी दिन मैनपुरी जिले में भी श्रुत पंचमी मनाई जायेगी।

उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने बताया कि दिगम्बर जैन मंदिर आशियाना और इंदिरानगर में श्रुत पंचमी का आयोजन किया जायेगा। आशियाना जैन मंदिर में दिगम्बर जैन सेवा समिति और जैन महिला मंडल की ओर से होने वाला आयोजन चन्द्र प्रकाश जैन और अल्पना जैन के संयोजन में सुबह 8.30 बजे आचार्य विवेक सागर के मार्गदर्शन में होगा। 11 जून से 23 जून तक इंदिरानगर जैन मंदिर में जैन संस्कृति संस्कार शिविर का आयोजन रोजाना सुबह 6.30 से 9.30 तक होगा। इस शिविर में 50 प्रतिभागी शामिल होंगे।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | HyB-OnB-156297-24-1 (Hybrid NFR-On-board Hybrid) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.06.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.06.2024 समय 10:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1719/24

**कार्यालय ग्राम पंचायत–चुवाड विकास खंड छपिया – गोंडा**

**निविदा** दिनांक: 10/06/2024

पंद्रहवा केंन्द्रीय वित्त/पंचम राज्यवित्त/मनरेगा/एसबीएम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के तहत विकास खण्ड–छपिया जनपद–गोंडा के ग्राम पंचायत चुवाड में निम्न कार्य होना है।

1–आरसीसी रोड/खड़ंजा निर्माण कार्य, 2–इंटरलॉकिंग सड़क/ खड़ंजा कार्य, 3–खड़ंजा निर्माण कार्य/खडंजा मरम्मत कार्य, 4–भवन निर्माण/भवन मरम्मत कार्य, 5–बाउंड्रीवाल निर्माण,मरम्मत,उच्चीकरण,रंगाई–पुताई,फ़ेसिंग,आरसीसी खंभा/ जाली बैरीकेडिंग कार्य, 6–वृक्षारोपण कार्य, 7–विश्राम शेड, 8–पशु शेड/गेट शेड कार्य, 09– स्थल/परिसर सुंदरीकरण कार्य, 10–सोकपिट निर्माण कार्य, 11– कूप मरम्मत/ जीर्णोद्धार कार्य, 12–इंडिया मार्का द्वितीय हैंडपंप मरम्मत/रिबोर कार्य, 13–भवन कायाकल्प कार्य, 14– शौचालय निर्माण/मरम्मत कार्य, 15–स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट स्थापना कार्य, 16– सार्वजनिक भवनों का विद्युतीकरण कार्य, 17–सार्वजनिक भवनो/स्थानों/दीवारो पर वाल राइटिंग कार्य, 18–स्थल विकास कार्य। 19–नाली निर्माण/मरम्मत कार्य, 20–आर आर सी सेन्टर स्थल विकास कार्य, 21–ह्यूम पाइप नाली निर्माण कार्य, 22–विभिन्न स्थानो पर बेंच स्थापना कार्य हेतु ईट, सीमेंट, बालू, मोरंग, गिट्टी, ईट गिट्टी, पेंट वाटर सप्लाई/ प्लमबरिंग सामग्री, इलेक्ट्रिफिकेशन सामग्री, डेकोरेशन सामग्री, साउंड सामग्री, लाइट,टेंट, दरवाजा, खिड़की, एलुमिनियम सामग्री, लोहा सामग्री, सरिया सोलर लाइट/ स्ट्रीट लाइट, ओपन जिम मशीन, शेल्फी प्वाइंट, फाउंटेन, पीवीसी पैनल, ह्यूम पाइप, टिंबर सामग्री,ट्री गार्ड,पौधे,मेडिकल सामग्री,सेनिटेशन सामग्री,इलेक्ट्रिकल्स,इलेक्ट्रॉनिक, स्टेशनरी,कंप्यूटर,हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, मेज,कुर्सी, इनवर्टर, सोलर पैनल,टीन संबंधी सामग्री,ठेला गाड़ी सफाई की सामग्री,ब्लीचिंग पाउडर इत्यादि सामग्री सहित निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन के तीन दिन के भीतर कार्यालय पर सम्पर्क करें।निविदा संबंधित सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरित निहित है।

प्रधान **छोटेलाल** — सचिव **कौशल किशोर**

# एक छत के नीचे होंगी मधुमेह रोगियों की सभी जांचें व इलाज

## एसजीपीजीआई में बना 40 बेड का एडवांस डायबिटीज सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** एसजीपीजीआई में अब मधुमेह रोगियों की सभी जांचे और इलाज एक ही छत के नीचे होगा। इसके लिए एडवांस डायबिटीज सेंटर बनाया गया है। 40 बेड वाले इस सेंटर में ऑपरेशन भी किए जाएंगे। एडवांस सेंटर में मधुमेह से होने वाली अन्य बीमारियों पर शोध भी किया जाएगा।

एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने बताया कि प्रदेश के पहले एडवांस डायबिटीज सेंटर को जल्द ही रोगियों के लिए खोला जाएगा। इसमें 40 बेड, ओपीडी, सामान्य वार्ड, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर और पैथालॉजी की सुविधा भी रहेगी।

▸▸ **ओटी, आईसीयू, पैथोलॉजी की सुविधा भी होगी, मधुमेह से होने वाली अन्य बीमारियों पर होगा शोध**

संस्थान में अभी डायबिटीज मरीजों का उपचार इंडोक्राइनोलॉजी विभाग में हो रहा है, लेकिन गुर्दा, आंख सहित दूसरी समस्याओं के लिए मरीजों को लग विभाग में जाना पड़ता है। मधुमेह रोगियों के पैरों के जख्म की समस्या सबसे ज्यादा होती है। इसका इलाज भी इसी सेंटर में होगा।

**एडवांस पीडियाट्रिक और हार्ट सेंटर जल्द बनेंगे :** पीजीआई में एडवांस पीडियाट्रिक और बच्चों के हार्ट सेंटर का निर्माण भी होगा। इसमें बच्चों से जुड़ी बीमारियों के 21 सुपर स्पेशियल्टी विभाग शुरू होंगे। शासन ने बजट भी जारी कर दिया था।

सलोनी हार्ट फाउण्डेशन बच्चों के दिल की बीमारियों (कंजाइटल हार्ट डिजीज) के उपचार के लिए पीजीआई में 500 करोड़ से 200 बेड का केंद्र स्थापित करेगा। संस्थान प्रशासन का कहना है कि इन दोनों सेंटर का शिलान्यास जल्द किया जाएगा।

# कमर दर्द से निजात दिलाने के लिए आयुर्वेद में होगा शोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में शोध से तैयार होगा तेल**

**अमृत विचार :** सायटिका (कमर दर्द) से परेशान लोगों को जल्द ही इस बीमारी से छुटकारा मिल सकेगा। इसके लिए टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शोध करने जा रहा है। चिकित्सकों का मानना है कि शोध सफल रहा तो नए तेल को इजात किया जा सकेगा। यह तेल कमर दर्द जैसी बीमारी से छुटकारा दिलाने में कारगर साबित होगा।

महाविद्यालय के मेडिकल अफसर डॉ. धर्मेंद्र ने बताया कि पीठ दर्द एक आम स्वास्थ्य समस्या है, जो ज्यादातर लोग अपने जीवन के विभिन्न चरणों में अनुभव करते हैं। अनुचित मुद्रा, शारीरिक गतिविधि की कमी और अधिक वजन होने से यह समस्या बढ़ सकती है। धीरे-धीरे यह समस्या गंभीर रूप में परिवर्तित हो सकती है। आयुर्वेद में पीठ दर्द की समस्या को दूर करने के लिए कई तरह के उपचार दिए जाते हैं। इन उपचारों में कटि वस्ति आयुर्वेदिक थेरेपी सबसे प्रभावी उपचारों में से एक है। इस थेरेपी में उड़द और मूंग दाल पीस कर उसे गूंथने के बाद पीठ पर एक घेरा बनाकर तेल का मिश्रण भरा जाता है। नए तेल के निर्माण के लिए 10 प्रकार की जड़ी बूटियों का मिश्रण तैयार किया जाएगा। जिसे 60 मरीजों पर परीक्षण किया जाएगा। दो महीने के शोध में नए तेल का निर्माण हो सकेगा। यह शोध सितंबर माह से शुरू होगा। शोध करने वाली टीम में डॉ. गुरुमीत, डॉ. शरद और डॉ. धर्मेंद और अर्चना नीलश्री द्विवेदी शामिल हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत–बभनान विकास खंड छपिया – गोंडा**

**निविदा** दिनांक: 10/06/2024

पंद्रहवा केंद्रीय वित्त/पंचम राज्यवित्त/मनरेगा/यसबीएम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के तहत विकास खण्ड–छपिया जनपद–गोंडा के ग्राम पंचायत बभनान में निम्न कार्य होना है।

1–आरसीसी रोड/खड़ंजा निर्माण कार्य, 2–इंटरलॉकिंग सड़क/खड़ंजा कार्य, 3–खड़ंजा निर्माण कार्य/खडंजा मरम्मत कार्य, 4–भवन निर्माण/भवन मरम्मत कार्य,5–बाउंड्रीवाल निर्माण,मरम्मत, उच्चीकरण, रंगाई – पुताई, फेसिंग, आरसीसी खंभा/जाली बैरीकेडिंग कार्य, 6–पार्क निर्माण कार्य,7–वृक्षारोपण कार्य, 8–पशु शेड/गेट शेड कार्य, 09–स्थल/परिसर सुंदरीकरण कार्य, 10–सोकपिट निर्माण कार्य, 11– कूप मरम्मत/जीर्णोद्धार कार्य, 12–इंडिया मार्का द्वितीय हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर कार्य, 13–भवन कायाकल्प कार्य, 14–शौचालय निर्माण/मरम्मत कार्य, 15–स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट स्थापना कार्य,16–सार्वजनिक भवनों का विद्युतीकरण कार्य, 17–सार्वजनिक भवनो/स्थानों/दीवारो पर वाल राइटिंग कार्य, 18–स्थल विकास कार्य। 19–नाली निर्माण/मरम्मत कार्य, 20– पंचायत भवन कार्यालय स्थापना कार्य, 21–विभिन्न स्थानो पर बेंच स्थापना कार्य हेतु ईट, सीमेंट,बालू,मोरंग,गिट्टी, ईट गिट्टी,पेंट वाटर सप्लाई/ प्लमबरिंग सामग्री, इलेक्ट्रिफिकेशन सामग्री, डेकोरेशन सामग्री,साउंड सामग्री, लाइट,टेंट, दरवाजा, खिड़की, एलुमिनियम सामग्री, लोहा सामग्री, सरिया सोलर लाइट/स्ट्रीट लाइट, ओपन जिम मशीन,शेल्फी प्वाइंट, फाउंटेन,पीवीसी पैनल, ह्यूम पाइप, टिंबर सामग्री,ट्री गार्ड,पौधे,मेडिकल सामग्री, सेनिटेशन सामग्री,इलेक्ट्रिकल्स,इलेक्ट्रॉनिक, स्टेशनरी, कंप्यूटर, हार्डवेयर, साफ्टवेयर, मेज, कुर्सी, इनवर्टर, सोलर पैनल,टीन संबंधी सामग्री, ठेला गाड़ी सफाई की सामग्री, ब्लीचिंग पाउडर इत्यादि सामग्री सहित निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन के तीन दिन के भीतर कार्यालय पर सम्पर्क करें।निविदा संबंधित सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरित निहित है।

प्रधान **दिनेश विश्वकर्मा** — सचिव **रविकांत यादव**

## एक नजर

### असाध्य रोगियों की दवा के लिए मिला 15 करोड़ का बजट

**अमृत विचार,लखनऊ :** केजीएमयू में असाध्य रोगियों को इलाज, दवा व सर्जिकल का सामान मुफ्त दिया जाता है। संबंधित कंपनियों को समय से भुगतान न मिलने के कारण दवाएं मिलने में देरी हो रही थी। इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसे संज्ञान लेकर शासन ने 15 करोड़ रुपये का बजट मिला है। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि दवा की लेटलतीफी की शिकायत पर एचआरएफ (हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड) कमेटी के कई अधिकारी बदल दिए गए हैं। बजट मिलने के बाद नई दवाओं का आर्डर जारी कर दिया गया है। जल्द ही पंजीकृत सभी मरीजों को दवाएं समय से उपलब्ध होना शुरू हो जाएंगी।

### हादसे रोकने को लेकर किया जाएगा जागरूक

**अमृत विचार,लखनऊ :** राज्य सड़क परिवहन निगम के तहत प्रदेश में चलने वाली 12000 हजार से अधिक बसों पर सड़क सुरक्षा संदेश केस्लोगन लगाए जा रहे हैं। सड़क हादसों को रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए सड़क सुरक्षा कोष से परिवहन निगम को 10 करोड़ रुपए मिले हैं।

### ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने सीखे गीता के श्लोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) में रविवार को शुरू हुए 5 से 15 वर्ष के बच्चों के ग्रीष्मकालीन शिविर के दूसरे दिन इस्कान मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास की पत्नी अचिंत्य रूपिणी ने बच्चों को ड्राइंग, कहानी, गीता के श्लोक और हरे कृष्ण महामंत्र का जाप करना सिखाया। शिविर की प्रशिक्षक अचिंत्य रूपिणी ने बताया कि इस ग्रीष्मकालीन शिविर का मकसद गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को कुछ ऐसा सिखाना है कि उनका समग्र विकास हो सके। उन्होंने बताया कि इस शिविर में बच्चों को विभिन्न खेलों के माध्यम से अध्यात्म की शिक्षा दी जा रही है।

# नहीं कम हो रहे डायरिया, डिहाइड्रेशन के मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गर्मी के कारण डायरिया और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या कम नहीं हो रही है। ऐसे मरीजों में बच्चों की भी संख्या अधिक है। अस्पतालों के अधिकतर बेड फुल हो चुके हैं।

बलरामपुर अस्पताल 757 बेड की क्षमता का अस्पताल है। यहां पर 28 बेड का आईसीयू संचालन हो रहा है। आईसीयू में सभी बेड फुल हो गए हैं। आईसीयू बेड के लिए मारामारी मची है। वहीं अस्पताल के करीब 96 फीसदी सामान्य बेड भी भरे हुए हैं। अस्पताल निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया सोमवार को गर्मी से प्रभावित डायरियां के 20, बुखार के 11 मरीज भर्ती किए गए हैं। ओपीडी में 34 बुखार व 11 मरीज डायरिया की शिकायत लेकर आए थे। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश ने बताया बाल रोग विभाग में गर्मी से प्रभावित करीब 17 बच्चों को बाल रोग विभाग में भर्ती किया गया है। 11 मरीज इमरजेंसी में भर्ती हुए हैं।

बताया अभी अस्पताल में करीब 100 बेड खाली हैं। लोकबंधु में महज 40 बेड खाली लोकबंधु अस्पताल 300 बेड की क्षमता का अस्पताल है। यहां पर 260 मरीज भर्ती हैं। ओपीडी में हर दिन करीब गर्मी से प्रभावित 50 से अधिक मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। इमरजेंसी जरिए करीब 15-20 मरीज हर दिन भर्ती हो रहे हैं।

# इंदिरा नगर सीएचसी में बच्चों के दो डॉक्टर, अलीगंज में पद खाली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **इलाज के लिए आने वाले मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा**

**अमृत विचार :** अलीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं बाल महिला चिकित्सालय में करीब छह माह से बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं की जा सकी है। अधीक्षक की मांग पर सीएमओ कार्यालय से वैकल्पिक तौर पर दो डॉक्टर लगाए गए हैं, लेकिन वह अस्पताल नहीं आ रहे। ऐसे में इलाज के लिए आने वाले बच्चों को लौटाया जा रहा है। इसके उलट इंदिरानगर की सीएचसी में दो बाल रोग विशेषज्ञ तैनात हैं।

अलीगंज सीएचसी में इन दिनों डायरिया और डिहाइड्रेशन से पीड़ित करीब 60-70 बच्चे रोजाना ओपीडी में आ रहे हैं। किसी बाल रोग विशेषज्ञ के न होने के चलते बच्चों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। शनिवार को मड़ियांव निवासी प्रमोद तिवारी अपने बेटे का इलाज कराने अस्पताल गए थे। प्रमोद ने बताया कि बेटे को उल्टी-दस्त की शिकायत थी, लेकिन अस्पताल में कोई बाल रोग विशेषज्ञ न होने से उन्हें वापस लौटना पड़ा।

अलीगंज निवासी सुषमा भी बेटे का इलाज कराए बिना ही लौट गईं। बताया जा रहा है कि करीब छह माह से बाल रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त है। जिस पर अस्पताल अधीक्षक ने सीएमओ को पत्र लिखा था। जिसके बाद दो डॉक्टरों की ड्यूटी वैकल्पिक तौर पर लगा दी गई थी। जिसमें से एक जिला सर्विलांस अधिकारी हैं तो दूसरे सीएचसी अधीक्षक हैं। दोनों ही ड्यूटी पर नहीं पहुंच रहे। हालांकि सर्विलांस अधिकारी डॉ. निशांत निर्वाण ने बताया कि उन्हें जरूरी मीटिंग में भेजा गया था। इस कारण वह सीएचसी पर नहीं जा सके। वहीं डॉ. संदीप भी तीन दिन की ड्यूटी में सीएचसी नहीं पहुंचे।

> बाल रोग विशेषज्ञ की कमी के चलते सभी बच्चों को मेरे द्वारा इलाज दिया जाता है उन्हें वापस नहीं लौटाया जा रहा है।
>
> **- डॉ. सोमनाथ सिंह, अस्पताल अधीक्षक**

**कार्यालय ग्राम पंचायत–नरौराभर्रापुर, इटियाथोक, गोण्डा**

पत्रांक: मेमो/विविध/2024–25 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक: 10.06.2024

एदद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा / पंचम राज्य वित आयोग/15 वां वित/स्वच्छ भारत मिशन फेस–2/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण, आँगनबाड़ी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एंव ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यो के स्थलों पर मय भाड़ा निम्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमन्त्रित किये जाते हैं। आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन तिथि से लेकर दिनाँक 19.06.2024 के किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 20.06.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय–समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बन्धित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | क्रमांक | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम श्रेणी ईट | 02 | सीधा खंजड ईट |
| 03 | सफेद मोरंग | 04 | सीमेंट |
| 05 | लाल मोरंग | 06 | टाइल्स |
| 07 | सरिया | 08 | ईट की रोड़ी 40 m.m. |
| 09 | पत्थर गिट्टी 20 m.m. | 10 | स्ट्रीट लाइट |
| 11 | 80 एम0एम0 इन्टरलॉकिंग ईट | 12 | पेंन्ट |
| 13 | साइन बोर्ड | 14 | समोसम |
| 15 | प्राईमर | 16 | सफेद सीमेंट |
| 17 | लोकल बालू | 18 | ह्यूम पाइप |
| 19 | आर0सी0सी0बेंच | 20 | दरवाजा व खिड़की प्रति कु0 |
| 21 | हैण्ड पम्प से सम्बन्धित सामान | 22 | ई–रिक्शा व साइकिल रिक्शा, ठेलिया |
| 23 | अन्य निर्माण सामग्री | 24 | इलेक्ट्रानिक उपकरण |

जाहन्वी तिवारी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्रा0पं0– नरौराभर्रापुर

# दोहरीकरण कार्य से अवध समेत कई ट्रेनें प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के मुजफ्फरपुर-पनियहवा खंड के दोहरीकरण कार्य और रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के चलते कई ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन, नियंत्रण, रि-शिड्यूलिंग एवं मार्ग परिवर्तन किया गया है।

12 जून को चलने वाली आनन्द विहार टर्मिनल-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस (14010) बापूधाम मोतिहारी के स्थान पर नरकटियागंज में यात्रा समाप्त करेगी। 13 जून को चलने वाली बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनल बापूधाम एक्सप्रेस 14009 मोतिहारी के स्थान पर नरकटियागंज से चलाई जाएगी।

### रि-शिड्यूलिंग-

मुजफ्फरपुर से 10 से लेकर 17 जून तक चलने वाली ट्रेन नंबर 12557 सप्तक्रान्ति एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से 60 से लेकर 180 मिनट रि–शिड्यूल कर चलाई जायेगी। देहरादून से 15 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 15002 देहरादून–मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस देहरादून से 180 मिनट, मुजफ्फरपुर से 10 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 15001 मुजफ्फरपुर–देहरादून एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से 60 मिनट, बरौनी से 11, 15, 16 एवं 17 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 19038 अवध एक्सप्रेस बरौनी से 180 मिनट, बरौनी से 10 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 19038 अवध एक्सप्रेस बरौनी से 240 मिनट, भागलपुर से 10 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 09452 भागलपुर–गांधीधाम स्पेशल भागलपुर से 180 मिनट एवं भागलपुर से 17 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 09452 भागलपुर–गांधीधाम स्पेशल भागलपुर से 120 मिनट रि–शिड्यूल कर चलाई जायेगी।

### इन ट्रेनों को नियंत्रित कर चलाया जाएगा

बरौनी से 18, 19 एवं 20 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 19038 अवध एक्सप्रेस कपरापुरा–बेतिया स्टेशनों के मध्य 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। पोरबंदर से 13 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 19269 पोरबंदर–मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस गोरखपुर कैंट–नरकटियागंज स्टेशनों के मध्य 120 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 10 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 19270 मुजफ्फरपुर–पोरबंदर एक्सप्रेस बापूधाम मोतिहारी–बेतिया स्टेशनों के मध्य 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई गई।

### मार्ग परिवर्तन कर चलेंगी ये ट्रेनें

गांधीधाम से 14 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 09451 गांधीधाम–भागलपुर स्पेशल, आनन्द विहार टर्मिनस से 13 और 14 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 12558 बिहार सम्पर्क क्रान्ति और बांद्रा टर्मिनस से 10, 11 और 12 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 19037 अवध एक्सप्रेस नरकटियागंज–सिकटा–रक्सौल–सीतामढ़ी–मुजफ्फरपुर के रास्ते, मुजफ्फरपुर से 14 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 12211 मुजफ्फरपुर–आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस, मुजफ्फरपुर से 14 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 12557 सप्तक्रान्ति एक्सप्रेस, गुवाहाटी से 12 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 15653 अमरनाथ एक्सप्रेस और बरौनी से 12, 13 एवं 14 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 19038 अवध एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर–सीतामढ़ी–रक्सौल–सिकटा–नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी।

### कमीशनिंग कार्य के चलते गरीब रथ रहेगी निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अनूपपुर–न्यू कटनी खंड के मुदरिया स्टेशन पर तीसरी लाइन के कमीशनिंग कार्य के लिए प्री–नान इंटरलॉक एवं इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का अस्थाई निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन किया गया है।

**अस्थाई निरस्तीकरण :** 13 व 17 जून को लखनऊ जं.–रायपुर एक्सप्रेस (12535), 14 व 18 जून को रायपुर–लखनऊ जं. एक्सप्रेस (12536) निरस्त रहेगी।

**मार्ग परिवर्तन :** 12 से 20 जून तक बरौनी–गोंदिया एक्सप्रेस (15231) परिवर्तित मार्ग कटनी–जबलपुर–नैनपुर–गोंदिया के रास्ते चलाई जाएगी। 13 से 21 जून तक गोंदिया–बरौनी एक्सप्रेस (15232) गोंदिया–नैनपुर–जबलपुर–कटनी के रास्ते चलाई जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत–लखनीपुर, इटियाथोक, गोण्डा**

पत्रांक: मेमो/विविध/2024–25 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक: 10.06.2024

एदद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा / पंचम राज्य वित आयोग/15 वां वित/स्वच्छ भारत मिशन फेस–2/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माण, आँगनबाड़ी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एंव ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यो के स्थलों पर मय भाड़ा निम्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमन्त्रित किये जाते हैं। आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन तिथि से लेकर दिनाँक 19.06.2024 के किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 20.06.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय–समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बन्धित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | क्रमांक | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम श्रेणी ईट | 02 | सीधा खंजड ईट |
| 03 | सफेद मोरंग | 04 | सीमेंट |
| 05 | लाल मोरंग | 06 | टाइल्स |
| 07 | सरिया | 08 | ईट की रोड़ी 40 m.m. |
| 09 | पत्थर गिट्टी 20 m.m. | 10 | स्ट्रीट लाइट |
| 11 | 80 एम0एम0 इन्टरलॉकिंग ईट | 12 | पेंन्ट |
| 13 | साइन बोर्ड | 14 | समोसम |
| 15 | प्राईमर | 16 | सफेद सीमेंट |
| 17 | लोकल बालू | 18 | ह्यूम पाइप |
| 19 | आर0सी0सी0बेंच | 20 | दरवाजा व खिड़की प्रति कु0 |
| 21 | हैण्ड पम्प से सम्बन्धित सामान | 22 | ई–रिक्शा व साइकिल रिक्शा, ठेलिया |
| 23 | अन्य निर्माण सामग्री | 24 | इलेक्ट्रानिक उपकरण |

शैलेन्द्र कुमार मार्य, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्रा0पं0– लखनीपुर

## एक नजर

### आबकारी सिपाही ने मॉल में की अभद्रता, निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर विस्तार के अंतास माल में आबकारी सिपाही अरूण कुमार सिंह ने अपने को आबकारी अधिकारी बताया। सिपाही ने मॉल में उपस्थित लोगों से अभद्रता की और लाइसेंसी शस्त्र से लोगों को डराने का प्रयास किया। घटना का विभाग द्वारा संज्ञान लेते हुए आबकारी सिपाही अरुण प्रताप सिंह को किया गया निलंबित कर दिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही सिपाही अरूण कुमार सिंह को तत्काल निलंबित कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### नसीम बने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व वसीम गेंदबाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रहलाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में अजय कुमार सेठी एकादश ने 70 रन से खिताबी जीत दर्ज की। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेले गये इस मुकाबले में सेठी एकादश ने प्रियंका शैली चैलेंजर एकादश को हराया। अजय कुमार सेठी एकादश ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 204 रन बनाए। जवाब में प्रियंका शैली चैलेंजर एकादश की टीम 18.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 134 रन ही बना सकी। टूर्नामेंट में नसीम अंसारी को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और वसीम अहमद को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया। बेस्ट फील्डर का एवार्ड सत्यम पटेल को और इमर्जिंग बॉलर का एवार्ड तनय सिंह को मिला।

### हर्षवर्धन के शतक से चंदन हॉस्पिटल की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** किरण फाउंडेशन और एसएएस हुंडई की देखरेख में आयोजित अर्जुन क्रिकेट लीग अंडर-12 प्रतियोगिता में पहला मैच सोमवार को चंदन हॉस्पिटल और ऑर्गेनेस्ट लाइफ के बीच खेला गया। इस मुकाबले में चंदन हॉस्पिटल ने आर्गेनेस्ट लाइफ को हरा दिया। चंदन हॉस्पिटल ने निर्धारित 30 ओवर में 1 विकेट होकर 246 रन बनाए। हर्षवर्धन ने नाबाद 123 रन बनाए। सैयद उमर ने 72 रन बनाए। ऑर्गेनेस्ट लाइफ की टीम 30 ओवर में 4 विकेट खोकर 172 रन ही बना सकी। दूसरे मुकाबले में पर्पल सीज ने जीत दर्ज की। पर्पल सीज की टीम 25.5 ओवर में 139 रन बनाकर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोल्डन ईगल की टीम 20.5 ओवर में 117 रन बनाकर आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच नोमान खान व मुख्य अतिथि कौशलेंद्र द्विवेदी रहे।

### बिजली कटौती ने किया लोगों को परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती के कई क्षेत्रों में सोमवार को दिनभर बिजली की आंखमिचौली बनी रही। आलमबाग, चौक, राजाजीपुरम, अलीगंज, महानगर में लोग दिनभर परेशान रहे। चौक के घंटाघर, नादान महल रोड सहित कई इलाकों में दो से तीन घंटे तक सप्लाई बाधित रही। राजाजीपुरम में ट्रांसफार्मरों के बदलने के बाद भी सप्लाई बाधित हो रही है। अलीगंज के भिडिया टोला, बड़ा चांदगंज, चांदगंज गार्डेन, चौधरी टोला, मेहंदी टोला, बनारसी टोला में दिनभर बिजली की आवाजाही रही। महानगर के सेक्टर बी, पुराना महानगर, सेक्टर सी सहित सेक्टर डी में जंपर, पेटीफ्यूज और ट्रांसफार्मर में फॉल्ट से बिजली गुल हो गई।

# आज लॉटरी से तय होंगे शहर में ई-रिक्शा के जोन और रूट

## संचालकों को ई-रिक्शा पर स्टीकर चस्पा करने को मिलेगा एक माह का समय, 11 जुलाई तक आपत्ति और सुझाव दे सकता है कोई भी चालक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी की सड़कों को जाम मुक्त करने के लिए ई-रिक्शों के मंगलवार को जोन और रूट आवंटित किए जाएंगे। आवंटन प्रक्रिया लाटरी सिस्टम से रिजर्व पुलिस लाइन में शाम पांच बजे पूरी की जायेगी। कमिश्नरेट को 16 जोन में बांटा गया है। उसी के तहत आवंटन किया जायेगा।

ई-रिक्शा के संचालन का जोन तय करने के लिए निकाली जाने वाली लाटरी की समय सीमा पहले एक जून और फिर आठ जून तय हुई। लेकिन सत्पायन प्रक्रिया पूरी न होने के कारण दोनों तारीखें टाल दी गई। इसके बाद लाटरी निकालने की तारीख 11 जून कर दी गई थी। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि लाटरी सिस्टम की व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। मंगलवार को शाम पांच बजे महानगर इलाके में स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में लाटरी निकाली जाएगी। लाटरी निकलने के बाद ई-रिक्शों के संचालन जोनवार तय कर दिया जाएगा। मंगलवार शाम ई-रिक्शा चालक या मालिक रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचकर अपने जोन की जानकारी ले सकते हैं।

**डीएम से मिले ई- रिक्शा यूनियन पदाधिकारी :** ई-रिक्शा के लिए प्रतिबंधित किए गए 11 खोलने के लिए यूनियन प्रदर्शन की तैयारी में है।

सोसिएशन अध्यक्ष ऋषि गुप्ता महामंत्री अंकित जैन का कहना है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाईवे पर ई-रिक्शा पर प्रतिबंध को गलत करार दिया है। अपने तर्क पेश करते उन्होंने कोर्ट के आदेश को लेकर सोमवार को सोमवार को डीएम से मिलकर प्रतिबंधित रूट खोलने की मांग की गई। इसके साथ ही सात बिंदुओं का प्रस्ताव डीएम को दिया गया है।

### 24 हजार से ज्यादा ई रिक्शा सत्यापन फार्म जमा

आरटीओ में 44 हजार से ज्यादा ई रिक्शा पंजीकृत हैं। इनमें 24 हजार से ज्यादा ई रिक्शा मालिकों और ड्राइवरों ने सत्यापन फार्म भरे हैं। इनको 16 जोन में बांटकर ई रिक्शा का संचालन कराया जाएगा। ताकि एक ही जगह जुटकर संचालित हो रहे ई रिक्शा से जाम की स्थिति से निपटा जा सके।

### एक महीने की मिलेगा वक्त, 11 जुलाई से होगी कार्रवाई

जोनवार ई रिक्शा की लाटरी निकलने के बाद एक महीने के समय दिया जाएगा। इस दौरान ई रिक्शा मालिक अपना-अपना कलर कोडेड स्टीकर वेबसाइट http://lucknowpolice.up.gov.in से डाउनलोड करके ई-रिक्शा पर चस्पा करेंगे। 11 जुलाई से बगैर कलर कोड वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# सिर्फ कागजों पर बनता प्लान धरातल पर लोग हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित और सुदृढ़ बनाने के लिए रूपरेखा भले ही तैयार की गई हो मगर धरातल पर कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है। चारबाग में आज भी मनमाने तरीके से संचालित हो रहे ऑटो, टेंपो और ई रिक्शा लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। इनके कारण आए दिन जाम लगता है और निजात दिलाने वाला कोई नहीं है।

यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए 18 अप्रैल को हुई बैठक के बाद 7 मई मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की ओर से कार्यवृत्त जारी किया गया। कहा गया कि निगम की ओर से चिह्नित दो स्थानों के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर भी आटो/टेंपो अव्यवस्थित खड़े होते हैं। यातायात और स्थानीय पुलिस यह सुनिश्चित करें कि अवैध ढंग से आटो/टेंपो खड़े न हों। कार्यवृत्त जारी हुए एक माह से अधिक का समय बीत चुका है मगर चारबाग में जाम बरकरार है और ऑटो-टेंपो की मनमानी पर रुक नहीं रही है।

# तय कोर्स के अनुसार कराई जाएगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

## समाज कल्याण विभाग के अधीन होता है अभ्युदय कोचिंग सेंटरों का संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग के अधीन मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग सेंटरों का संचालन अब एक जुलाई से एक साथ होगा। ए पाठ्यक्रम तय कर दिया गया है और अध्यापकों को उसके अनुसार ही पढ़ाना होगा। एक जुलाई से अलीगढ़ और भागीदारी भवन में भी कोचिंग सेंटर शुरू होंगे।

प्रदेश के 75 जिलों में अभ्युदय कोचिंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। कोचिंग सेंटरों में 27 हजार छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। अभी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), उप-सेवा चयन आयोग (एसएसएससी), अन्य भर्ती बोर्ड परीक्षाएं, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी), राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कराई जा रही है। अभी तक कोचिंग सेंटरों का संचालन अलग-अलग माह में होता था। अब कोचिंग सेंटरों का संचालन एक जुलाई से एक साथ शुरू होगा। कोचिंग सेंटरों के लिए पाठ्यक्रम तैयार कर दिया गया है। एक माह की पढ़ाई पूरी होने के बाद तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं की परीक्षा (टेस्ट) लिया जाएगा।

### डेढ़ घंटे लेक्चर देने के मिलेंगे दो हजार रुपये

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत छात्र-छात्राओं को बेहतर तैयारी कराई जा सके इसके लिए विषय विशेषज्ञ रखे गए हैं। डेढ़ घंटे का लेक्चर देने पर इनको डेढ़ से दो हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाता है।

कोचिंग सेंटरों के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। सभी कोचिंग सेंटरों का संचालन अब एक जुलाई से होगा। एक माह की पढ़ाई के बाद अगले माह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं की परीक्षा लेकर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। **-कुमार प्रशांत, निदेशक, समाज कल्याण**

### कोचिंग सेंटर में एक दिन में तीन कक्षाएं होंगी

कोचिंग सेंटरों में एक दिन में तीन कक्षाएं संचालित होंगी। कक्षाओं का विषयवार किया जाएगा। शेड्यूल तैयार कर लिया गया है। एक माह की पढ़ाई के बाद अगर विषय विशेषज्ञों का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा तो उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

# अडाणी एयरपोर्ट ने हासिल किया 700 टन का कार्गो वॉल्यूम

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने 700 टन का कार्गो वॉल्यूम हासिल किया है। ये अब तक का सबसे अधिक कार्गो वॉल्यूम है।

एएएचएल ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 में एयर कार्गो के 10 लाख टन से अधिक संचालन का आंकड़ा पार कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में एएएचएल ने 10,13,115 मीट्रिक टन से अधिक कार्गो का संचालन कर बड़ी वृद्धि दर्ज की है, जिससे 30.1फीसदी की प्रभावशाली बाजार हिस्सेदारी हुई। यह पिछले वर्ष की तुलना में 7 फीसदी अधिक है। आने वाले समय में कार्गो की मात्रा और बढ़ने की संभावना है।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)


# जनतांत्रिक व्यवस्थाओं पर धनिकों का कब्जा होता जा रहा है : दीपक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रख्यात कवि और सुरेश चंद्र शुक्ल (शरद आलोक) की काव्य कृति जन मन के गांधी का ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय लोकार्पण किया गया। समारोह में अमरीका, यूरोप समेत कई देशों के साहित्यकार शामिल हुए। समारोह का समापन समाजवादी चिंतक और बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने किया।

दीपक मिश्र ने इस मौके पर कहा कि जनतांत्रिक व्यवस्थाओं पर धनिकों का कब्जा होता जा रहा है। भारतीय लोकसभा में निर्वाचित सदस्यों में 93 फीसदी से अधिक करोड़पति हैं। सत्ताधारी दल के जीते सांसदों की औसत संपत्ति लगभग 443 करोड़ रुपये है। यही चक्र चलता रहा तो गरीब राजनीति से बेदखल हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि गांधी, लोहिया, लोकनायक जयप्रकाश जैसे नेता सपने में भी नहीं दिखेंगे। कलमकारों का लोकधर्म है कि इन विकृतियों व विसंगतियों से समाज को आगाह करें और परिस्थितियों को भयावह होने से रोकें। विमोचन समारोह की शुरुआत डेरेक विडेल के मेयर रहे लेखक थोर इंस्टीन विंगोर के उद्बोधन से हुई। कुलपति रहीं प्रो. निर्मला एस मौर्य, प्रो. शोभा वाजपेई, अमरीका के रामबाबू गौतम, प्रो. अर्जुन पांडेय, शशि पराशर समेत कई विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किये।



जन मन के गांधी का ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय लोकार्पण करते बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र।

# चोरों ने युवक की पार की बाइक

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना क्षेत्र के बंगला बाजार में स्थित कृष्णा धाम में 28 मई को पूजा करने पहुंचे युवक की चोरों ने बाइक पार कर दी। धनिया महरीपुल निवासी मोहित कुमार दुबे सुबह करीब 11:00 बजे बुलेट बाइक से मंदिर गये थे। कृष्ण धाम के बगल में प्रमोद सिंह के घर के बाइक खड़ी की थी। मंदिर से लौटे तब तक बाइक चोरी हो चुकी थी।

## दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ:** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को हुसैनगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर राजकुमार गुप्ता के मुताबिक, 27 अप्रैल को युवती ने हरिओंम, शुभम वैश्य और जितेन्द्र के खिलाफ शादी का झांसा देकर शोषण करने का मामला दर्ज कराया था।

# पोर्टल बंद, श्रमिकों को नहीं मिल पा रहा लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चार महीने से श्रमिक काट रहे कार्यालय के चक्कर

**अमृत विचार:** पिछले चार महीने से श्रम विभाग का पोर्टल बंद है। इस वजह से श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। श्रमिकों की जिंदगी बहुत हद तक श्रम विभाग की योजनाओं पर निर्भर है। ऐसे में हजारों श्रमिक परेशान हैं और रोजाना श्रम विभाग के चक्कर काट रहे हैं।

श्रम विभाग के कानपुर मुख्यालय पर किसी हैकर ने अपर श्रम आयुक्त की आईडी हैक कर श्रमिकों के नाम पर लाखों रूपसे निकाल लिए थे। घटना के बाद मुख्यालय के अफसरों ने श्रम विभाग का पोर्टल ही बंद कर दिया है। जिससे भवन निर्माण श्रमिकों के लिए संचालित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं का कामकाज ठप हो गया है। श्रम विभाग का पोर्टल बंद होने से लखनऊ मंडल के हजारों श्रमिकों का भुगतान रूक गया है। श्रम विभाग के अधिकारी पोर्टल बंद होने की वजह से श्रमिकों को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहे हैं। श्रम अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय से पोर्टल चालू होने पर श्रमिकों की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन सुचारू तरीके से हो सकेगा। इस संबंध में अपर श्रम आयुक्त मधुर सिंह ने कहा कि अभी पोर्टल खुलने की जानकारी नहीं है। पोर्टल बंद करना व खोलना हमारे अधीन नहीं है।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


# जेईई के छात्र बने प्रेरणा, कर रहे हैं प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जेईई एडवांस परीक्षा में अच्छे अंकों से चयनित होने वाले छात्र प्रेरणा बने हैं। छात्रों की ओर से प्रेरित किये जाने वाले प्रसंग भी साझा किए हैं।

टॉपर उत्कर्ष अग्रवाल ने बताया कि कॉलेज में शिक्षकों की ओर से मिली जानकारियां उपयोगी साबित हुईं। घर आने के बाद वे टॉपिक बनाकर रोजाना पढ़ते और समझते थे। इसको लेकर तैयार किये गए नोट्स ने परीक्षा में मदद ही। प्रश्नों को समझने और सुलझाने में दिक्कत होने पर शिक्षकों से मार्गदर्शन लेना उनके लिए काफी लाभदायक साबित हुआ।

उत्कर्ष अग्रवाल

वहीं सिटी मान्टेसरी स्कूल के महानगर कैम्पस के छात्र श्रेयांस चतुर्वेदी ने बताया कि उन्हें ऑल इण्डिया 1103 रैंक अर्जित की है। ये सफलता उनके नियमित पठन-पाठन से मिली है। उन्हें हर विषय के लिए अलग से समय निर्धारित किया और कठिन प्रश्नों को अतिरिक्त समय दिया। उधर, सीएमएस के जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया कि 14 छात्रों ने पांच हजार से नीचे एवं 24 छात्रों ने 10 हजार से कम ऑल इंडिया रैंक अर्जित की है।




# एक सप्ताह बाद भी नहीं सही कराई जर्जर वायरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम के लालबाग स्थित मुख्यालय में 3 जून को शॉर्ट सर्किट से आग लगने के बाद भी जिम्मेदार नहीं चेते हैं। एक हफ्ते बाद भी बिजली की जर्जर वायरिंग सही नहीं कराई गयी है।

नगर निगम मुख्यालय की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है। यहां लगभग 450 कर्मचारी और अधिकारी काम करते हैं। बारिश में छतों से पानी टपकता है। रिकार्ड रूम और लेखा विभाग में फाल्स सीलिंग भी गिर चुकी है। वायरिंग खुली है और पुरानी हो चुकी है। नगर निगम के कर्मचारी नेता कई बार कार्यालय शिफ्ट करने की मांग कर चुके हैं। उनका कहना है कि अधिकारियों ने प्रथम तल पर अपने कमरों का रिनोवेशन करा लिया लेकिन भूतल पर कर्मचारियों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था नहीं की गयी है। कर्मचारियों ने जर्जर बिल्डिंग को सही कराने के साथ वायरिंग बदलने या कार्यालय दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की है।


कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम कर्वी, जनपद-चित्रकूट

पत्र संख्या-450/2024-25/ ई-निविदा सूचना दिनांक 10.जून.2024

ई-निविदा सूचना/दर आमंत्रण सूचना

ई-टेण्डरिंग के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम में राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो की ई-निविदा दिनांक 13.06.2024 से 22.06.2024 समय 12:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जायेगी जो उसी दिनांक को खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों में निर्धारित शुल्क व जमानत धनराशि नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के Axis Bank Account No-.919010066046073 के IFSC Code- UTIB0004082 में जमा की जायेगी। निविदा सूचना http://etendar.up.nic.in & http://nagarpalikaparishad chitrakootdhamkarwi.com/ पर देखी जा सकती है। निविदा सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित निर्माण लिपिक से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम

कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम कर्वी, जनपद-चित्रकूट

पत्र संख्या-452/2024-25/ ई-निविदा सूचना दिनांक 10.जून.2024

ई-निविदा सूचना/दर आमंत्रण सूचना

ई-टेण्डरिंग के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम में वंदन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो की ई-निविदा दिनांक 11.06.2024 से 19.06.2024 समय 12:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जायेगी जो उसी दिनांक को खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों में निर्धारित शुल्क व जमानत धनराशि नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के Axis Bank Account No-.919010066046073 के IFSC Code-UTIB0004082 में जमा की जायेगी। निविदा सूचना http://etendar.up.nic.in & http://nagarpalikaparishad chitrakootdhamkarwi.com/ पर देखी जा सकती है। निविदा सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित निर्माण लिपिक से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### 43 लोगों पर शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत सोमवार को शांति भंग की आशंका को देखते हुए 43 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई प्रोग्राम जबकि एक वारंटी हुआ 10 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### 25 ग्राम स्मैक बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को राम से नहीं भाग पुलिस टीम में दाऊ का पुरवा मजरे बहरेला निवासी मैकू रावत पुत्र राम मनोहर को गिरफ्तार कर लिया । अभियुक्त के कब्जे से पुलिस में 25 ग्राम स्मैक बरामद किया। अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने पूरेहार मजरे जसौली निवासी गुलाम दस्तगीर पुत्र अब्दुल कयूम व उस्मान उर्फ मुन्नू पुत्र अब्दुल कयूम को गिरफ्तार कर लिया।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने सोमवार को कस्बा दमादनपुरवा निवासी मो. बिलाल को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### 81 लीटर कच्ची शराब के साथ पांच गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को जनपद के तीन अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 81 लीटर कच्ची शराब के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

# तस्कर गिरोह के सरगना व सदस्य की 7.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## मादक पदार्थों की तस्करी कर परिवार के सदस्यों के नाम बनाई थी करोड़ों की सम्पत्ति

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना व सक्रिय सदस्य की लगभग साढ़े सात करोड़ की चल-अचल संपत्ति को सोमवार को भारी पुलिस बल व प्रशासन की मौजूदगी में कुर्क कर ली गयी।

जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेरा निवासी मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला सरगना मो. तारिक पर जैदपुर थाने में एनडीपीएस गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरोह के एक अन्य सदस्य सरगना का करीबी सक्रिय सदस्य टेरा निवासी मो. शादाब पर जैदपुर थाने में एनडीपीएस व गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। सोमवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दोनों तस्करों की साढ़े सात करोड रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति को जब्त कर लिया गया। गिरोह के सरगना तारिक व उसके करीबी शादाब ने यह संपत्ति बीते आठ दस सालों में अपराध व मादक पदार्थों की तस्करी करके अर्जित की थी। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि संगठित गिरोह व मादक पदार्थों की तस्करी कर संपत्ति अर्जित करने वाले माफिया के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट लगाकर कार्रवाई की जा रही है और आगे ऐसे अपराधियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

कुर्की की कार्रवाई करती पुलिस प्रशासन की टीम। अमृत विचार

### कुर्क की गई संपत्ति

संगठित गिरोह बनाकर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले सरगना वह उसके गिरोह की लगभग साढ़े सात करोड़ से अधिक की संपत्ति प्रशासन ने जब्त कर ली। जब्त की गई संपत्तियों में गिरोह के सरगना तारिक अनवर की मां के नाम ग्राम कोला गडबड़ी में करीब 40 लाख रुपए से अधिक का भूखंड व राइस मिल शामिल है। इसी गांव में गिरोह के सदस्य शादाब की मां के नाम 25 लाख रुपए से बनी 18 दुकानें शामिल हैं। शादाब ने मां के नाम 25 लाख रुपए बैंक में जमा कर रखे थे। शादाब ने अपनी मां के नाम ग्राम टेरा में करीब 40 लाख का भूखंड भी ले रखा है। गिरोह के सरगना ने चाचा इम्तियाज के नाम ग्राम टेरा में 25 लाख का एक भूखंड लिया है। शादाब ने अपने पिता के नाम 40 लाख का भूखंड परगना तहसील में ले रखा है।

## फंदा लगाकर अधेड़ ने दे दी जान

**निंदूरा बाराबंकी, अमृत विचार:** कुर्सी थाना क्षेत्र के बबुरिहा गांव में अवधेश (35) पुत्र चंद्रिका ने फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। सूचना पर पुलिस पहुंची ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि रविवार रात खाना खाने के बाद अवधेश छत पर सोने चला गया। सुबह जब घरवालों की नींद खुली तो उसका शव फंदे से लटकता हुआ मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। घर वालों ने बताया कि उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। उसने यह कदम क्यों उठाया, यह हम लोगों को भी पता नहीं है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि युवक शराब का आदी था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 75 लाख का बिस्किट नौकरानी ने चुराया था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने किया खुलासा नौकरानी गिरफ्तार
- सोने का बिस्किट बरामद किया गया

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में सराफा कारोबारी विपिन सिंह के घर से 75 लाख रुपये कीमत का सोने का बिस्किट (गोल्ड बुलियन) चोरी करने वाली नौकरानी मानसी विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से सोने का बिस्किट बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि कालीबाड़ी लालबंगला निवासी विपिन सिंह ने पुलिस को बताया था कि वह गोल्ड का काम करते हैं। चौक सर्राफा में उनकी दुकान है। उन्होंने सोने का 954 ग्राम का बिस्किट घर पर अलमारी में रखा था। नौकरानी मानसी विश्वकर्मा ने उसे बिस्किट अलमारी में रखते हुए देख लिया था।

इसके बाद 2 जून को शाम को नौकरानी मानसी विश्वकर्मा निवासी चन्द्रनगर ने बिस्किट पार कर दिया था। उन्हें पता नहीं चला था। वह पत्नी को डॉक्टर को दिखाने चले गए थे।

आरोपी से बरामद सोने का बिस्किट।

वहां से लौटकर रात करीब 11 बजे जब अलमारी देखी तो वहां से बिस्किट गायब था। उन्होंने तत्काल 112 पर सूचना दी। इसके बाद नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद फरार नौकरी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई थीं। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि नौकरानी को गिरफ्तार करके सोने का बिस्किट उसके पास से बरामद कर लिया है। नौकरानी ने चोरी की बात कुबूली है। नौकरानी को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## भाजपा बूथ अध्यक्ष व उसके पिता को पीटा

**पुरवा, उन्नाव, अमृत विचार :** पुरवा कोतवाली अंतर्गत गंदा पानी बहाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद पड़ोसी गांव के लोगों ने भाजपा के बूथ अध्यक्ष व उसके पिता की पिटाई कर दी।बनिगांव निवासी रामप्रकाश पांडेय, उनका बेटा सौरभ अलग-अलग क्षेत्र के भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। सौरभ पिता और भाई के साथ अपने खेत गया था। जहां गांव के सुंदरलाल के घर की नाली का पानी उनके खेत में बह रहा था। विरोध पर राम प्रकाश व सुंदरलाल में कहासुनी हो गई। इसी दौरान सुंदरलाल का बेटा मनीष अपने पांच साथियों के साथ आया और मारपीट शुरू की दी।

# उन्नाव जंक्शन अब बनेगा अमृत स्टेशन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** उन्नाव जंक्शन को अमृत स्टेशन बनाने का काम शुरू होने से अब इसके आधुनिकीकरण की उम्मीदें बढ़ गई हैं। विभाग द्वारा इसके लिये ध्वस्तीकरण का काम भी शुरू करवा दिया गया है। हालांकि, इस योजना का लखनऊ में बैठकर ही अधिकारी क्रियान्वयन करा रहे हैं। जिससे काम तेजी नहीं पकड़ पा रहा है। निर्माण से पहले ध्वस्तीकरण तो शुरू हुआ है लेकिन, किस्तों में स्टाफ क्वार्टर गिराए जा रहे हैं। इसके बाद प्लेटफार्म-एक पर संचालित आरपीएफ बैरक व इलेक्ट्रीशियन कक्ष ध्वस्त होंगे। अंत में मुख्य भवन को नया लुक देने के लिहाज से आवश्यकतानुसार तोड़फोड़ की जाएगी।

आरपीएफ बैरक से पूछताछ कार्यालय के पीछे तक उखाड़ी गई इंटरलॉकिंग।

पिछले साल अमृत योजना की आधारशिला रखी गई थी। रेल मंत्रालय की वरीयता में अयोध्या सहित उसी रूट के अन्य स्टेशनों को विकसित बनाना शामिल था, जिससे इधर कोई तवज्जो नहीं दी गई। पिछले माह मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति द्वारा अपनी टीम के साथ यहां निरीक्षण किया था। इसके बाद अब स्टेशन परिसर के पास बने आवासीय भवनों का ध्वस्तीकरण किया जा चुका है। साथ ही आरपीएफ बैरक से लेकर पूछतांछ कार्यालय के पीछे तक बिछाई गई इंटरलाकिंग को भी उखाड़ दिया गया है। कुछ आवासीय भवन सहित स्वच्छता स्टोर व आरक्षण केंद्र (टिकट घर) को ध्वस्त किया जाना बाकी है। माना जा रहा है कि टिकट बिक्री जारी रखते हुए अमृत स्टेशन का नवनिर्माण करने के लिए पहले नया आरक्षण केंद्र बनाकर तैयार करने के बाद भी ध्वस्तीकरण किया जा सकता है। इसी तरह आरपीएफ बैरक व इलेक्ट्रिशियन कक्ष की छतों को भी गिराया जा सकता है। इसके अलावा प्लेटफार्म नंबर एक पर बने प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय सहित कुछ अन्य पुराने बने कक्षों की छतें भी बारिश में टपकती है। इसलिए इन्हें भी ध्वस्तीकरण की जद में लिया जाएगा। स्टाफ सहित अन्य लोग खुलकर बोलने के बजाए दबी जबान स्थानीय स्तर पर कैंप किए बिना निर्माण कार्य की सही मानीटरिंग न होने की बात स्वीकार करते हैं।

## सार-संक्षेप

### उर्स के अंतिम दिन जवाबी कव्वाली का आयोजन

कव्वाली प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** हजरत बूढ़नशाह की दरगाह पर चल रहा तीन दिवसीय सालाना के अंतिम दिन रविवार की रात जवाबी कव्वाली का मुकाबला हुआ। जिसमें (फैजाबाद) अयोध्या की कव्वाला उजमा नाज व कव्वाल तस्नीम आरिफ बदायूंनी के बीच जवाबी कव्वाली हुई। कव्वाली सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन सूरतगंज पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजपाल उर्फ ज्ञानू सिंह ने फीता काटकर किया। मंच संचालन शुऐब अंसारी ने किया। इस मौके पर मेला संरक्षक इमरान, अध्यक्ष गुल्ले, सलीम, शुऐब राजू, असलम,कल्लू,छोटू, जावेद अंसारी, कय्यूम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

**टिकैतनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम सरायनेतामऊ शिव मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ में हुआ। बैंडबाजों की धुन पर निकले भक्तजनों ने पूरे गांव को भक्तिमय कर दिया। गाजे-बाजे के बीच निकली कलश यात्रा के दौरान हर तरफ भक्ति का माहौल दिखाई दिया। श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। कलश यात्रा के समापन पर विधि विधान से कलश की स्थापना हुई। कलश यात्रा शिव मंदिर से शुरु होकर नेतामऊ मंदिर होते हुए प्रगटेश्वर नाथ मंदिर पहुंची।

# हर वर्ग की करनी चाहिए सेवा : सीएमएस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में हर माह की तरह सोमवार को राहत सामग्री वितरण का कार्यक्रम जिंदगी फाउंडेशन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि महिला हॉस्पिटल के सीएमएस डा. प्रदीप कुमार का फाउंडेशन के अध्यक्ष जुहैर अंजुम खान, महामंत्री मनजीत सिंह धामी ने स्वागत किया। सीएमएस ने कहा कि हर वर्ग की सेवा करनी चाहिए। यह काम बड़े ही भाग्यशाली लोगों के हक में आता है। आप लोग निरंतर 11 सालों से लोगों की मदद हर तरीके से करते आ रहे हैं। कार्यक्रम में डा. सुधीर वर्मा, डा. रवि अहूजा, जिया भाई मॉडर्न शूज वाले व विदेश से आये उनके पुत्र, नशरीन सिद्दीकी, शिवम सिंह, शमीम व देवानंद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मौजूद सीएमएस व अन्य। अमृत विचार

## पंपिंग सेट में फंसकर महिला की मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** खेत की सिंचाई के लिए लगे पंपिंग सेट में पानी पीते समय महिला की साड़ी पंखे में फंस गई। जिससे उसकी मौत हो गई। थाना मसौली के ग्राम निजामपुर की गीता देवी बेटे रामबाबू के साथ खेत में कीटनाशक दवा छिड़कवाने गई थी। गीता पंपिंग सेट में पानी पीने गयी। उसकी साड़ी पंपिंग सेट के पंखे से लिपट गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी।

# हादसे में खलासी की मौत

हैदरगढ़ बाराबंकी

**अमृत विचार :** सोमवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के बरावां गांव के निकट पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे में 25 वर्षीय ट्रक क्लीनर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

जानकारी के अनुसार अमीन खान पुत्र कमरू खान (25) निवासी छतरपुर गोविंदगढ़ अलवर राजस्थान जो कि ट्रक पर क्लीनर के रूप में काम करता था सोमवार की सुबह 6 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर स्थानीय कोतवाली के बरावा गांव के निकट खड़े ट्रक से गिट्टी निकल रहा था कि तभी पीछे से आए दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी । चपेट में आकर क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची यूपीडा की एंबुलेंस द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

## आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर केस

**हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

कोतवाली हैदरगढ़ के सीठूमऊ गांव निवासी तौशीर पुत्र इमाम ने रविवार की शाम मुख्यमंत्री के विरुद्ध आपत्ति जनक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल की। इसकी जानकारी होने पर भाजपा आईटी सेल के नेता संजय तिवारी, अरविंद बाजपेई, प्रशान्त मिश्र एवं अम्बुज मिश्र ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। तहरीर में धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की।

# भूमि विवाद में दो स्थानों पर हुई मारपीट, 12 पर केस

कोठी, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विवादित जमीन पर कब्जेदारी व पुरानी रंजिश में अलग-अलग दो गांव में लाठी डंडों से हुई मारपीट में पुलिस ने आठ महिला समेत 12 लोगों पर केस दर्ज किया है।

असंद्रा थाना क्षेत्र के गौड़पुरवा मजरे रतौली गांव निवासी राजबहादुर व शिवबहादुर के मध्य सहन जमीन पर निर्माण व कब्जेदारी को लेकर विवाद है। रविवार शाम विवादित जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दोनों पक्षों से राजबहादुर, सुशीला देवी, वंदना, शुभी, शिवबहादुर, रामादेवी, पुष्पा व वीना एक दूसरे पर लाठी डंडों से हमलावर हो गए। दोनों पक्षों से लोग चोटिल हो गए। इंस्पेक्टर असन्द्रा अरुण कुमार सिंह ने दोनों पक्षों से मारपीट से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल का सीएचसी सिद्धौर में उपचार कराया है। वही कोठी क्षेत्र लंबौआ गांव निवासी रामसजीवन का कहना है की पुरानी रंजिश में गांव के ही जैसीराम, सुनीता, कलावती व विक्रम एकराय होकर लाठी डंडों से उसे पीट दिया। वह घायल हो गया। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने मारपीट से संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर घायल का सीएचसी कोठी में उपचार कराया है। दोनों थानों के पुलिस ने मामले में जांच कर रही है।

## रेलवे में नौकरी दिलाने वाला जालसाज बंदी

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा पुलिस ने सोमवार सुबह रेलवे मे नौकरी दिलवाने के नाम पर अलग अलग दो लोगों से 27 लाख रुपए की ठगी करने वाले चार आरोपित में से एक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसओ अंकित त्रिपाठी ने बताया बीती 10 अप्रैल को विपिन कुमार वर्मा, अंबेडकर नगर ने रेलवे मे नौकरी दिलवाने के नाम पर 15 लाख रुपए व बीती 13 मई को बच्चाराम वर्मा निवासी बघौरा रतन थाना सफदरगंज से भी नौकरी के नाम पर 12 लाख लिए थे। वांछित चल रहे पप्पू सिंह थाना क्षेत्र लोनी कटरा के मदनापुर ग्राम वासी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बाकी फरार चल रहे तीन आरोपित की तलाश मे छापेमारी की जा रही है।

# तस्कर को एक वर्ष से अधिक की कैद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी के दोषी को न्यायालय में सोमवार को एक साल 3 माह व 15 दिन के कठोर कारावास व पांच सौ रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

तत्कालीन उप निरीक्षक हरिशंकर राय की तहरीर के आधार पर सफदरगंज थाना क्षेत्र के रामपुर कटरा निवासी मोहम्मद आसिफ पुत्र हाजी मुस्तफा के पास 102 ग्राम स्मैक बरामद होने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। तत्कालीन विवेचक दिनेश यादव ने सभी साक्ष्यों को संकलित कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। जघन्य अपराधों व अपराधियों को जल्दी से जल्दी सजा दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा बनाए गए मॉनिटरिंग सेल की टीम ने सभी साक्ष्यों व सबूतों को इकट्ठा कर न्यायालय में प्रस्तुत कर मामले की पैरवी में तेजी दिखाई। साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को सजा सुनाई।

### कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया केस

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** घर में घुसकर अनुसूचित जाति की महिलाओं का अपमान करने वाले आरोपियों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। मामला कोतवाली हैदरगढ़ के गंगापुर संसारा गांव का है। पीड़ित परीदीन ने बताया कि लगभग ढाई माह पहले होली त्योहार के अवसर पर गांव के ही मंशाराम यादव, भोला प्रसाद, दीपक व देबीशरन नशे की हालत में दोपहर में घर में घुस आए। उसने आरोप लगाया कि इन सभी ने घर की महिलाओं से अभद्रता की। विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत की। उच्च अधिकारियों से भी गुहार लगायी फिर भी सुनवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। पीड़ित की व्यथा सुनने के बाद न्यायालय ने हैदरगढ़ पुलिस को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## डीसीएम से भिड़ी पिकअप चालक की गयी जान

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे पर डीसीएम में पीछे से पिकअप जा टकरायी। हादसे में पिकअप चालक की मौत हो गयी। हादसा सुलतानपुर जिले में हुआ। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, शोभापुर मजरे मुरारपुर निवासी अल्लाजान का पुत्र निजाम (20) की रविवार रात बाराबंकी से पिकअप में आम लादकर गोरखपुर जा रहा था। सुल्तानपुर के कूड़ेभार थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पिकअप डीसीएम से टकरा गयी। हादसे में निजाम की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना की जानकारी परिजनों को दी है।

# पुलिस पर पीड़ित पक्ष को ही पीटने का लगा आरोप

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** किशोरियों का वीडियो बनाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद पहुंची पुलिस ने पीड़ितों को हीपीट दिया। जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिसकर्मियों पर मारपीट और गाली गलौज करने समेत और भी गंभीर आरोप लगाये हैं।

राजेश सोनी का आरोप है कि पड़ोसी सत्यम, पिंटू, किशन, शिवम और हिमांशु उसकी बेटी का वीडियो और फोटो बना कर वायरल करने की धमकी देते हैं। इसी बात को लेकर पड़ोसियों से विवाद हो गया। राजेश सोनी के मुताबिक विवाद के दौरान पहुंची पुलिस ने उसके परिवार के लोगों को ही पीट दिया। जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश सोनी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने विरोधियों पर सख्त कार्रवाई के बजाय हमारे खिलाफ ही मुकदमा दर्ज़ कर दिया है। उन्होंने पुलिसकर्मियों पर मारपीट और गाली गलौज करने समेत और भी गंभीर आरोप लगाया है। वहीं इस पूरे मामले पर सतरिख थाने के प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि आरोप बेबुनियाद हैं। दोनों पक्षों का चालान किया जा चुका है।

**प्रक्रिया** 15वें वित्त के तहत मिलेगी पहली किस्त, ग्राम पंचायतों में शुरू होंगे काम

# गांवों के विकास के लिए मिलेगा 30 करोड़ का बजट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गांवों में विकास के लिए शासन से जल्द ही करीब 30 करोड़ का बजट मिलने वाला है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद पंचायती राज विभाग के अफसरों ने उच्चाधिकारियों के सामने बजट की बजट की मांग रख दी है। उधर पंचायती राज विभाग के मुख्यालय से बजट मंजूर होते ही गांवों में विकास कार्य भी शुरू हो जाएंगे।

ग्राम पंचायतों की वार्षिक कार्ययोजना पर काम कराने के लिए हर तीन महीने में पंचायती राज विभाग के मुख्यालय से बजट की किस्त जारी की जाती है। इसमें पिछले साल ही करीब 50 करोड़ से अधिक की धनराशि जारी की गई थी। पिछला वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी, जिस कारण नए वित्तीय वर्ष में विकास कार्य कराने के लिए बजट जारी नहीं किया गया। अब लोकसभा चुनाव खत्म हो गए हैं और आदर्श आचार संहिता भी हटा दी गई है। इसके चलते ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए 15वें वित्त की पहली किस्त भी जारी होने की उम्मीद बढ़ गई है। वहीं पंचायती राज विभाग के अफसरों ने भी बजट की मांग की है जो सीधे ग्राम पंचायतों के खातों में भेजा जाएगा। वहीं चुनाव के बाद बीडीओ की देखरेख में विकास कार्यों को लेकर अपने मातहत कर्मचारियों से समीक्षा भी शुरु कर दी गई हैं। तथा गांवों में चौपाल लगाकर सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया भी जा रहा है।

> नए वित्तीय वर्ष में विकास कार्यों के लिए पंचायती राज विभाग के मुख्यालय से पहले बजट मंजूर होगा। उसी के बाद करीब 30 करोड़ के आसपास का बजट ग्राम पंचायतों को जारी होगा। आगामी दो सप्ताह में बजट मिलने की उम्मीद है।
>
> -नितेश भोंडले, डीपीआरओ

### ये कराए जाएंगे विकास कार्य

गांवों में विकास कार्य कराने के लिए खड़ंजा, नाली निर्माण, पेयजल, आपूर्ति, ऑपरेशन कायाकल्प समेत अन्य कार्यों को शामिल किया गया है। ग्राम पंचायतों को मिलने वाले बजट से मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने पर भी काम किया जाएगा।

# विचाराधीन मामले जल्द करें निस्तारित: एसडीएम

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी आरजगत साईं ने बार अध्यक्ष के साथ न्यायालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अविवादित विचाराधीन मामले जल्द निस्तारित करने का निर्देश दिया।

सोमवार को अधिवक्ताओं से हुई वार्ता में जब सकारात्मक रूप नही दिखाई दिया तो ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर जगतसांई ने तहसीलदार न्यायालय और तहसीलदार न्यायिक न्यायालयों का औचक निरीक्षण किया तथा रजिस्ट्रार कानूनगो द्वारा दाखिल खारिज की रिपोर्टें समय से क्यों नही दाखिल की जा रही है, और कितने मामले अविवादित रूप से इन न्यायालयों पर लम्बित है इसकी जानकारी करते हुए सम्बन्धित न्यायालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जल्द से जल्द अविवादित विचाराधीन मामले निस्तारित करने के दिशा-निर्देश दिये है। उन्होंने तहसील परिसर में घूमकर स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लिया, और मातहतों के पेंच कसते हुए स्वच्छता व्यवस्था चाक चौबन्द किये जाने के लिए निर्देश दिये। उनके साथ तहसीलदार न्यायिक प्राची त्रिपाठी, नायब तहसीलदार राम जी द्विवेदी, अभिषेक कुमार बार संघ अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम आदि थे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यद्योश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीवर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# नई सरकार की चुनौतियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी पारी की शुरुआत की है। तीसरी बार शपथ लेने के बाद नई सरकार का पहला निर्णय किसान कल्याण के बारे में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोमवार को प्रधानमंत्री ने किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी की। इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और उनमें लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। बेहतर होगा कि नई सरकार मध्यम वर्ग के लिए भी कुछ करे। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने अगले दशक के लिए सुशासन, समग्र विकास और आम आदमी की जिंदगी में सुधार के लक्ष्य तय किए हैं, लेकिन कुछ विरोधाभास ऐसे हैं कि सुशासन के लिए जरूरी आर्थिक नीतियां प्रभावित हो सकती हैं। सरकार को कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए विकास के एजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा।

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि राजग सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों में। सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए, क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। साथ ही भारतीय उद्योग जगत ने उम्मीद जताई कि नई सरकार विकसित भारत के लिए सुधारों के अगले चरण की शुरुआत कर सकती है। आने वाले दिनों में तय की गई बुनियादी प्राथमिकताओं पर काम करने के नई सरकार को राज्यों के सहयोग की आवश्यकता होगी। इससे विकास संबंधी नतीजों में बेहतरी आएगी। कुल मिलाकर अगले पांच सालों में बेहतर नीतिगत नतीजे हासिल करने के लिए अहम है कि संसद को समुचित ढंग से काम करने दिया जाए। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उन्हें 18 वीं लोकसभा में ज्यादा चर्चाओं की उम्मीद है। ऐसे में यह सरकार का दायित्व होगा कि वह विपक्ष के साथ सकारात्मक संबंध बनाए तथा बेहतर विधायी परिणाम हासिल करे।

# पर्यावरणीय संतुलन का द्योतक है भूमि पुनर्स्थापन

डॉ.शंकर सुवन सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रयागराज

भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है, जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं।

भूमि, पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण घटक है। भूमि की उपयोगिता कृषि के साथ-साथ वन्य जीवों के आवास, जल संरक्षण और जलवायु विनियमन में भी होती है। पिछले कुछ दशकों में भूमि का अत्यधिक दोहन और गलत प्रबंधन ने इसे गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है। भूमि पुनर्स्थापन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हम पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभों को पुनःस्थापित करने का प्रयास करते हैं।

भूमि क्षरण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है, जो वैश्विक स्तर पर पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। यह प्रक्रिया तब होती है जब भूमि की गुणवत्ता और उत्पादकता विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित कारणों से घट जाती है। लगातार फसलों की खेती से मिट्टी की उर्वरता घटती है। जब एक ही प्रकार की फसल बार-बार उगाई जाती है तो मिट्टी के पोषक तत्वों का असंतुलन होता है जिसके कारण मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की संरचना और जैव विविधता को नुकसान पहुंचाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई भूमि क्षरण का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण है। वृक्षों की जड़ों की अनुपस्थिति में मिट्टी का अपरदन तेजी से होता है। पेड़, मिट्टी को स्थिर रखने में मदद करते हैं।

पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है। वायु प्रदूषण से अम्ल वर्षा होती है, जो मिट्टी के पीएच स्तर को प्रभावित करती है और उसकी उर्वरता को नष्ट करती है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण ने प्राकृतिक भूमि को कंक्रीट जंगलों में बदल दिया है। इसके कारण भूमि की प्राकृतिक संरचना और जल धारण क्षमता प्रभावित होती है। निर्माण कार्यों और औद्योगिक कचरे के निस्तारण से भूमि में प्रदूषण बढ़ता है जिससे उसकी उत्पादकता कम होती है। जलवायु

पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है।

परिवर्तन के कारण हो रहे बदलाव भूमि क्षरण का कारण बनते हैं। अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से मिट्टी का क्षरण होता है। इसके अलावा, तापमान में वृद्धि से मिट्टी की नमी कम होती है जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है। भूमि क्षरण का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ता है। जब भूमि की उर्वरता घटती है तो फसलों की पैदावार कम होती है। इससे कृषि उत्पादन में गिरावट आती है, जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। भोजन की कमी से भुखमरी और कुपोषण की समस्या बढ़ती है। जल संसाधनों पर प्रभाव भूमि क्षरण जल संसाधनों को भी प्रभावित करता है। मिट्टी की जल धारण क्षमता कम होने से जल संचयन घटता है। इसके अलावा मिट्टी के क्षरण से जलाशयों और नदियों में गाद जमा होती है जिससे उनकी जल धारण क्षमता और गुणवत्ता में कमी आती है। इससे जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। जैव विविधता पर प्रभाव भूमि क्षरण के कारण प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं जिससे जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वन्यजीवों के आवास नष्ट होने से कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच जाती हैं। इससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ता है और पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होती हैं। सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भूमि क्षरण का समाज और अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। कृषि उत्पादन में गिरावट से किसानों की आय कम होती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के साधनों की कमी से प्रवास और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती है। इसके अलावा भूमि क्षरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सरकारों को भारी खर्च करना पड़ता है जिससे आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है, जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं। जैसे सतत कृषि पद्धतियां अपनाकर भूमि क्षरण को कम किया जा सकता है। फसल चक्रण, जैविक खेती और कम जुताई जैसी तकनीकों का उपयोग मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा वनों का संरक्षण और नए वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन भूमि क्षरण को रोकने में सहायक होता है। इससे न केवल मिट्टी का क्षरण कम होता है, बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण भी होता है। मृदा संरक्षण तकनीकों और कंक्रीटिंग का उपयोग करके मिट्टी के क्षरण को कम किया जा सकता है। ये तकनीकें मिट्टी की संरचना को सुधारने और उसकी जल धारण क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

मृदा संरक्षण तकनीकें उन विधियों और प्रथाओं का समूह हैं, जो मिट्टी की गुणवत्ता, उर्वरता और स्थिरता को बनाए रखने के लिए उपयोग की जाती हैं। ये तकनीकें भूमि क्षरण को रोकने और कृषि उत्पादन में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यहां कुछ प्रमुख मृदा संरक्षण तकनीकें इस प्रकार हैं। फसल चक्रण-फसल चक्रण का मतलब है विभिन्न फसलों को एक निर्धारित क्रम में उगाना। इससे मिट्टी के पोषक तत्वों का संतुलन बना रहता है और कीटों और बीमारियों का प्रकोप कम होता है। कवर क्रॉपिंग (मिट्टी को ढकने वाली फसलें) - कवर क्रॉपिंग में खेत की खाली अवधि के दौरान मिट्टी को ढकने के लिए फसलें उगाई जाती हैं, जैसे कि तिपतिया घास या जई। इससे मिट्टी का कटाव कम होता है और उसकी उर्वरता बनी रहती है। कंटूर जुताई-कंटूर जुताई में ढलान वाली भूमि पर समानांतर रेखाओं में जुताई की जाती है। इससे पानी की धाराओं को नियंत्रित किया जा सकता है और मिट्टी का कटाव कम होता है। टेरेसिंग (सीढ़ीदार)- टेरेसिंग में पहाड़ी क्षेत्रों में सीढ़ीदार ढलानों का निर्माण किया जाता है। इससे पानी की गति धीमी होती है और मिट्टी का क्षरण कम होता है। स्ट्रिप क्रॉपिंग (पट्टियों के साथ फसलें लगाना)- स्ट्रिप क्रॉपिंग में एक के बाद एक पट्टियों में विभिन्न प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं। इससे मिट्टी की सतह को सुरक्षित रखा जा सकता है और जल संरक्षण में मदद मिलती है। जैविक खाद का उपयोग- जैविक खाद का उपयोग मिट्टी की उर्वरता और जैव विविधता को बढ़ाता है। इससे मिट्टी की संरचना सुधरती है और उसके पोषक तत्व बनाए रहते हैं। निचली जुताई-निचली जुताई में मिट्टी की सतह को कम से कम उलटा-पलटा जाता है जिससे मिट्टी की संरचना और जल धारण क्षमता बनी रहती है। मृदा संरक्षण तकनीकों का उपयोग करके हम न केवल मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रख सकते हैं, बल्कि भूमि की उत्पादकता को भी बढ़ा सकते हैं। इन तकनीकों को अपनाकर, किसानों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होते हैं और पर्यावरणीय स्थिरता को भी बढ़ावा मिलता है।

जल संसाधन प्रबंधन जल संसाधनों का उचित प्रबंधन भूमि क्षरण को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और सिंचाई तकनीकों का उपयोग करके जल संसाधनों को संरक्षित किया जा सकता है। सामुदायिक सहभागिता भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। स्थानीय समुदायों को जागरूक करना और उन्हें भूमि पुनर्स्थापन के प्रयासों में शामिल करना प्रभावी समाधान हो सकता है। भूमि पुनर्स्थापन एक सामूहिक जिम्मेदारी है जिसमें सरकार, गैर-सरकारी संगठन और नागरिक समाज की भागीदारी आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि हमारी भूमि की स्थिति हमारे पर्यावरण, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। सतत कृषि, मृदा संरक्षण, और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से हम भूमि पुनर्स्थापन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# किशोरों को बचाना होगा जहरीली हवाओं से

गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

पर्यावरण प्रदूषण 21 वीं शताब्दी की सबसे बड़ी समस्या है। दिनोंदिन बढ़ती जनसंख्या औद्योगीकरण, शहरीकरण और अनियोजित विकास इस समस्या में इजाफा कर रहे हैं। प्रदूषण के कारण भूमि, आकाश, जल, वायु सब प्रदूषित हो रहा है, लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ के चलते किसी को इसकी चिंता नहीं कि आने वाली पीढ़ी और वर्तमान जनसंख्या इसके लिए कितनी भारी कीमत अदा कर रहे हैं।

प्रदूषित हवा और उसके प्रभाव को जानने के लिए वैज्ञानिक नित नए शोध में जुटे हुए हैं, लेकिन हाल में हुए एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि प्रदूषित हवा का अपराध से भी गहरा ताल्लुक है। क्योंकि वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों की चिंताएं बढ़ जाती हैं। तनाव और हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि का असर उनके मस्तिष्क को प्रभावित करने लगता है। उनमें बेचैनी और कसमसाहट होती है तथा वे अनैतिक और आपराधिक व्यवहार करने लगते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार वायु प्रदूषण न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह आपके अनैतिक व्यवहार के लिए जिम्मेदार भी है। 'एक्सपेरिमेंटल स्टडीज के अनुसार वायु प्रदूषण शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से हमारे अनैतिक व्यवहार से जुड़ा हुआ है।

न्यूयॉर्क के 'कोलंबिया बिजनेस स्कूल में हुए शोध में शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन स्थानों पर प्रदूषित हवा का स्तर ज्यादा है, वहां अपराध की दर भी अधिक है। शोध के लेखक डॉ. जैक्सन जी लू कहते हैं, वायु प्रदूषण न केवल लोगों की सेहत खराब करता है, बल्कि उनकी नैतिकता को भी दूषित कर सकता है। हमने पाया कि हवा में मौजूद जहरीले तत्व सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। वहीं 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स द्वारा किए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लंदन में अपराध दर में वृद्धि हुई है। बड़े अपराध नहीं, बल्कि दुकानों में चोरी और जेबकतरी जैसे कम गंभीर अपराध ही ऐसे अपराध हैं, जिन पर वायु गुणवत्ता का अधिक प्रभाव पड़ता है। शोधकर्ताओं ने प्रदूषण के आंकड़ों का उपयोग करके अपराध पर वायु प्रदूषण के प्रभाव की गणना की और इसकी तुलना 2004-2005 के दौरान लंदन में दर्ज 1.8 मिलियन आपराधिक अपराधों से की। फिर उन्होंने उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आने वाले लोगों में तनाव, हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि देखने के बाद वायु प्रदूषण और अपराध के बीच एक संबंध स्थापित किया। शोध इस बात की पुष्टि करता है कि किशोरों का आक्रामक व्यवहार और अपराध के बीच भी गहरा संबंध है।

प्रदूषित हवा में सांस लेने से किशोरों में बेचैनी बढ़ती है, जो उन्हें आपराधिक कृत्य के लिए उकसाती है। अब तक के साक्ष्य बताते हैं कि वायु प्रदूषण में बुरे व्यवहार को बढ़ाने की क्षमता अधिक है। बचपन में वायु प्रदूषण का सामना करने वाले बच्चों में किशोरावस्था में अवसाद, व्यग्रता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उस समय उत्पन्न हुई यह समस्याएं उनके समूचे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं और उनके विकास की राह में बाधक बन सकती हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि वायु प्रदूषण के उच्चतम स्तर की वजह से छोटे और विषैले कण विकसित हो रहे मस्तिष्क में प्रवेश कर जाते हैं जिससे मस्तिष्क में सूजन होती है। इससे भावना और फैसले लेने के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क के हिस्से को नुकसान पहुंचता है। यह रिसर्च स्वच्छ हवा के महत्व को बताने वाली एक चेतावनी है, जो यह दिखाती है कि शहरी क्षेत्रों में हरियाली की कितनी जरूरत है।

मार्च 2019 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि जहरीली, प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले किशोरों में मनोवैज्ञानिक घटनाओं का जोखिम अधिक होता है। जैसे कि आवाजें सुनना या घबराहट। लेड के बारे में कहा जाता है कि यह व्यवहार बदल डालता है। इससे सीखने और समझने में दिक्कत आती है। यह बच्चों के इंटेलीजेंट क्योशेंट को कम कर देता था। इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों द्वारा अधिक टिकाऊ परिवहन, कुशल और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और उपयोग तथा अपशिष्ट प्रबंधन विकसित करके ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि हमारे देश के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा की जा सके।

# देखना होगा गठबंधन का कितना दबाव काम करेगा



अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातार बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी।

रविवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग ने देश की सत्ता संभाल ली। प्रधानमंत्री के साथ ही 72 मंत्रियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि अभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होना बाकी है, किंतु टीम में पुराने साथियों को जगह मिलना बताता है कि सब नरेंद्र मोदी की योजना के अनुसार हो रहा है। उन्हें अपनी टीम पर पूरा भरोसा और विश्वास है।

2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातार बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी। अब तक ठसक से सत्ता चलाने वाले नरेंद्र मोदी को गठबंधन के घटक दलों की सुननी और माननी होगी। चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना एजेंडा बताते रहे हैं, किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। सरकार पहले ही आंतकवाद से मजबूती से जूझ रही है। उसे आंतकवाद की जड़े खत्म करने के लिए इस कार्यकाल में काम करना होगा। पाक अधिकृत कश्मीर में बैठे आंतकियों के आकाओं के खात्मे के लिए भी उसे लगना होगा।

लोकसभा चुनाव के पहले ही भाजपा ने यह साफ कर दिया था कि मोदी सरकार 3.0 में यूनिफॉर्म सिविल कोड कोर एजेंडे में शामिल होगा। उत्तराखंड में भाजपा सरकार पहले ही इसे लागू कर चुकी है। ऐसे में माना जा रहा था कि केंद्र की सत्ता में लौटने के बाद भाजपा प्राथमिकता के साथ इसे आगे बढ़ाएगी, लेकिन अब सहयोगी दल भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू भाजपा पर इस निर्णय को वापस लेने पर दबाव बना सकते हैं। भाजपा के एजेंडे में वन नेशन, वन इलेक्शन भी शामिल है। इस संबंध में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी हैं। 47 राजनीतिक दलों में से 32 दल तैयार हैं। एनडीए गठबंधन में इस बार जदयू और टीडीपी की भूमिका अहम है। ऐसे में वे भाजपा के इस एजेंडे पर भी रोड़ा बन सकते हैं।

तीसरे कार्यकाल में केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का विस्तार भी शामिल है। नरेंद्र मोदी चुनावी कार्यक्रमों में यह कहते रहे हैं कि तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसलों के लिए 'मोदी की गारंटी' पूरी की जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने भविष्य के लिए अपने विजन को रेखांकित किया था। भाजपा के 2024 के घोषणा पत्र में आयुष्मान भारत के कवरेज को 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर समुदाय को शामिल करने के लिए आगे बढ़ाने का भी वादा किया गया है। इस एजेंडे को लागू करने में गठबधंन को कोई आपत्ति नहीं होगी और यह सरलता से लागू हो जाएगा। इसके अलावा पाक अधिकृत कश्मीर भी नई सरकार के एजेंडे में शामिल है जिसको लेकर भाजपा के नेता और मंत्री पीओके पर कब्जे को लेकर बयान देते रहे हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोदी सरकार पर देशभर में जातिगत जनगणना कराने को लेकर दबाव बना सकते हैं, क्योंकि बिहार में पिछड़ी जातियों के अलावा दलित और मुस्लिम मतदाताओं का अच्छा खासा प्रभाव है। नीतीश अपने राज्य बिहार में इस जनगणना को करवा चुके हैं। वे लंबे समय से देश में इसे करवाने की डिमांड कर रहे हैं। हालांकि भाजपा इसके विरूद्ध है। नीतीश कुमार वर्षों से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे है। भाजपा में शामिल होने के पहले भी नीतीश ने केंद्र सरकार से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की थी। उन्होंने इस मांग को लेकर बिहार में अभियान चलाने की बात भी कही थी। इसके अलावा चंद्रबाबू नायडू भी आंध्र के लिए स्पेशल पैकेज की मांग कर सकते हैं। ये दोनों नेता अब अपनी इन मांगों को लेकर मोदी सरकार पर दबाव रहेगा। वैसे मोदी ऐसे दबाव से निपटना बखूबी जानते हैं। महाराष्ट्र की शिवसेना को गठबंधन में लेकर ये दबाव कम किया जा सकता। चुनाव से पूर्व विपक्षी गठबंधन से जैसे नीतीश कुमार पलटी मारकर भाजपा के साथ आ गए, ऐसे ही विपक्ष में बैठे कई दल भाग सकतें हैं। बस इशारे की जरूरत है। मोदी पुराने राजनयिक हैं। कब किस हालात से कैसे जूझना है, वह जानते हैं। उम्मीद है कि वह अपनी सूझबूझ से सरकार को सरलता से पांच साल चलाते रहेंगे।

## सोशल फोरम

# क्षयकारी घटनाओं पर रखें दृष्टि

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जो जन्म लेगा उसकी मृत्यु भी अवश्य होनी है। सृष्टि के साथ विनाश भी अवश्यंभावी है। प्रत्येक प्राणी के लिए यह धरती कुरुक्षेत्र है। उसका जीवन इस धरती की जलवायु, पर्यावरण, विप्लव और आपदाओं के साथ जुड़ा तो है ही, लेकिन आकाश और अंतरिक्ष से संबंधित अनापेक्षित घटनाओं से भी प्रभावित होता है।

इन सबको सकारात्मक मान भी लिया जाए तो भी प्राणी मात्र के विनाश के लिए हर युग में मनुष्य ने अनेकानेक उपक्रम स्वयं ही तैयार किए हैं। आज इक्कीसवीं सदी में तो एक चिंगारी ही काफी है। आठ सौ करोड़ की जनसंख्या को नष्ट-भ्रष्ट करने के लिए। पिछले कुछ सालों से हम इस बात के साक्षी होते जा रहे हैं कि कुछ मनोरोगी राष्ट्रीय प्रमुख या आतंकवादी संगठन इस धरती को विश्व युद्ध की कगार पर खड़ा करने में लगे हैं।

यह संभवतः किसी अदृश्य शक्ति या कहें कि ईश्वर की कृपा रही है कि अभी मानवता आशावादी दृष्टिकोण से आगे बढ़ रही है। कुछ बरस पहले विश्व कोरोना वायरस के प्रकोप से पीड़ित हुआ और याद ही नहीं है कि कितने अपने असमय ही छोड़कर चले गए। एक दिन पंचांग को देख रहा था तो आने वाले आषाढ़ कृष्ण के पन्ने पर नजर डाली। यह पक्ष विश्वघर्ष पड़ गया है। कुरुक्षेत्र के युद्ध के समय भी विश्वघर्ष पक्ष था और कोरोना काल में भी। बीच बीच में अनेक वर्ष इस तरह के आते रहते हैं।

यह एक खगोलीय घटना है। जब चन्द्रमा पूरे पक्ष में पृथ्वी से करीब से गतिमान हो जाता है तो पंद्रह दिन का पक्ष तेरह दिन का हो जाता है अर्थात् एक ही पक्ष में दो तिथियां क्षय हो जाती हैं। इसे विश्वघर्ष पक्ष कहा जाता है। मेरे विश्वास में यह पृथ्वीवासियों के लिए कष्टकारी ही होता है। जो मित्र खगोलीय घटनाएं और उनके ज्योतिषी प्रभाव के अध्ययन में रुचि रखते हैं, उनको आगामी एक वर्ष की विश्व की क्षयकारी घटनाओं पर दृष्टि रखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। अनेक सकारात्मक प्रभाव भी पृथक-पृथक व्युत्पन्न होते हैं अन्य ग्रहों की स्थिति शुभ स्थिति के कारण।

-फेसबुक वॉल से

# मोदी को ताजः क्या है सितारों की आवाज

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध।

रविवार को सायंकाल 7.18 बजे से कुछ मिनटों में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण संपन्न हो गया। पृथ्वी पर नवग्रहों का पूरा नियंत्रण है और वे भविष्य को प्रभावित करते हैं। चुनाव परिणाम आने से काफी पहले 16 मई को मैंने "अमृत विचार" के पृष्ठों पर परिणामों को लेकर एक लेख लिखा था जिसमें मोदी की स्थिति में 'ह्रास' की संभावना बताई थी, जो सही निकली। अब शपथ ग्रहण काल को आधार बनाकर मैं यहां देख रहा हूं कि सरकार का भविष्य क्या है?

मीडिया का एक वर्ग मोदी की उक्त समय ली गई शपथ काल में वृश्चिक लग्न बता रहा है, जो सही नहीं है। उस दिन वृश्चिक लग्न तो सात बजकर पांच मिनट तक ही थी। शपथ धनु लग्न में हुई है जिसका पहला नवांश तत्समय चल रहा था। धनु का स्वामी वृहस्पति होता है और धनु का पहला नवांश मेष है जिसका स्वामी मंगल होता है। मोदी की जन्म लग्न वृश्चिक जरूर है, जहां मंगल के साथ चंद्रमा भी बैठा है। किसी समय का फलादेश करते समय तत्कालीन दशा और गोचर विशेष रूप से दृष्टव्य होता है। 24 अप्रैल, 2024 से मोदी की कुंडली में मंगल की महादशा में शनि की भुक्ति यानी अंतर्दशा चल रही है। अर्थात् आगामी घटनाचक्र में मंगल का रोल प्रबल होगा। शनि और गुरु भी अहम् रोल में हैं तथा राज्य संबंधी मामलों में सूर्य की स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे दशम भाव यानी राजकाज का कारक हैं।

मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध। राजा दशरथ द्वारा राजसभा में राम के राज्याभिषेक की घोषणा ऐसे ही शनि मंगल संबंधों के समय हुई, जब प्रबल 'राजभंग योग' था, सो परिणाम सब कोई जानता है। मंगल की महादशा में शनि का अंतर हो तो आचार्य मानसागर के अनुसार- उपर्युपरि जायन्ते दुःखान्यपि सहस्त्रशः।/ जनक्षयं कुजस्यार्की या प्राप्तोऽन्तर्दशा यदा।। अर्थात् मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा हो तो एक के बाद एक हमेशा दुःख आते ही रहते हैं तथा जन का नाश हो जाता है।)

नवांश लग्नानुसार सूर्य दूसरे भाव में तथा मोदी के जन्म चक्रानुसार सातवें भाव में गोचर कर रहे हैं। दूसरा भाव मारक होता है तथा सातवां प्रणय/विवाह का। इस संदर्भ में प्रणय का मतलब घटक दलों से संबंध से है, जिसे सूर्य भस्म करेंगे। अलबत्ता वृष पर बैठे गुरु मोदी की जन्म लग्न को देख रहे हैं। उनकी दृष्टि शुभ होती है। गुरु ज्योतिष में ब्राह्मण मान्य हैं। प्रतीत होता है कि विप्र वर्ग और प्रबुद्ध वर्ग सहायक होकर मोदी को बल प्रदान करेगा। कुल मिलाकर मोदी का राजमार्ग दुर्गम और कंटकाकीर्ण है। मंगल दो घर के स्वामी होते हैं। दिसंबर से वे छठे भाव (शत्रु, रोग, ऋण) के स्वामी होकर महादशानाथ होंगे, तब कठिनाइयों में और इजाफा होगा। कार्यकाल पूरा होना बेहद कठिन है।

# भूख से बिलखते बच्चे

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

दूसरे विश्वयुद्ध के महाविनाश के बाद बच्चों के चहुंमुखी विकास और सुरक्षा के मकसद से 11 दिसंबर 1946 को संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) की स्थापना की गई थी। इसका मुख्यालय न्यूयार्क में है। इसमें दुनियाभर के 193 देश शामिल हैं और हमारा देश भी इसका सदस्य है, किंतु इस पूंजीवादी दौर में सभी देश चाहें वो विकासशील देश हो या विकसित, चंद मुट्ठीभर लोगों के पास बेशुमार दौलत इकट्ठी हो रही है।

इस कारण अमीर-गरीब की खाई चौड़ी होती जा रही है। ज्यादातर देशों में सामाजिक सुरक्षा ध्वस्त हो रही है और इसका दुष्प्रभाव सबसे ज्यादा बच्चों में देखने को मिल रहा है। यूनिसेफ की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में पांच वर्ष से कम उम्र के 37.2, करोड़ बच्चों में विटामिन की बेहद कमी है। 14.8 करोड़ की वृद्धि भुखमरी के कारण रुकी हुई है और 4.5 करोड़ तो भयंकर भुखमरी का शिकार हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद इन बच्चों को संतुलित और पोषणयुक्त भोजन नहीं मिल पा रहा। दुनियाभर में भुखमरी के शिकार हो रहे बच्चों का अध्ययन करने और उसका निराकरण सुझाने के उद्देश्य से यूनिसेफ ने बाल भोजन दरिद्रता नाम का एक विभाग स्थापित किया है जिसमें इन 193 में से 137 अत्यंत गरीब देशों का चयन किया गया है। यहां दुनिया के करीब 90 प्रतिशत गरीब बच्चे रहते हैं। इन 137 देशों में 63 देशों में तो यूनिसेफ ने एक विशेष अध्ययन किया है, जहां बच्चे लगभग नियमित रूप से भोजन प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

इन 63 देशों में भारत का स्थान 40 वां है, जो एक दुखद पहलू है।

ऐसे में देश के विकास को समर्पित नए हुक्मरानों को यूनिसेफ की इस रिपोर्ट का बारीकी से अध्ययन करना चाहिए जिसके लिए इनकी समाजिक जिम्मेदारी और जबाबदेही है। सबसे दुःखद बात यह है कि भारत यूनिसेफ की जारी होने वाली रिपोर्ट्स पर कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जब भी पूछा गया तो जिम्मेदारों ने रिपोर्ट्स को झूठा करार दिया।

# फोन पर पूछते रहे अपनों का हाल, परिवार के लोग रवाना हुए जम्मू

## आतंकी हमले का मामला, बलरामपुर के दो तीर्थयात्रियों की मौत, घायलों में 10 बलरामपुर, 8 गोंडा व 4 गोरखपुर के

समाचार डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार :** रविवार रात जम्मू के रियासी जिले में हुए आतंकी हमले व बस दुर्घटना में बलरामपुर, गोंडा व गोरखपुर जिले के 22 श्रद्धालु घायल हुए हैं। हादसे में बलरामपुर जिले के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई है जबकि 12 अन्य घायल हैं। बलरामपुर के जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि जिले के 12 लोगों का एक जत्था वैष्णो देवी दर्शन करने के लिए गया था। जिसमें बलरामपुर तहसील के आठ और उतरौला तहसील के चार श्रद्धालु शामिल थे। मृतकों में बलरामपुर जिले के कंधभरी गांव निवासी किशोरी रूबी (15) और अनुराग वर्मा (10) शामिल हैं। घटना में उषा पांडेय ग्राम भगवतपुर बलरामपुर, संतोष कुमार वर्मा ,गीता , दिनेश कुमार वर्मा, शिवा वर्मा सभी निवासी ग्राम मधवा जोत, विकास वर्मा ग्राम नारायनपुर, विमला देवी, मैना ग्राम कांदभारी, काजल देवी,ऊषा देवी ग्राम लाला डीह शाहपुर ईटई,शारदा देवी व रजत राम ग्राम नया नगर बिशनपुर बनकटवा घायल हैं। घायल रजत राम व शारदा देवी मृतक अनुराग के माता-पिता है। मृतक रूबी की मां एवं बहन भी घायल हैं।

जिलाधिकारी ने दुर्घटना में पीड़ितों की तत्काल मदद के लिए गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी से सम्पर्क कर रात में ही एडीएम गौतमबुद्ध नगर एवं एसीपी रैंक के पुलिस अधिकारी को जम्मू रवाना करा दिया है। बलरामपुर से भी दो अधिकारियों यानी ज्ञानेंद्र सिंह व ओम प्रकाश चौहान को जम्मू के लिए रवाना कर दिया है।जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के नम्बर-9170277336 पर कॉल करके उक्त घटना से संबंधित जानकारी या मदद ली जा सकती है। श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्र सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से सम्पर्क स्थापित कर पूरी घटना का अपडेट लिया। साथ ही जम्मू जिला प्रशासन के सम्पर्क में भी वह निरंतर बने रहे। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने बताया कि जम्मू में दर्शनार्थियों से भरी बस में हुए कायराना हमले से पूरा देश शर्मिंदा है। इस सन्दर्भ में उनकी एवं जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल से वार्ता हुई है।आतंकी घटना पर सदर विधायक पलटूराम तथा तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने गहरा दुख जताया है।

हादसे में गोंडा के घायल परिजन जो यात्रा पर गए हैं। अमृत विचार

गोरखपुर के भैरोपुर में जम्मू में घायल एक श्रद्धालु के परिवार से बात करते प्रशासनिक अधिकारी।

बलरामपुर में मृतक श्रद्धालु के घर पहुंच कर सांत्वना देते अधिकारी। अमृत विचार

**चर्चा में हादसा**

- बलरामपुर में मृतकों के घर पहुंचकर एसडीएम और तहसीलदार ने दी सांत्वना

रूबी। अनुराग (फाइल फोटो)

### घायलों में छपिया, मनकापुर और वजीरगंज क्षेत्र के लोग शामिल

**गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि हमले में घायल लोगों में जिले के आठ श्रद्धालु भी शामिल हैं। पीड़ितों की मदद के लिए जिले से एक मजिस्ट्रेट व एक पुलिस उपाधीक्षक रैंक के अधिकारी को आज ही जम्मू भेजा जा रहा है। घायलों में छपिया, मनकापुर व वजीरगंज थाना क्षेत्र के लोग शामिल हैं। इन सभी का जम्मू के नारायण हॉस्पिटल व जम्मू मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। छपिया थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव निवासी सूर्यनाथ गुप्ता ने बताया कि उनके परिवार के आठ सदस्य मां वैष्णो देवी का दर्शन करने के लिए गत चार जून को जम्मू गए थे। हादसे में देवी प्रसाद गुप्ता, नीलम, राजेश कुमार, बिट्टन, दीपक, दिनेश, पलक व प्रिंस गुप्ता घायल हो गए। इनमें दिनेश को कटरा स्थित सरकारी अस्पताल में व शेष को जम्मू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, जम्मू में हुए आतंकी हमले को लेकर श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्र सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से सम्पर्क स्थापित कर पूरी घटना का अपडेट लिया। साथ ही जम्मू जिला प्रशासन के सम्पर्क में भी वह निरंतर बने रहे।

## आईसीयू में भर्ती युवक, परिजन भूखे-प्यासे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** रियासी में हुए आतंकी हमले में शहर का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। परिजनों को उसे आईसीयू में भर्ती होने की जानकारी मिल गई लेकिन उसके बाद का हाल अब तक नहीं पता चला है। घायल युवक की मां और बड़ा बेटा व उनकी बहू उसकी खबर जानने के लिए इंतजार में व्याकुल व भूखे-प्यासे है। परिजनों का कहना था कि एसडीएम का फोन आया था जिन्होंने बेटे की भर्ती होने की जानकारी दी।

गोंडा के परशुरामपुर की रहने वाली निर्मला देवी ने बताया कि वह परिवार के साथ सीसामऊ थानाक्षेत्र के जवाहर नगर शांति निकेतन के सामने लाइन पटरी में रहती हैं। उनका 25 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता जम्मू-कशमीर के रियासी में हुए आतंकवादी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया है। मां निर्मला के अनुसार वह 4 जून की सुबह गोंडा गया था। जहां से रात में ट्रेन से बहन नीलम गुप्ता उर्फ रानी, बहनोई देवी प्रसाद व उनके बच्चों 12 वर्षीय प्रिंस, 10 वर्षीय पलक समेत आठ लोगों के साथ वैष्णों देवी के दर्शन करने गया था। जहां से वह शिवखोड़ी गए थे।

### हमले की कहानी पीड़ित की जुबानी

आतंकी हमले में घायल गोंडा की देवी प्रसाद ने फोन पर घटना का आंखों देखा हाल बताया। देवी प्रसाद ने कहा कि सभी लोग मां वैष्णो देवी का दर्शन करने के बाद शिवखोड़ी दर्शन के लिए गए थे। वहां से दर्शन कर रविवार को वापस लौट रहे थे कि रास्ते में जंगल में छिपे आतंकियों ने बस पर फायरिंग शुरू कर दी। बस चालक गोली लगने से घायल हो गया और वह बस से नियंत्रण खो बैठा जिससे बस खाई में जा गिरी और बस में सवार सभी लोग घायल हो गए। देवी प्रसाद ने बताया कि हमले में उनका साला दिनेश गुप्ता भी घायल है। उसे किस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इसकी जानकारी नहीं है।

कांदभारी गांव में रोते बिलखते मृतक रूबी के परिजन व रिश्तेदार।

## घर पहुंचे अधिकारी बोले- सब सुरक्षित हैं, जल्द होगी वापसी

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर आर्थिक सहायता प्रदान कर किया आश्वस्त

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** जम्मू में आतंकी हमले में घायल चार श्रद्धालु गोरखपुर के हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जनप्रतिनिधि और प्रशासन के अधिकारी घायलों के घर पहुंचे और आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान घायलों के परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार घायलों के इलाज में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। मुख्यमंत्री खुद पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को श्रद्धालुओं से भरी बस पर हुए आतंकी हमले में घायल हुए लोगों में पुर्दिलपुर निवासी राजेश, उनकी पत्नी रिकसोना, भैरोपुर की गायत्री तथा सोनी शामिल हैं। ये सभी रिश्तेदार हैं। इन घायलों समेत 17 लोगों का समूह गोरखपुर से माता वैष्णो व शिवखोड़ी मंदिर का दर्शन करने जम्मू गया था। इनमें से राजेश, रिकसोना, गायत्री और सोनी उस बस में सवार थे जो रविवार को शिवखोड़ी से लौट रही थी।

सीएम योगी के निर्देश पर सोमवार सुबह प्रशासन की टीम ने भैरोपुर और पुर्दिलपुर जाकर घायलों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी। पुर्दिलपुर और भैरोपुर में परिजनों से मुलाकात के दौरान गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह भी उपस्थित रहे। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार गोरखपुर के जिला प्रशासन ने जम्मू कश्मीर प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षित श्रद्धालुओं को गोरखपुर लाने के लिए टेंपो ट्रैवलर की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली है और सभी गोरखपुर लौट रहे हैं।

## मगरमच्छ के हमले में किशोर की मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र में घाघरा नदी में सोमवार शाम को स्नान करते समय किशोर को मगरमच्छ नदी में खींच ले गया। हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली मुर्तिहा के ग्राम पंचायत मंझरा के मजरा लढ़ैतापुरवा निवासी लवकुश निषाद (14) पुत्र बहाऊ सोमवार शाम को घाघरा नदी के तट पर गया। स्नान करने के दौरान लवकुश को मगरमच्छ नदी में खींच ले गया। तट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए लाठी मारना शुरू किया। जिस पर मगरमच्छ किशोर को छोड़कर चला गया।

## मठ–मंदिरों में खुलने लगीं धर्मशालाएं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। आमदनी बढ़ाने के लिए मठ मंदिरों में धर्मशाला और होटल की सुविधा शुरू की गई है। दो दर्जन से अधिक मंदिरों में यह सुविधा शुरू हो गई है। वहीं अभी बहुत से मंदिरों में निर्माण कार्य चल रहा है। जल्द ही और एक दर्जन मंदिरों में यात्रियों के रुकने की व्यवस्था शुरू हो जाएगी।

अयोध्या के मंदिरों में जहां पहले संत निवास और कथा मंडप की सुविधा बनाई जाती थी। दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु मंदिरों में रुकते और धार्मिक अनुष्ठान करते थे, लेकिन अब इन बड़े-बड़े मठ मंदिरों में धर्मशाला और होटल का निर्माण कराया जा रहा है। जहां पर आने वाले यात्रियों को एसी, नॉनएसी और फेमिली रूम किराए पर रुकने के लिए दिए जा रहे हैं। दो हजार से चार हजार रुपये तक के रूम उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यहां प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में यात्री रुक रहे हैं। इसमें जानकी महल, रामाय गेस्ट हाउस, वैदेही सदन, तपस्वी छावनी में रामलला पैलेस, राधा मोहन कुंज, कनक महल, वैदेही भवन, हरी सेवा सदन, मिथिला अतिथि मंदिर, भरत भवन, बावन मंदिर अतिथि गृह, कटारी मंदिर के हरी वाटिका धर्मशाला, गहोई धर्मशाला, रघुवंशी धर्मशाला राजा रघुवर मंदिर, सीताराम बिहार कुंज, रामानंद आश्रम, काठिया मंदिर, प्राचीन श्री राम जानकी स्टेशन मंदिर, शृंगार कुंज प्रमोदवन सहित अन्य मंदिर है।

अयोध्या स्थित रामानंद आश्रम में लगा यात्री निवास का बोर्ड।

## चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अवैध खनन रोकने गए सिपाही के ऊपर खनन माफियाओं ने टैक्टर चढ़ा दिया था। जिससे इलाज के दौरान सिपाही रोहित की मौत हो गई थी। आरोपित खनन माफिया प्रदीप यादव पुत्र सहवीर यादव निवासी चंदन नगला नवाबगंज व भूपेन्द्र यादव पुत्र सतीश चन्द्र यादव निवासी नगला लाहौरी मेरापुर को रविवार शाम को मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया था। उनका उपचार अस्पताल में चलता रहा, फिर सोमवार को कोर्ट में पेश करने पर उन्हें जेल भेज दिया गया।

सोमवार को मामले में पुलिस अधीक्षक ने बड़ी कार्यवाही कर दी है। थाना नबावगंज के बबना चौकी इंचार्ज सहित पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। खनन मामले में दोषी नवाबगंज के बबना चौकी प्रभारी भुओएन्द्र सिंह, थाना जहानगंज के हेड कांस्टेबल सुनील यादव, थाना नवाबगंज के कांस्टेबल चमन सिंह, कर्मवीर सिंह व 112 मोबाइल के सिपाही टिंकू को एसपी विकास कुमार ने निलंबित किया है। एसपी विकास कुमार ने संदेश दिया है कि अगर कोई भी पुलिसकर्मी खनन के मामले में दोषी पाया जाता है तो उसे पर कड़ा एक्शन तय है।

## सार-संक्षेप

### इरफान की सजा बढ़वाने हाईकोर्ट जाएगी पुलिस

**कानपुर,अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी, भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच लोगों को कोर्ट ने प्लॉट पर आगजनी के मामले में सात साल की सजा सुनाई थी। अब सजा बढ़ाने के लिए पुलिस ने हाईकोर्ट जाने की तैयारी पूरी कर ली है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर हेडक्वार्टर एवं क्राइम विपिन मिश्रा ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि सभी आरोपियों को धारा 147, 436, 427, 504, 506, 323 में दोषी ठहराया गया है। धारा 386, 120B से सभी दोष मुक्त कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सबसे प्रमुख आईपीसी की धारा 436 है। इसमें कम से कम 10 वर्ष की सजा और अधिकतम उम्रकैद हो सकती है। इसमें कोर्ट ने इरफान को महज 7 वर्ष की सजा सुनाई है। इसके चलते पुलिस हाईकोर्ट में अपील करेगी। इरफान सोलंकी को सजा सुनाए जाने के बाद सोमवार को अन्य शेष सात आरोपियों के मामले की सुनवाई की गई। पुलिस की ओर से भेजी गई सातों आरोपियों की तीन पत्रावलियों को अभियोजन ने एक साथ किए जाने की मांग की, जिसकी कोर्ट ने स्वीकृति देते हुए मामले की सुनवाई 24 जून की तिथि निर्धारित की।

सजा सुनाए जाने के बाद मां को मिठाई खिलाती मीनाक्षी। अमृत विचार

### बिल्डर व साथी की हत्या में तीन को उम्रकैद

**कानपुर, अमृत विचार :** वर्ष 2017 में फीलखाना थानाक्षेत्र में बिल्डर व उसके साथी की दिनदहाड़े चाकुओं से गोद कर हत्या करने के मामले में सोमवार को एडीजे 20 की कोर्ट ने सफाई नायक व दो सगे भाइयों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने एक महिला आरोपी को बरी कर दिया। निर्माणाधीन मकान के बाहर कूड़ा डालने को लेकर बिल्डर का सफाई नायक से विवाद हुआ था। जिस पर बिल्डर ने नगर निगम से शिकायत कर उसका ट्रांसफर करवा दिया था। जिसके बाद दोषी सफाई नायक ने साथियों संग घटना को अंजाम दिया था। फीलखाना, चावल मंडी निवासी प्रेम कुमार कश्यप का छोटा भाई सतीश कुमार कश्यप उर्फ छोटे बब्बन बिल्डर था। सतीश के साथ मोहल्ले का ही युवक ऋषभ पांडेय भी काम करता था। प्रेम के मुताबिक सतीश की निर्माणाधीन बिल्डिंग के बाहर चटाई मोहाल निवासी सफाई नायक शिवपर्वत कूड़े का ढेर जमा करता था। जिस पर सतीश ने नगर निगम में शिकायत कर उसका ट्रांसफर करवा दिया था, जिसके बाद से शिवपर्वत उससे रंजिश रखने लगा था।।

### यात्री को चिकित्सा राहत सुविधा उपलब्ध कराई

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** दिल्ली सराय रोहिल्ला से श्रीगंगानगर की ओर रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12455 में शनिवार की रात दिल्ली से ट्रेन के प्रस्थान करने के कुछ समय बाद कोच संख्या बी 1 की बर्थ न 28 के यात्री प्रेम कुमार की तबियत अचानक बिगड़ गई। यात्री का ब्लड प्रेसर बढ़ जाने के कारण उन्होंने ट्रेन के स्टॉफ को अपनी हालत से अवगत करवाते हुए आग्रह किया कि उन्हें रोहतक स्टेशन पर उतार दिया जाए। हालत इतनी बिगड़ी हुई थी कि यात्री चल पाने में भी असमर्थ थे तो रोहतक स्टेशन आने पर स्टॉफ ने उन्हें सकुशल उतार दिया और ट्रेन आगे की ओर बढ़ गई। यात्री के परिजनों के माध्यम से देर रात्रि जेडआरयूसीसी के पूर्व सदस्य की इस बात की सूचना मिली तो उन्होंने उत्तर रेलवे के सीपीआरओ दीपक कुमार को फोन पर इसकी जानकारी देकर तुरंत राहत उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। दीपक कुमार ने नई दिल्ली के सीनियर डीसीएम बसंत कुमार को अवगत करवाया और तुरंत मैसेज रोहतक के सीएमआई पंकज राजपाल को निर्देशित किया कि तुरंत यात्री को चिकित्सा राहत उपलब्ध करवाई जाए। इस पर राजपाल ने जीआरपी व आरपीएफ जवानों की मदद से यात्री को रोहतक पीजीआई पहुंचाया जहां डॉक्टर ने दवा देकर उनका ब्लड प्रेशर कंट्रोल किया।

### नेपाल को भा रही कन्नौज के 'सेंचुरी' तरबूज की मिठास

**कन्नौज, अमृत विचार :** यूं तो कन्नौज इत्र और इतिहास की नगरी की रूप में जाना जाता है, लेकिन देश में तरबूज उत्पादन में भी इसका अग्रणी स्थान है। सुगंध नगरी की मिट्टी में पैदा होने वाले तरबूज 'सेंचुरी' और 'रामधारी' की मिठास देश में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी पहुंच चुकी है। नेपाल को प्रतिदिन यहां से एक हजार क्विंटल तरबूज भेजा जा रहा है। गंगा की कटरी में करीब डेढ़ हजार एकड़ से अधिक जमीन पर तरबूज का बंपर उत्पादन होता है, जो भारत के बड़े शहरों के अलावा नेपाल, पाकिस्तान व अफगानिस्तान तक जाता है। कटरी में फरवरी माह में किसान तरबूज की फसल बोते हैं, जो अप्रैल के अंतिम सप्ताह में तैयार हो जाती है। कटरी इलाके में कम लागत में तरबूज का बेहतर उत्पादन होता है और आम खेतों के अलावा उसमें मिठास भी अधिक होती है। एक क्विंटल तरबूज की बिक्री से किसानों के करीब 300–500 रुपये आमदनी हो जाती है।

## सोनू सिंह समेत दो ने किया आत्मसमर्पण

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मायंग में तीन साल पूर्व बनारसी लाल की दीवार गिराने और घर में घुसकर पिटाई के मामले में लोअर कोर्ट से सजा के खिलाफ सेशन कोर्ट में दाखिल अपील खारिज होने के बाद सोमवार को पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व अंशु सिंह उर्फ सूर्य प्रकाश सिंह ने एमपी-एमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट की अदालत सरेंडर कर दिया।

विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के न होने के कारण प्रभारी एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट अविनाश चंद्र गौतम ने दोनों दोषियों को जेल भेज दिया।

बताते चलें कि न्यायाधीश एकता वर्मा ने एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट की कोर्ट से सजा के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया था तथा एमपी-एमएलए की कोर्ट से हुई सजा की पुष्टि कर उसे बहाल कर दिया था। पूर्व विधायक समेत तीनों दोषियों को कोर्ट ने एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट की अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया था। जिसमें बीती तारीख पर दोषसिद्ध आरोपी रुक्सार ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था जिसे जेल भेजा जा चुका है। वहीं, गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद सोमवार को पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व अंशू सिंह ने सरेंडर किया जिन्हें जेल भेज दिया गया है।

## संजय सिंह मामले में सुनवाई 20 को

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** आपके सांसद संजय के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने 20 जून की तारीख नियत की है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके हैं, जबकि आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है।

संजय सिंह।

## सपा ने 1056 व भाजपा ने 1018 बूथ जीते

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 1056 तो भाजपा ने 1018 बूथ जीते। बूथों पर दोनों दलों को मिले वोटों के अंतराल ने चुनाव परिणाम को बदल डाला। ईवीएम से सपा के पक्ष में 5,53,549 और भाजपा के पक्ष में 4,99,002 मत निकले। पोस्टल बैलेट अलग हैं।

फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र अयोध्या, बीकापुर, मिल्कीपुर, रुदौली और दरियाबाद आते हैं। इनमें कुल 2074 बूथ हैं। जिन पर वोट डाले गए। चार जून को मतों की गिनती की गई तो बूथों पर पड़े वोटों की जो तस्वीर सामने आई वह चौंकाने वाली रही। केवल मतों में ही नहीं बूथों की जंग में भी दोनों दल एक-दूसरे को पछाड़ने में लगे रहे। समाजवादी पार्टी ने पांचों विधानसभा क्षेत्रों में कुल लगभग 1056 बूथ जीतकर सपा का दूसरी बार परचम लहराया। भाजपा ने भी 1018 बूथ जीते। बूथों की जीत में तो अंतर 38 का था। लेकिन बूथों पर मिले वोटों के अंतर ने तस्वीर ज्यादा बदली। सपा ने जो बूथ जीते वहां दोनों दलों के बीच वोटों का अंतर ज्यादा था लेकिन भाजपा ने जो बूथ जीते उन बूथों पर जीत का अंतर कम रहा। चुनाव में सपा के पक्ष में हवा के साथ भाजपा के बूथ मैनेजमेंट ने भी प्रभाव डाला।

- भूमि अधिग्रहण वाले क्षेत्रों ने बदली अयोध्या की तस्वीर

**जीते गए बूथ एक नजर में**

| क्षेत्र | कुल बूथ | सपा | भाजपा |
|---|---|---|---|
| रुदौली | 392 | 212 | 180 |
| दरियाबाद | 458 | 223 | 235 |
| बीकापुर | 410 | 276 | 134 |
| अयोध्या | 400 | 166 | 284 |
| मिल्कीपुर | 414 | 229 | 185 |

### कम बूथ जीत कर भी आगे रही सपा

बूथों पर दोनों दलों के मिले वोटों के अंतर का ही परिणाम रहा कि कम बूथ जीतकर भी समाजवादी पार्टी आगे रही। आंकड़े दिखाते हैं कि दरियाबाद के 458 बूथों में सपा 223 बूथ ही जीत सकी। जबकि भाजपा ने 235 बूथ जीते लेकिन सपा ने यहां 10 हजार से लीड ली।

## पहले दिन 450 शूटर्स ने बुल्स आई पर साधा निशाना

### प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता समारोह पूर्वक शुरू, विभिन्न प्रदेशों के लगभग तीन हजार शूटर्स ले रहे हिस्सा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उप्र स्टेट राइफल्स एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को यहां भवदीय शूटिंग रेंज में प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता समारोहपूर्वक शुरू हुई। मुख्य अतिथि यूपीएसआरए के अध्यक्ष श्याम सिंह यादव व आईजी अयोध्या जोन प्रवीण कुमार, विशिष्ट अतिथि यूपीएसआरए के महासचिव जीएस सिंह, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह यादव ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। पहले दिन एयर राइफल व एयर पिस्टल शूटिंग में महारत रखने वाले लगभग 450 शूटर्स ने बुल्स आई पर निशाना लगाते हुए भाग्य आजमाया।

शूटिंग प्रतियोगिता में बुल्स आई पर निशाना साधते शूटर्स। अमृत विचार

मुख्य अतिथि यूपीएसआरए अध्यक्ष यादव ने कहा कि यहां प्रतियोगिता आयोजन का उद्देश्य है इस क्षेत्र से प्रतिभावान खिलाड़ी शूटिंग खेल में प्रतिभाग करें। आइजी प्रवीण कुमार ने कहा कि अयोध्या के लिए यह हर्ष का विषय है कि पहली बार रामनगरी में यूपीएसआरए की प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। आयोजक व कोच शनि वर्मा ने बताया कि चार दिवसीय प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में उप्र के विभिन्न क्षेत्रों सहित राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, नोएडा, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, कोलकाता,, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के लगभग तीन हजार महिला, पुरुष व बच्चे अपने वर्गों में प्रतिभाग कर रहे हैं। इसी प्रतियोगिता से क्वालीफाई होकर शूटर्स स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के पात्र हो सकेंगे।

सोमवार को पहले दिन हुई प्रतियोगिता के पहले राउंड में महिला, पुरुष व बच्चों सहित लगभग 450 प्रतिभागियों ने अपने वर्ग में प्रतिभाग कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## करंट लगने से महिला समेत दो की मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्र में करंट से महिला समेत लोगों की मौत हो गई।

इनायतनगर थाना क्षेत्र के डीली गिरधर निवासी काली प्रसाद (46) रविवार शाम गांव की बाग में पेड़ पर आम तोड़ने चढ़े थे। अचानक डंडा पेड़ के बीच से गुजर रही 33,000 केवीए की लाइन से छू गया और वह करंट की चपेट में आकर मौत हो गई।

वहीं हैदरगंज थाना क्षेत्र के बरौली निवासी विमला (60) खेत में गिरे बिजली के तार में उतरे करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उन्हें सीएचसी बीकापुर पहुंचाया। इमरजेंसी में तैनात डॉ. धर्मेंद्र रंजन ने मृत घोषित कर दिया।

## अजित ने शरद पवार के योगदान को याद किया

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर अपने चाचा शरद पवार को पार्टी आगे बढ़ाने में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

अजित पवार का बयान ऐसे समय में आया है, जब हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में राकांपा को हार का सामना करना पड़ा है। मुंबई में पार्टी के एक समारोह को संबोधित करते हुए अजित पवार ने राकांपा के इस रुख को दोहराया कि वह नरेन्द्र मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री पद से कम पर समझौता नहीं करेंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि हम अब भी राजग का हिस्सा हैं।

# बिजली कंपनियां श्रेणीवार दरों का प्रस्ताव पेश करें : नियामक आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ यूपी में नई बिजली दरों की निर्धारण प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों को श्रेणीवार उपभोक्ताओं की नई बिजली दरों से संबंधित प्रस्ताव आयोग में पेश करने का निर्देश दिया है।

बिजली कंपनियों की ओर से बीते नवंबर में भेजे गये प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए आयोग ने कहा कि विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र पेश किया जाए। आयोग ने नोएडा पावर कंपनी के प्रस्ताव को भी स्वीकार कर लिया है।

आयोग ने कहा कि श्रेणीवार बिजली दर का प्रस्ताव दाखिल होने पर उपभोक्ताओं के सामने सही स्थिति रखी जा सकेगी और विधिवत सुनवाई शुरू होगी। आयोग ने अगले तीन दिनों के भीतर प्रस्ताव से संबंधित आंकड़ों को समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का निर्देश दिया है। कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों ने आयोग में वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्ताव दिया था, जिस पर अब कार्रवाई शुरू हुई है। नियमों के तहत अब 120 दिनों में नियामक आयोग को नई बिजली दरों का निर्धारण करना होगा।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि अगले पांच वर्षों तक बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियां पहले उपभोक्ताओं के पक्ष में कंपनियों पर निकल रहे 33,122 करोड़ का हिसाब करें, इसके बाद ही दरों में बढ़ोतरी की बात की जाए।

### 1,01,784 करोड़ के वार्षिक राजस्व आवश्यकता का प्रस्ताव

बिजली कंपनियों ने लगभग 1,01,784 करोड़ का वार्षिक राजस्व आवश्यकता का प्रस्ताव दिया है। इसमें आरडीएसएस योजना में 13.06 प्रतिशत लाइन हानियों के आधार पर प्रस्ताव दाखिल किया गया है। लगभग एक लाख 45000 मिलियन यूनिट बिजली की आवश्यकता बताई गई है। इसकी कुल लागत लगभग 80,000 करोड़ से 85,000 करोड़ के बीच आंकी गई है। इससे पहले वर्ष 2023-24 में लगभग 92,547 करोड़ का वार्षिक राजस्व आवश्यकता प्रस्ताव दाखिल किया गया था।

# उप्र. के राज्य मंत्रियों को भी मिले महत्वपूर्ण विभाग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ कीर्तिवर्धन सिंह को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के साथ विदेश मामलों का मंत्री बनाकर उनका कद ऊंचा किया

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नवगठित मंत्रिमंडल में विभाग बंटवारे में उप्र. के राज्य मंत्रियों को भी खासा महत्व दिया है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी को कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा उन्हें शिक्षा विभाग का राज्यमंत्री भी बनाया गया है। कीर्तिवर्धन सिंह को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के साथ विदेश मामलों का मंत्री बनाकर उनका कद ऊंचा किया गया है। जितिन प्रसाद को वाणिज्य एवं उद्योग के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी मिली है।

मोदी सरकार-तीन मंत्रिमंडल में उप्र. से दो कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह और हरदीप पुरी हैं। रालोद के जयंत चौधरी को महत्वपूर्ण विभाग देकर जाट मतदाताओं में उनकी पकड़ को और मजबूत करने का संदेश दिया गया है।

मंत्रिपरिषद में दुबारा स्थान पाने वाले बीएल वर्मा उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण विभाग के राज्यमंत्री होंगे। पिछली बार उनके पास अपेक्षाकृत कम महत्व के माने जाने वाला उत्तर पूर्व विकास क्षेत्र और सहकारिता विभाग था।

मोदी सरकार-दो में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री रहे एसपी सिंह बघेल को इस बार मत्स्य, पशुपालन व डेयरी और पंचायती राज विभाग में जिम्मेदारी मिली है। पंकज चौधरी पुनः वित्त राज्यमंत्री बनाए गए हैं। पहली बार मंत्री बने कमलेश पासवान को ग्रामीण विकास विभाग का राज्यमंत्री बनाया गया है। वहीं, अपना दल (एस) की राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक विभाग की मंत्री बनाई गई हैं। वह मोदी सरकार-दो में वह वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री थीं।

### सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# साइबर सिक्योरिटी को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ साइबर क्राइम पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी

**अमृत विचार :** सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि साइबर सिक्योरिटी को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाए। वह सोमवार को सचिवालय में विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में साइबर क्राइम एक जटिल समस्या बन गया है। इस पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। इसके लिए साइबर सिक्योरिटी को और अधिक शक्तिशाली बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए निवेशकों के साथ नियमित रूप से समन्वय व संवाद स्थापित किया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों और उनकी प्रगति के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को जनमानस के लिए उपयोगी बनाने के विचार को केंद्र में रखकर विभागीय योजनाओं को रोजगारपरक व कौशल दक्षतापरक बनाया जाय। इसके लिए जिलों में एक कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना किये जाने के लिए योजना बनाई जाय, जहां बच्चों को विभिन्न कंप्यूटर पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जा सके। प्रशिक्षण के बाद उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाय। इससे बच्चों में कौशल विकास व दक्षता के साथ-साथ उन्हें रोजगार में भी सुविधा मिलेगी। बैठक में विभागीय राज्यमंत्री अजित सिंह पाल के अलावा आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर, विशेष सचिव व प्रबंध निदेशक श्रीट्रान इंडिया राहुल सिंह, विशेष सचिव व प्रबंध निदेशक यूपीडेस्को व अपट्रान पॉवरट्रानिक्स नेहा जैन, प्रबंध निदेशक यूपीएलसी रवि रंजन आदि अधिकारी शामिल हुए।

### आईटी क्षेत्र में निवेशकों के लिए बनाई जाए कार्ययोजना

सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने ई-ऑफिस प्रणाली को प्रदेश के सभी विभागों व जिलों में समयबद्ध तरीके से लागू किये जाने व आईटी क्षेत्र में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए स्पष्ट कार्य योजना बनाये जाने के निर्देश दिये। इस दौरानयूपीडेस्को, यूपीएलसी, सीईजी, श्रीट्रान इंडिया व पॉवरट्रानिक्स की ओर से विभागीय योजनाओं के संचालन के लिए प्रस्तुतीकरण दिया गया।



### आडवाणी का आशीर्वाद लेने पहुंचे शिवराज

**भोपाल :** केंद्रीय मंत्रिपरिषद में मंत्री के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद, शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नयी दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी नयी राजनीतिक पारी शुरू करने के लिए उनका आशीर्वाद लिया। जब उनसे पूछा गया कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई, तो उनके एक करीबी सूत्र ने को बताया कि यह सिर्फ एक शिष्टाचार मुलाकात थी। दोनों ने करीब 20 मिनट साथ बिताए। उनकी मुलाकात को और ज्यादा नहीं समझा जाना चाहिए। गौरतलब है कि चौहान ने हाल ही में मध्य प्रदेश की विदिशा लोकसभा सीट से 8.21 लाख मतों के भारी अंतर से प्रभावशाली जीत हासिल की है। हालांकि, यह पहली बार है कि उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल में प्रवेश किया है।

## घटक दलों के हिस्से में आया झुनझुना मंत्रालय

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में मंत्रियों के विभागों के बंटवारे पर तंज कसते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के हिस्से में आया सिर्फ़ झुनझुना मंत्रालय आया है।

आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने मंत्रालय बंटवारे पर कहा कि गृह न रक्षा न वित्त न विदेश न वाणिज्य। न सड़क न रेल न शिक्षा न स्वास्थ्य। राजग के घटक दलों के हिस्से में आया सिर्फ़ झुनझुना मंत्रालय बहुते बेइज्जती है! गौरतलब है कि राजग सरकार के मंत्रियों को विभागों का बंटवारा सोमवार शाम को हुआ।

# नीतीश कुमार उठाएं बिहार को विशेष दर्जा दिए जाने की मांग

पटना, एजेंसी

▸▸ दिल्ली से लौटे तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से कहा

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के समक्ष राज्य को विशेष दर्जा दिए जाने, देशव्यापी जाति जनगणना कराने और वंचित जातियों के लिए अधिक कोटा की मांग उठानी चाहिए।

यादव ने दिल्ली से लौटने पर देर शाम पत्रकारों से बातचीत करते हुए दावा किया कि राज्य एक निर्णायक भूमिका निभा रहा है और लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेन्द्र मोदी बेहद कमजोर स्थिति में हैं। मोदी लंबे समय से राज्य को विशेष दर्जा देने का वादा कर रहे थे, लेकिन हाल में उन्होंने इस पर चुप्पी साध ली है। उन्होंने कहा कि नीतीश जी को अपनी स्थिति का लाभ उठाते हुए राज्य को विशेष दर्जे और राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना जैसी मांगों पर जोर देना चाहिए। जब हम सत्ता में थे, तब अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए कोटा बढ़ाया गया था।

# बिहार : पप्पू यादव के खिलाफ जबरन वसूली का मामला दर्ज

पूर्णिया (बिहार), एजेंसी

▸▸ शिकायतकर्ता ने लगाया पैसा न देने पर जान से मारने का आरोप

बिहार के नवनिर्वाचित सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के खिलाफ एक व्यवसायी ने द्वारा जबरन वसूली करने का आ रोप लगाये जाने के बाद सोमवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूर्णिया जिले की पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यादव ने साज-सजावट का व्यवसाय करने वाले शिकायतकर्ता को चार जून को मतगणना के दिन अपने आवास पर बुलाया और उनसे एक करोड़ रुपये मांगे।

पुलिस ने बयान में कहा कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि यादव ने पहले 2021 और 2023 में इसी तरह की मांग की थी। आरोप लगाया कि इस बार यादव ने रुपये नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी और चेतावनी दी कि उन्हें अगले पांच साल तक सांसद से निपटना होगा। शिकायत के आधार पर सांसद और उनके करीबी सहयोगी अमित यादव के खिलाफ मुफस्सिल थाने में भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। यादव पर अक्सर बल प्रयोग करने का आरोप लगता रहा है। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में वह पूर्णिया सीट से निर्वाचित हुए। उन्होंने जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के दो बार के सांसद संतोष कुशवाहा को हराया था। कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन के पति यादव ने चुनाव से पहले अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था, लेकिन सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ दोस्ताना मुकाबले में उतरने में पार्टी की अनिच्छा के बाद उन्होंने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा। इस सीट से राजद उम्मीदवार बीमा भारती तीसरे स्थान पर रहीं और उनकी जमानत जब्त हो गई।

## उद्धव ने महाराष्ट्र विस चुनाव को लेकर बैठक की

**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने साल की दूसरी छमाही में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने के लिए सोमवार को यहां पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। शिवसेना (यूबीटी) ने हालिया लोकसभा चुनाव में नौ सीट जीतीं, हालांकि उसने राज्य की 48 सीट में से 21 पर चुनाव लड़ा था। बैठक में जिला प्रमुखों और अन्य प्रमुख व्यक्तियों सहित पार्टी पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# कैदी की मौत से नाराज परिजन का जेल पर पथराव

भरतपुर, एजेंसी

राजस्थान में भरतपुर संभाग की गंगापुर सिटी की जेल में बंद एक कैदी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो जाने से आक्रोशित परिजनों ने जेल पर पथराव करने के साथ उग्र प्रदर्शन किया।

दुष्कर्म के एक मामले में 12 अप्रैल से जेल में बंद रुंडी का पूरा कुड़गांव बामनवास निवासी सोनू बैरवा को रीड की हड्डी और पीठ में दर्द की शिकायत पर चार से नौ जून तक आधा दर्जन बार सरकारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन आराम नहीं मिलने पर उसे जेल प्रशासन और जेल डॉक्टर द्वारा जयपुर भेजने का निर्णय लिया गया। सूत्रों ने बताया कि सोनू को इलाज के लिये 10 जून को जयपुर एसएमएस ले जाया जाना था, लेकिन सुबह जब जेलर सुखबीर सिंह और जेल स्टाफ ने बैरक खोलकर जांच की तो बैरक नंबर तीन में बंद सोनू बेहोश मिला। उसे तत्काल हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टर ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कुछ ही देर में सोनू के परिजन भी जेल पहुंच गये, मौत की खबर सुनकर परिजन में आक्रोश फैल गया। उन्होंने जेल पर उग्र प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## उत्तराखंड

# कैंची मेले में मरीजों के लिए रहेगी हेली सेवा

### कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम की स्थापना दिवस पर धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ और भक्तों की सुविधाओं को लेकर सोमवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने जिले भर के अधिकारियों के साथ राज्य अतिथि गृह में बैठक की। कुमाऊं आयुक्त ने बताया कि इस बार कैंची धाम का स्थापना दिवस वीकेंड के मौके पर हो रहा है।

ऐसे में धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दोगुनी बढ़ने की उम्मीद है। कुमाऊं आयुक्त ने कैंची धाम क्षेत्र में पार्किंग, स्वास्थ्य सुविधा, बिजली-पानी, यातायात, शटल सेवा की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए। मेले के दौरान यदि किसी की अचानक ज्यादा तबीयत बिगड़ जाय या प्राथमिक उपचार के बाद किसी मरीज को हायर सेंटर भेजा जाता है तो ऐसे मरीज को हेली सेवा के माध्यम से हायर सेंटर भेजा जाएगा।

कैंची धाम के स्थापना दिवस के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की बैठक लेते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

### पार्किंग के लिए 14 स्थल चिह्नित

बैठक के दौरान भवाली और गरमपानी में पार्किंग के लिए 14 स्थलों को चिह्नित किया गया, जिसमें 1500 से अधिक छोटे बड़े वाहन पार्क हो सकते हैं। भवाली, भीमताल, हल्द्वानी से आने वाले वाहनों को नैनीबैंड बाईपास, भवाली मैदान, रानीखेत रोड में पार्क किया जाएगा, जबकि नैनीताल, ज्योलीकोट आदि इलाकों से आने वाले वाहनों को मस्जिद तिराहा, सेनिटोरियम बाईपास में पार्क किया जाएगा। शटल सेवा से कैंची को भेजा जाएगा। साथ ही गरमपानी, रानीखेत, अल्मोड़ा से आने वाले वाहनों को गरम पानी में पार्किंग, वहां पनीराम के ढाबे तक शटल के माध्यम से भेजा जाएगा।

# किशोर न्यायालय बोर्ड में सरकार चार सप्ताह में नियुक्त करे सदस्य

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने किशोर न्यायालय बोर्ड ऊधमसिंह नगर में सदस्य की नियम विरुद्ध जाकर नियुक्ति करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिका को निस्तारित करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि चार सप्ताह के भीतर सदस्य की नियुक्ति करें। कोर्ट ने यह भी कहा है कि सदस्य की नियुक्ति करने का अधिकार चयन समिति का है न कि राज्य सरकार का। राज्य सरकार ने इनकी नियुक्ति नियमों के विरुद्ध जाकर की है। मामले के अनुसार वेदना गुप्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि उन्होंने किशोर न्यायालय बोर्ड ऊधमसिंह नगर के सदस्य पद के लिए आवेदन किया था। चयन समिति ने इस पद पर चयन के लिए सूची बनाई थी, उसमें उनका स्थान पहले नंबर पर था। बाद में राज्य सरकार ने इस पद पर उनकी नियुक्ति न कर दूसरे व तीसरे स्थान वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति कर दी। जबकि चयन समिति में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश शामिल होते हैं। सरकार ने इन न्यायाधीशों के विरुद्ध जाकर नियुक्ति की है। इस संबंध में उन्होंने राज्य सरकार से शिकायत की, लेकिन कोई विचार नहीं किया गया। तब उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

### वक्फ बोर्ड के सीईओ की नियुक्ति पर रुख स्पष्ट करें

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड के सीईओ के पद को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को सोमवार तक वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने हल्द्वानी निवासी इमरान अली की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद यह निर्देश दिए। इमरान ने कोर्ट को बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से वक्फ बोर्ड के सीईओ के पद पर स्थायी नियुक्ति नहीं की जा रही है। वर्तमान में इस पद पर एक अधिशासी अभियंता को तैनात किया गया है, जो कि वक्फ बोर्ड अधिनियम के प्रावधान के खिलाफ है।

# पढ़ाई संग कमाई भी करेंगे छात्र : डॉ. रावत

ब्यूरो, देहरादून

**योजना**

▸▸ प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू होगी सीएम-लीप योजना

▸▸ योजना के तहत 6 हजार प्रतिमाह तक पारिश्रमिक पाएंगे छात्र

**अमृत विचार:** सूबे के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं अब पढाई के साथ कमाई भी करेंगे। इसके लिए सरकार ने 'सीएम लीप अर्न वाइल यू लर्न' योजना को अपनी मंजूरी दे दी है। राज्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शीघ्र ही इस योजना को लागू किया जायेगा। योजना के तहत स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान स्तर पर चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं को अधिकतम छह हजार मासिक पारिश्रमिक दिया जायेगा।

यह जानकारी देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि शीघ्र ही शासन स्तर से इसका शासनादेश जारी कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि सीखो और कमाओ आधारित इस योजना के तहत प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों, राजकीय महाविद्यालयों और अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध छात्र-छात्राओं को संस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य सौंपे जायेंगे। जिसमें पुस्तकालय संचालन सहायता कार्य, प्रयोगशालाओं में उपकरण संचालन, रखरखाव और प्रायोगिक सत्रों के लिए प्रयोगशाला सहायता संबंधी कार्य तथा कार्यालयी प्रशासनिक कार्य आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि योजना हेतु अभ्यर्थियों का चयन उनके समग्र शैक्षणिक स्कोर के आधार किया जायेगा। चयनित छात्र-छात्राओं को सौ रुपये प्रति घंटे के हिसाब से अधिकतम छह हजार रुपये प्रतिमाह पारिश्रमिक दिया जायेगा। इस योजना के लिए स्नातक द्वितीय वर्ष (तृतीय/चतुर्थ सेमेस्टर) से लेकर स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं तथा शोधार्थी पात्र होंगे।

डॉ. धन सिंह रावत।

**खोज** पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों ने विकसित कीं 15 प्रतिशत तक अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियां

# किसानों को मालामाल करेंगी सोयाबीन की दो नई प्रजातियां

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचार :** विभिन्न फसलों की उन्नतशील किस्में विकसित कर देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने वाले जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक और कारनामा कर दिखाया है। वैज्ञानिकों ने अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित शोध परियोजना के मुख्य सोयाबीन प्रजनक डॉ. कामेंद्र सिंह के निर्देशन में पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के लिए सोयाबीन की दो नई प्रजातियां (पंत सोयाबीन-25 एवं पंत सोयाबीन-26) विकसित की हैं। इन दोनों प्रजातियों को केंद्रीय विमोचन समिति की ओर से विमोचित कर दिया गया है।

पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अब तक सोयाबीन की 24 प्रजातियां विकसित की हैं, जो देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों द्वारा सफलतापूर्वक उगाई जा रही हैं। प्रजनक टीम में शामिल डॉ. पीएस शुक्ल, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह व डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि नई विकसित प्रजातियों की प्रमुख विशेषता है कि वह पूर्व में विकसित किस्मों से 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन क्षमता के साथ विषाणु रोग रोधी हैं। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह और निदेशक शोध डॉ. एएस नैन ने वैज्ञानिकों की इस सफलता पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रजातियां किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।

"अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित परियोजना के अंतर्गत अब तक सोयाबीन की 24 प्रजातियां विकसित हो चुकी हैं। वर्तमान में पंत सोयाबीन-25 प्रजाति उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों तथा पंत सोयाबीन-26 मैदानी व भावर क्षेत्र के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगी। इससे किसान 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन ले सकेंगे।

– डॉ. कामेंद्र सिंह, मुख्य प्रजनक सोयाबीन-पंतनगर विवि

### सोयाबीन की नई प्रजातियों की यह है विशेषता

**पंत सोयाबीन-25 :** यह किस्म (पीएस-1042 × एमएसीएस-450) × (पीएस-1024 × पीएस-1241) के बहुसंकरण से वंशावली विधि द्वारा विकसित की गई है। यह किस्म भारत के उत्तर पर्वतीय क्षेत्र (हिमाचल व उत्तराखंड) के लिए उपयुक्त है। इसमें प्रोटीन एवं तेल की मात्रा क्रमश: लगभग 40-41 एवं 18-19 प्रतिशत होती है। यह किस्म 118-120 दिन में पक कर तैयार होती है तथा इसकी उत्पादन क्षमता 30-35 कुंतल प्रति हेक्टेयर है।

**पंत सोयाबीन-26 :** यह किस्म (पीएस-1092 × पीएस-1042 × पीएस-1241) के संकरण से वंशावली विधि द्वारा उत्तरी मैदानी क्षेत्र (पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश (बुंदेलखंड को छोड़कर) और उत्तराखंड के तराई व भावर क्षेत्र) के लिए विकसित की गई है। इसमें प्रोटीन एवं तेल की मात्रा क्रमश: लगभग 40-41 एवं 17-18 प्रतिशत है।

# न्यायिक उदासीनता ऑनर किलिंग जैसे मामलों को जन्म देती है : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ हाई कोर्ट ने सिद्धार्थनगर के न्यायिक मजिस्ट्रेट को लगाई फटकार

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सिद्धार्थनगर के न्यायिक मजिस्ट्रेट को एक वयस्क महिला को उसके चाचा के घर भेजने पर फटकार लगाते हुए कहा कि कोई भी वयस्क व्यक्ति अपनी पसंद के व्यक्ति के साथ रहने और अपनी इच्छा के अनुसार विवाह करने के लिए स्वतंत्र है। यह अधिकार प्रत्येक वयस्क व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार प्राप्त हैं।

कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि एक वयस्क को किसी दूसरे की हिरासत में नहीं भेजा जा सकता और उसे उसके साथ रहने के लिए मजबूर भी नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने नाजिया अंसारी और अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के साथ ही सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षक और पुलिस स्टेशन बांसी के थाना प्रभारी को भी मामले में समान रूप से उत्तरदायी मानते हुए कहा कि महिला को उचित सुरक्षा न देकर पुलिस ने बड़ी गलती की है। ऐसी गलती ही ऑनर किलिंग जैसी घटनाओं को आमंत्रित करती है। दरअसल पीड़ित महिला ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज बयान में अपने चाचा और माता-पिता के घर जाने से इनकार किया था और उनसे अपनी जान को खतरा बताया था।

इसके बावजूद न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिद्धार्थ नगर ने याची को उसके चाचा के घर भेज दिया। इस पर कोर्ट ने कहा कि मजिस्ट्रेट का कर्तव्य था कि वह महिला के चाचा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाकर महिला के जीवन को सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त उपाय करते। कोर्ट ने महिला के चाचा द्वारा दूसरे याची के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को अवैध करार देते हुए एसपी, सिद्धार्थ नगर और स्टेशन हाउस ऑफिसर, बांसी को यह सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी किया कि महिला के चाचा या किसी अन्य पारिवारिक सदस्य की ओर से याचियों को किसी भी तरह की बाधा या हानि नहीं पहुंचनी चाहिए। इसके अलावा कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को भी यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि महिला के चाचा और परिवारीजनों से उसे कोई नुकसान न पहुंचे और वह अपने साथी के साथ स्वतंत्र एवं भयमुक्त जीवनयापन कर सके।

## आईसीडीएस विभाग संचालित करेगा पीएम मातृ वंदना योजना

**लखनऊ, अमृत विचार :** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित होने वाली प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) अब महिला कल्याण व बाल विकास एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) विभाग के आधीन संचालित होगी। योजना के हस्तांतरित होने के बाद विभाग की आईसीडीएस निदेशक ने दिशा निर्देश जारी किए हैं।

निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने सोमवार को सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ पात्र महिला को पहले दो जीवित बच्चों के लिए प्रदान किया जाएगा। बशर्ते दूसरी संतान बालिका हो। केंद्र व राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अधीन कार्यरत महिलाएं इस योजना के लिए पात्रता की श्रेणी में नहीं आएंगी।

# बैंक विलय के चलते बाउंस हुए चेक एनआई एक्ट के तहत अपराध नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ चेक अनादरण के संबंध में हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने चेक अनादरण के संबंध में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि अगर किसी अमान्य चेक को बैंक के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है और उसे भुगतान के समय अस्वीकार कर दिया जाता है तो ऐसी स्थिति में एनआई अधिनियम की धारा 138 के तहत कोई देयता नहीं बनती है।

दरअसल मौजूदा मामले में विलय के बाद इलाहाबाद बैंक का चेक 30.9.2021 के बाद से अमान्य घोषित कर दिया गया, ऐसे में याची द्वारा विपक्षी को जारी किया गया चेक भुगतान के लिए प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गया, लेकिन यह अनादरण उक्त अधिनियम की धारा 138 के तहत अपराध का निर्माण नहीं करता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकलपीठ ने अर्चना सिंह गौतम द्वारा दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए की, जिसमें एनआई अधिनियम की धारा 138 के तहत एक शिकायत मामले में आक्षेपित समन आदेश सहित पूरी आपराधिक कार्यवाही को रद करने की मांग की गई थी। मामले के अनुसार याची/अभियुक्त ने पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के खाते से विपक्षी को 2 जून 2023 को एक चेक जारी किया। इलाहाबाद बैंक का 1 अप्रैल 2020 को इंडियन बैंक में विलय हो चुका है और इंडियन बैंक द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार इलाहाबाद बैंक के चेक केवल 30 सितंबर 2021 तक ही वैध रहने थे। दिनांक 21 अगस्त 2023 को विपक्षी द्वारा भुगतान के लिए चेक इंडियन बैंक में प्रस्तुत किया गया और इसे 25 अगस्त 2023 को गलत तरीके से वितरित नहीं किया गया टिप्पणी के साथ वापस कर दिया गया था। इस पर विपक्षी ने याची के खिलाफ विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांदा के समक्ष शिकायत दर्ज की। सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची ने जानबूझकर विलय हो चुके बैंक का अमान्य चेक विपक्षी को जारी किया। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि इलाहाबाद बैंक द्वारा जारी किए गए चेक 30 सितंबर 2021 तक ही वैध थे। इसकी वैधता के दौरान ही चेक प्रस्तुत किया जाना चाहिए था। ऐसे चेकों का अनादरण नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट की धारा 138 के तहत अपराध नहीं बनाता है।

# जुलाई में कुशीनगर के लिए जेट विंग्स भरेगी उड़ान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ विभिन्न एयरलाइंस से संपर्क साधा जा रहा, भेजा गया पत्र

**अमृत विचार :** पश्चिमी यूपी से पूर्वांचल और बिहार को जोड़ने के लिए बरेली से कुशीनगर के लिए जेट विंग्स ने सर्वे का काम पूरा कर लिया है। संभावना है कि जुलाई से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। वहीं, बरेली से दिल्ली तक हवाई सफर को फिर से शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में इंडिगो को पत्र भेजा गया है। एयरपोर्ट निदेशक ने संपर्क प्रगति जानी है।

बरेली एयरपोर्ट से दिल्ली, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, कलकत्ता, सूरत तक हवाई सेवा शुरू कराने के प्रयास हो रहे हैं। इसके लिए विभिन्न एयरलाइंस को ई मेल के जरिए पत्र भेजकर बरेली एयरपोर्ट पर सुविधाओं के बारे में बताया गया है। यहां से हर रोज यात्रियों की अच्छी खासी संख्या होने की बात बताई जा रही है।

बरेली से दिल्ली के लिए हवाई सेवा का अनुबंध 30 मार्च को समाप्त होने के बाद एलायंस एयर ने फ्लाइट को बंद कर दिया है। यहां के लिए इंडिगो एयरलाइंस से फ्लाइट शुरू कराने को संपर्क साधा गया है। इधर, पश्चिमी यूपी को पूर्वांचल और बिहार के कुछ जनपदों को जोड़ने के लिए सर्वे का काम पूरा होने के बाद शेड्यूल का इंतजार किया जा रहा है।

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत बरेली से कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए हवाई सेवा जल्द से जल्द चालू हो सके, इसके लिए जेट विंग्स एयरवेज की उड़ान की मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन समय सारणी का निर्धारण नहीं हो पाया है। इसके लिए जेट विंग्स एयरवेज फिर से रिमांडर भेजा गया है।

> बरेली एयर पोर्ट से विभिन्न शहरों के लिए हवाई यात्रा शुरू कराने के लिए एयरलाइंस कंपनियों को पत्र भेजा गया है। प्रयास है कि बरेली से दिल्ली और कुशीनगर की फ्लाइट शीघ्र शुरू हो जाएं। –**अवधेश अग्रवाल,** निदेशक, बरेली एयर पोर्ट

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत बरेली- कुशीनगर के टिकट दर पर 50 प्रतिशत का अनुदान रहेगा। एयरलाइंस कंपनियों को उम्मीद है कि बरेली, मुरादाबाद मंडल, उत्तराखंड, पूर्वांचल के गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़ मंडल, बिहार के गोपालगंज, सिवान, बेतिया, बगहा सहित आदि स्थानों के लिए काफी संख्या में यात्री मिलेंगे।

## जयाप्रदा के आचार संहिता संबंधी मामलों में सुनवाई 25 को

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व सांसद जयाप्रदा के आचार संहिता से जुड़े दोनों मामलों में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इन मामलों में सुनवाई के लिए 25 जून की तारीख तय की है। 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार व केमरी थाने में भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के दो मामले दर्ज हुए थे। दोनों मामलों की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही है। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि इस मामले में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब 25 जून को सुनवाई होगी।

# इंस्टाग्राम चलाने से मना करने पर पत्नी ने कर ली आत्महत्या

नोएडा, एजेंसी

नोएडा में सोमवार सुबह कथित तौर पर पति द्वारा सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करने से मना किए जाने पर नाराज महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घटना सेक्टर-39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी की है और मृतका की पहचान विशाखा के रूप में हुई है। सहायक पुलिस आयुक्त प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस को सोमवार सुबह इस घटना के बारे में सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच में पाया कि महिला इंस्टाग्राम का उपयोग करती थी और उसका पति ऐसा करने के लिए उसे मना करता था। इसी बात से नाराज होकर महिला ने यह कदम उठाया। सिंह ने बताया कि महिला की नौ वर्ष पहले शादी हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों इस बारे में सूचना दे दी गई है और मामले में जांच जारी है।

▸▸ नौ वर्षों पहले हुई थी शादी, मामले की जांच जारी

### युवक ने युवती को गोली मारने के बाद दी जान

**सहारनपुर :** जिले में सोमवार को कथित तौर पर एक युवक ने एक युवती को गोली मारने के बाद खुदकुशी कर ली। सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने सोमवार को बताया कि देवबंद थाना क्षेत्र के ग्राम भायला निवासी राजन (26) अपनी बुआ के गांव ताजपुरा की एक युवती (24) के साथ प्रेम प्रसंग में था। दोनों के परिजन शादी के लिये तैयार थे, लेकिन युवती ने इनकार कर दिया इसी बात से नाराज राजन सुबह युवती के घर पहुंचा और उसे गोली मार दी। जैन ने बताया कि युवती को मृत समझकर राजन वहां से भागकर पास के एक खेत में गया और खुद की कनपटी पर गोली मार कर आत्महत्या कर ली। युवती का उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## माफिया अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति चिह्नित

**बरेली, अमृत विचार :** माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम की पांच संपत्तियों को प्रयागराज पुलिस ने चिह्नित कर रिपोर्ट राजस्व विभाग को भेजी गई है। गैंगेस्टर एक्ट में संपत्ति जब्त की जाएगी। प्रयागराज पुलिस जल्द बरेली पुलिस को भी पूरे मामले में रिपोर्ट भेजेगी।

अशरफ के साले सद्दाम पर उमेश पाल हत्याकांड में शामिल शूटरों को बरेली जेल में बंद रहे अशरफ से मिलवाने और जेल में अशरफ को सभी सुविधा मुहैया कराने का आरोप था। मामले में बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। सद्दाम कई दिनों तक फरार रहा था। उसे दिल्ली से एक पूर्व मंत्री की बेटी के फ्लैट से गिरफ्तार किया गया था।

## धर्म दर्शन

# पौराणिक साहित्य में अयोध्या

विष्णु पुराण के अनुसार राजा कल्माषपाद या सौदास मित्रसह के बाद की दसवीं अर्थात् इक्ष्वाकु की 60 वीं पीढ़ी में दशरथ द्वितीय के पुत्र श्रीराम का अवतरण हुआ था। जहां तक दशरथ प्रथम का प्रश्न है, राजा कल्माषपाद के बाद 51 वीं पीढ़ी में अश्मक, 52 वीं मे मूलक या नारी कवच के बाद 52 वीं पीढ़ी में राजा दशरथ प्रथम हुए थे। महाभारत के सभापर्व के अनुसार अयोध्या के समकालीन नरेश धर्मपरायण नरेश महाबली दीर्घ यज्ञ को भीमसेन ने अपनी व्यवहार कुशलता से बिना युद्ध के ही वशवर्ती बना लिया था। वनपर्व के विभिन्न अध्यायों में रामकथा के प्रसंग में कई बार अयोध्या का उल्लेख हुआ है। उद्योगपर्व (115/18) में भी अयोध्या का नाम आया है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

पौराणिक साहित्य एवं लोक अनुश्रुतियों में अयोध्याः सूर्यवंशी मानवेन्द्र मनु द्वारा बसाई, इक्ष्वाकुओं की गौरवशाली राजधानी रही अयोध्या के गौरवशाली अतीत से सभी परिचित हैं। यशस्वी चक्रवर्ती सम्राट सगर भी यहीं के थे। पुराणों में अयोध्या श्रीराम और सगर के नगर के रूप में प्रतिश्रुत है। यही नहीं यही पुराण अन्यत्र भारत की सात पवित्र पुरियों - "अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची, अवंतिका। पुरी द्वारावती, ह्येता सप्तैते मोक्षदायिका।" (अर्थात् अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, काशी, कांची, उज्जयिनी तथा द्वारका) में प्रथम स्थान देता है। ब्रह्मांड पुराण अयोध्या के दूसरे नाम साकेत का भी उल्लेख करता है। राम नवमी के अवसर पर यहां आयोजित आनंदोत्सव या मेले में भक्तजन की भारी संख्या जुटती है। धर्मप्राण हिन्दुओं के लिए सात ऊपर लिखित मोक्षदायिका पुरियों की भांति, सभी मांगलिक कार्यों में प्रयुक्त पूजन जल में गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु एवं कावेरी नामक सात अति पवित्र नदियों के पावन जल की उपस्थिति की कल्पना की जाती है- "गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु ।।" संस्कृत भाषा से परिचित हर श्रोता का मन इस पावन मंत्र का मंगलोच्चार सुनते ही रोमांचित हो उठता है।

पुराणों के अनुसार सरयू नदी की उत्पत्ति श्रीहरि विष्णु के आनन्दाश्रुओं से हुई। शंखासुर ने हमारे चारों वेदों को चुराकर समुद्र में छिपा दिया था और स्वयं भी छिप गया। संपूर्ण संसार में अज्ञान का अंधकार व्याप्त हो गया। श्रीहरि विष्णु ने मत्स्यावतार लेकर शंखासुर का वध कर चारों वेदों को ब्रह्मा जी को सुरक्षित सौंपकर पुनः अपना वास्तविक स्वरूप धारण किया। वेदों की सुरक्षित वापसी से प्रसन्न भगवान विष्णु के नेत्रों से टपके आनंद के आंसुओं को ब्रह्माजी ने सुरक्षित रख लिया था। बाद में उनको सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विधाता ने कैलास के निकट स्थित मानसरोवर मे उड़ेल दिया। अश्वबिंदुओं के पड़ते ही मानसरोवर में आए उछाल से सरोवर का तटबंध टूट गया। उसी निकली जलधारा से टूट गया जिससे सरयू नदी की उत्पत्ति हुई।

# वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान

हमारे ऋषियों ने 'वेद' शब्द का संबोधन किसी पुस्तक विशेष के लिए नहीं किया है। वेद का अर्थ है दिव्य साक्षात्कार से उद्धत ज्ञान। इस आधार पर वेद कोई पुस्तक न होकर ज्ञान की एक विशिष्ट परिष्कृत धारा है।

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए "वेदानां सामवेदोऽस्मि", 'वेदों में मैं सामवेद हूं 'कहकर सामवेद की गरिमा को प्रकट किया है। गीता के इस कथन से यह भाव निकलता है कि वेद की सामधारा या विधा को समझ लेने से मुझे अर्थात् परमात्म चेतना को भी समझा जा सकता है। प्रत्यक्ष रूप से यहां ज्ञान के साथ भावना के सहयोग का महत्व समझाया गया है। यह सत्य है कि ज्ञान दृष्टि से ईश्वर का साक्षात्कार किया जा सकता है,किंतु भावना के बिना ज्ञानदृष्टि भी अपूर्ण ही रहती है। भावना में उफान होता है। उसे भटकन से बचाकर दिशाबद्ध ज्ञान विवेक ही करता है। इसीलिए ज्ञान एवं भावना का युग्म ही ईश्वर साक्षात्कार का सुनिश्चित आधार बनता है। तुलसीदास जी ने भी श्रद्धा और विश्वास के बिना अपने ही अंतःकरण में स्थित ईश्वर को न देख पाने की बात कही है। ज्ञान की परिपक्वता से विश्वास उपजता है तथा भावना की परिपक्वता श्रद्धा है। यदि वेद ज्ञान है तो साम है गान। गान का सीधा-सीधा संबंध भाव संवेदना से है। अनुभूति की अभिव्यक्ति में शब्दों की सामर्थ्य बहुधा छोटी पड़ जाती है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान हैं। उन्हें व्यक्त करने में शब्दशक्ति अपर्याप्त हैं। ऋषियों ने अपने अनुभूति जन्य ज्ञान को शब्दों में व्यक्त करने का प्रयास किया,किंतु जब वे इससे संतुष्ट नहीं हुए तो उन्होंने ईमानदारी से 'नेति नेति' कहकर अपनी बात पूरी की। शब्दों द्वारा अभिव्यक्ति की तीन धाराएं कही गई हैं गद्य,पद्य एवं गान। ज्ञान की किसी भी धारा को इन्हीं माध्यमों से व्यक्त किया जाता रहा है। ज्ञान की सार्थकता, पूर्णता तभी है, जब वह पुनः अपने उद्गम तक जा पहुंचे। ईश्वर तक पहुंचाने के लिए उसे भावना का योग चाहिए। भाषा को भावपूर्ण बनाने के प्रयास में ही मंत्र बने। गद्य की अपेक्षा पद्य में भाव-संयोग एवं उभार की क्षमता अधिक पाई गई।

## वर्ग पहेली-97

**बाएं से दाएं**

1.1. जर्मनी का एक प्रसिद्ध राजनीतिक दल जिसका पराभव द्वितीय विश्वयुद्ध में हुआ 2. उक्त दल का सदस्य।

2.1. हंसने का उपक्रम 2. हंसने का तरीका।

7. जो जनता के लिए उपयोगी या हितकर हो (बात या काम)।

10.1. जो सुलझी न हो, जो सुलझाई न जा सकी हो, उलझी हुई 2. जिस समस्या का समाधान न किया गया हो उसका विशेषण।

**ऊपर से नीचे**

3. सहयोग या सहायता करने वाला व्यक्ति।

4.1. खोटे या दुष्ट होने की अवस्था

5. रोला छंद का एक नाम।

6. पाश्चात्य चिकित्सा प्रणाली या पद्धति अर्थात एलोपैथी द्वारा उपचार करने वाला डॉक्टर।

8.1. बहुत अधिक थका हुआ, शिथिल, थका-मांदा, अशक्त 2. जो असफल होने पर उत्साह रहित हो गया हो, पस्त।

9.1. उतनी मात्रा जितना एक बार में पेरने या पीसने के लिए चक्की में डाला जाए 2. उतना अंश जितना एक बार में बनाया या पकाया जाए 3. कठोर प्रहार, चोट।



### वर्ग पहेली -96 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 च | 2 ना | ■ | 3 उ | ■ | ■ | 4 अ |
| ■ | 5 सा | गू | दा | ना | ■ | फ़ |
| ■ | ज़ | ■ | री | ■ | ■ | सो |
| ■ | ■ | 6 चो | क | ■ | ■ | स |
| ■ | 7 खँ | खा | र | ■ | ■ | ज |
| ■ | ■ | ■ | ण | ■ | ■ | न |
| 8 झाँ | झ | न | ■ | 9 पो | त | क |

## सुडोकू -10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 3 | | 5 | | | 7 | |
| | | 2 | | 1 | | | 9 | 8 |
| 4 | | 6 | | | 8 | | | 3 |
| | | | 5 | | | 4 | | 2 |
| | 8 | | | | | | 1 | |
| 9 | | 1 | | | 7 | | | |
| 2 | | | 1 | | | 3 | | 5 |
| 1 | 7 | | | 6 | | 8 | | |
| | 3 | | | 4 | | 7 | 2 | |

### सुडोकू - 9 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 |
| 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 |
| 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 17 .27 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 23 .39 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज इस समय आपको किसी से ज्यादा अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। सबके प्रति अच्छा व्यवहार रखें, वरना आपके अपने ही लोग आपके प्रति बैरभाव रख सकते हैं। व्यावसायिक गतिविधियों के लिए समय उत्तम नहीं है। धन उधार देने से आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष** — आज व्यवसाय को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। थोक व्यापारियों के लिए दिन बहुत लाभकारी रहेगा। आपकी योजना पूरी तरह से सफल होगी। प्रेमीजन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज कुछ स्वजनों की बातें आपको निराश कर सकती हैं। दूरस्थ मित्रों के साथ बातें करके आपका मन शांत होगा। आप अपने लक्ष्य से कुछ विचलित हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाना फिलहाल उचित नहीं है।

**कर्क** — आज यदि आप व्यापारी हैं तो आप अपने उत्पादों की उत्तम ब्रांडिंग कर सकते हैं। प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच आपका संपर्क मजबूत होगा। आप कर्मक्षेत्र में बेहतरीन सफलता प्राप्त करेंगे जिसके कारण आप लोगों की दृष्टि में काफी सम्मानित रहेंगे।

**सिंह** — आज व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपको ऐसा प्रतीत होगा की लोग आपकी अनदेखी कर रहे हैं। जॉब में सहकर्मियों का साथ मिलेगा,लेकिन किसी से अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

**कन्या** — आज उच्चाधिकारी आपका वेतन बढ़ा सकते हैं। विदेश में कारोबार के इच्छुक हैं तो उसके योग बन रहे हैं। समय आपके अनुकूल रहेगा। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आप लोगों की काफी मदद करेंगे। धार्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ने वाला है।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी पारिवारिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आय के नए स्रोत बना सकते हैं। किसी नए कार्य की शुरुआत होने के योग बन रहे हैं। आपके द्वारा कही हुई बात सही सिद्ध होगी।

**वृश्चिक** — आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। सहयोगियों के साथ मतभिन्नता देखने को मिलेगी। अधिकारियों से आप बहुत कुछ सीख सकते हैं। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। वैवाहिक संबंधों में संवादहीनता हो सकती है।

**धनु** — आज व्यवसाय में आय सामान्य रहेगी, लेकिन आपके खर्चे अचानक से बढ़ सकते हैं। मन में अनावश्यक विचार आपको एकाग्र नहीं होने देंगे। शत्रुओं को लेकर आपको सावधान रहना चाहिए। किसी की गारंटी आपको नहीं लेनी चाहिए।

**मकर** — आज आप मनोरंजन और मित्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। आपकी विनम्रता से लोग काफी प्रभावित रहेंगे। सरकारी कार्यों में कुछ बाधा देखने को मिल सकती है, लेकिन आप समझदारी से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**कुंभ** — आज लोगों की मदद करने से आप पीछे नहीं हटेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों से लाभ हो सकता है। संतान की उन्नति से आप प्रभावित होंगे। महिलाओं के लिए समय काफी अच्छा है। प्रियजनों से भेंट हो सकती है। आप अपनी जीवनशैली में सुधार हेतु प्रयत्न करेंगे।

**मीन** — आज यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपके लिए दिन बहुत अच्छा है। संतान की उन्नति से आपको लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। सरकारी कार्यों में आपको अच्छा लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
हैसियत — सुबह : 09 .00
तकदीर का तमाशा — शाम : 06 .00

**&pictures**
खट्टा मीठा — सुबह : 10 .54
गुडबाय — रात : 08 .00

**SONY PIX**
घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ — सुबह : 11 .15
द लेजेंड ऑफ टार्जन — रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
हम साथ साथ हैं — दोपहर : 12 .00
नागभूमि — रात : 08 .00

**colors CINEPLEX**
नई पड़ोसन — सुबह : 08 .55
हम तुम्हारे हैं सनम — रात : 08 .37

### आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक गंजे ने किसी नाई से बाल कटवाया। उसने बाल कटवाने के बाद नाई से पूछा-कितने पैसे हुए?
नाई- पचास रूपये।
आदमी बोला- क्यों? सबसे तो चालीस रूपये ही लेते हो, हमसे दस रूपये ज्यादा क्यों?
नाई ने कहा- दस रूपये बाल खोजने के हैं, बाकी काटने के।

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी- जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 955 फ्लैग 1065 डीएमओ 840 बोल्ड 1125, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 940 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 845।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# राजग सरकार को देश में बेरोजगारी की समस्या से होगा निपटना: राजीव कुमार

## नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा-असंगठित और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर देना होगा ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर ध्यान देना होगा।

कुमार ने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। उन्होंने एक साक्षात्कार

में कहा-हमें यह स्वीकार करना होगा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद आर्थिक सुधार के आकार का रहा है। मुझे लगता है कि मोदी सरकार को सबसे महत्वपूर्ण सुधार बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित और लघु एवं मध्यम उद्यमों में...। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में से 83 प्रतिशत बेरोजगार युवा थे। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा-देश की बड़ी कंपनियों ने अभी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### मोदी 3.0 बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता का संदेश : केशप

यूएसआईबीसी के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। मोदी ने रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार में 72 सदस्यीय केंद्रीय मंत्रिपरिषद का नेतृत्व किया। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष केशप ने रविवार को दिए साक्षात्कार में कहा-प्रधानमंत्री मोदी का ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच भारत के मतदाताओं द्वारा राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता और निरंतरता का एक मजबूत संदेश देता है।

## भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग समाधान प्रदाता एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने सोमवार को कहा कि वह 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, मैन पोर्टेबल काउंटर ड्रोन सिस्टम (एमपीसीडीएस) को एक्सिसकेड्स द्वारा विकसित किया गया है। बयान में कहा गया कि एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने भारतीय सेना से मिले 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत उन्नत काउंटर-ड्रोन प्रणालियों की आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा है कि उसका लक्ष्य 2024 के अंत तक पूरी आपूर्ति करने का है। एक्सिसकेड्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण कृष्णमूर्ति ने कहा-यह भारतीय रक्षा बलों में मैन पोर्टेबल श्रेणी में शामिल किया जाने वाला पहला काउंटर ड्रोन सिस्टम है।

# पेटीएम ने पुनर्गठन के तहत की कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कंपनी ने कर्मचारियों की संख्या नहीं की उजागर

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कर्मचारियों की छंटनी की है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह कर्मचारियों के सुचारू रूप से स्थानांतरण के लिए उन्हें आउटप्लेसमेंट (कहीं और भर्ती) सहायता उपलब्ध करा रही है। हालांकि, बयान में कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है इसकी संख्या उजागर नहीं की गई।

जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना था। कंपनी ने सोमवार को एक बयान

में कहा-कंपनी के मानव संसाधन दल 30 से अधिक कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं जो वर्तमान में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं। उन कर्मचारियों को सहायता प्रदान कर रही हैं जिन्होंने अपनी जानकारी साझा करने का विकल्प चुना है, जिससे उनके तत्काल दूसरी जगह भर्ती में मदद मिल रही है। आरबीआई ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 91,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300-54,550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,400 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,750 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में निवेश बढ़कर 34,697 करोड़ रुपये पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में निवेश जोरदार बढ़त के साथ 34,697 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने के मुकाबले 83 प्रतिशत अधिक है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने सोमवार को जारी आंकड़ो में बताया कि यह इक्विटी फंड में शुद्ध निवेश का लगातार 39वां महीना है।

इसके अलावा, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) से मासिक योगदान बढ़कर मई में 20,904 करोड़ रुपये हो गया, जो अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये था। इन योजनाओ में मासिक निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक है। म्यूचुअल फंड उद्योग ने मई में कुल मिलाकर 1.1 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा, जो इससे पहले अप्रैल में 2.4 लाख करोड़ रुपये था। यह प्रवाह इक्विटी के साथ ही ऋण योजनाओं में निवेश के कारण हुआ। इस निवेश के साथ ही उद्योग की प्रबंधन के तहत शुद्ध संपत्तियां (एयूएम) बढ़कर मई के अंत में 58.91 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो अप्रैल के अंत में 57.26 लाख करोड़ रुपये थीं।

## दबाव वाली आवासीय परियोजनाओं की सुधरेगी कर्ज वसूली दर

**मुंबई।** दबाव वाली आवासीय परियोजनाओं में फंसे कर्ज की वसूली दर चालू वित्त वर्ष में बेहतर होने की उम्मीद है। घरों की कीमतें बढ़ने के अलावा नियमों में बदलाव से भी इसमें मदद मिलने की संभावना है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह उम्मीद जताई गई।

देश के लिए घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में फंसी हुई आवासीय परियोजनाओं से कर्ज की वसूली दर बढ़कर 16-18 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 11 प्रतिशत था।

# सेबी ने डीमैट और एमएफ खाते के लिए नामांकन अनिवार्यता के नियम में दी ढील

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- बाजार नियामक ने खातों पर रोक लगाने का नियम कर दिया खत्म

बाजार नियामक सेबी ने मौजूदा निवेशकों के लिए नियमों को आसान बनाते हुए नामांकन का विकल्प न देने की स्थिति में डीमैट और म्यूचुअल फंड खातों पर रोक लगाने (फ्रीज करने) का नियम सोमवार को खत्म कर दिया।

इसके अलावा भौतिक रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले निवेशक अब लाभांश, ब्याज या प्रतिभूतियों को भुनाने जैसे किसी भी भुगतान को पाने के लिए पात्र होंगे। इसके साथ ही निवेशक नामांकन का विकल्प

न चुनने पर भी शिकायत दर्ज करने या आरटीए (निर्गम के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट) से किसी भी सेवा का अनुरोध पाने के हकदार होंगे। इससे पहले भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सभी मौजूदा व्यक्तिगत म्यूचुअल फंड धारकों के लिए नामित व्यक्ति (नॉमिनी) का विवरण देने या नामांकन से बाहर निकलने के लिए 30 जून की समयसीमा तय की थी। नियम का पालन न करने पर उनके खातों से निकासी पर रोक लगाई जा सकती थी। हालांकि, सेबी ने सोमवार को जारी परिपत्र में कहा कि अनुपालन में सुगमता और निवेशकों की सुविधा को लेकर मौजूदा निवेशकों या यूनिटधारकों के लिए नामांकन का विकल्प न देने पर डीमैट खातों के साथ म्यूचुअल फंड खाते पर रोक नहीं लगाने का फैसला किया गया है।

## राष्ट्रीय

# नीट परीक्षा को समाप्त करने के लिए शीघ्र उठाएं कदम

## उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश एके. राजन ने तमिलनाडु सरकार से की सिफारिश

**चेन्नई, एजेंसी**

मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ए.के. राजन ने तमिलनाडु सरकार से कानूनी या विधायी प्रक्रियाओं के माध्यम से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को समाप्त करने के लिए शीघ्र कदम उठाने और प्रथम वर्ष के चिकित्सा कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के अंकों को एकमात्र मानदंड बनाने को कहा। उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने सरकार को विभिन्न शिक्षा बोर्डों के छात्रों के लिए अवसरों में समानता सुनिश्चित करने और अंकों के सामान्यीकरण का पालन करने की सिफारिश की।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के

राज्य में सत्ता में आने के बाद 2021 में नीट आधारित प्रवेश प्रक्रिया के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए समिति का गठन किया गया था। आंकड़ों के व्यापक विश्लेषण और छात्रों, अभिभावकों एवं जनता से प्राप्त सुझावों के आधार पर समिति की रिपोर्ट प्रकाशित की गई है और विभिन्न राज्य सरकारों के साथ साझा की गई है, जिससे नीट की गरीब विरोधी और समाजिक न्याय विरोधी प्रकृति को उजागर किया जा सके। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि द्रमुक ने सबसे पहले नीट के खतरों को भांप लिया था और इसके विरुद्ध बड़े पैमाने पर अभियान चलाया था। उन्होंने अपनी सरकार को सौंपी गई विस्तृत रिपोर्ट अंग्रेजी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में साझा की। समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा-राज्य सरकार आवश्यक कानूनी और विधायी प्रक्रिया का पालन कर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए योग्यता मानदंड के रूप में नीट को समाप्त करने के लिए तत्काल कदम उठा सकती है।

### नीट परीक्षा रद कर फिर से आयोजित कराने हेतु सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर चिकित्सा कॉलेजों में स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 के परिणाम रद कर फिर से परीक्षा कराने और कथित तौर परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने संबंधी गड़बड़ी और धोखाधड़ी की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने गुहार की लगाई गई है। यह याचिका अब्दुल्ला मोहम्मद फैज और शेख रोशन मोहिद्दीन ने संयुक्त रूप से दायर की है। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में दावा किया है कि वे छात्रों की सहायता और हित के लिए काम करने वाले एक संगठन के सदस्य हैं।

### वामपंथी संघों के सदस्यों ने शिक्षा मंत्रालय के पास किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** वामपंथी छात्र संघों के सदस्यों ने सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के पास प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में हुई कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की। एक बयान में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा में 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को दिए गए अनुग्रह अंकों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समीति का गठन किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब आरोप लगे हैं कि 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अंक बढ़ा-चढ़ाकर दिए गए हैं जिसके कारण 67 अभ्यर्थियों को प्रथम स्थान मिला है।

## सीबीएसई ने फर्जी पाठ्यक्रम, नमूना प्रश्न पत्र को लेकर जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को एक परामर्श जारी कर छात्रों और अभिभावकों को 2024-25 सत्र के पाठ्यक्रम, संसाधनों और नमूना प्रश्न पत्रों के बारे में भ्रामक जानकारी के प्रति आगाह किया। बोर्ड ने विद्यार्थियों से असत्यापित खबरें फैलाने वाले ऑनलाइन पोर्टलों का शिकार न बनने का आग्रह किया। परामर्श में कहा गया है, हमें पता चला है कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट नमूना प्रश्न पत्रों, पाठ्यक्रम, सीबीएसई संसाधनों और गतिविधियों से संबंधित पुराने लिंक और असत्यापित समाचार प्रसारित कर रहे हैं। ये लिंक और समाचार सत्र 2024-25 की अद्यतन जानकारी प्रदान करने का झूठा दावा करते हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को 30 पौधे लगाने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के मामले को निरस्त करते हुए न्यायालय दिया आदेश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 61 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज महिला की लज्जा भंग करने के मामले को रद्द करते हुए उसे 30 पेड़ लगाने का निर्देश दिया। आरोपी के महिला से समझौता करने के बाद अदालत ने यह आदेश दिया।

आरोपी द्वारा उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना) के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद करने के लिए दायर याचिका पर न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने सुनवाई की। अदालत ने कहा कि मामला सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है, इसलिए इस मामले को लंबित रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। न्यायाधीश ने कहा, मामले को जारी रखना अदालत की प्रक्रिया के दुरुपयोग के अलावा कुछ नहीं होगा। अदालत ने पिछले महीने पारित एक आदेश में कहा वसंत कुंज, दक्षिण पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी और इसके चलते होने वाली कार्यवाही रद कर दी जाती है। अदालत ने कहा-याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाने के बजाय उसे सक्षम प्राधिकारी से संपर्क करने के बाद स्थानीय इलाके में या वसंत कुंज, दक्षिण पुलिस थाना क्षेत्र में 30 पौधे लगाने का निर्देश दिया गया है। पौधों की ऊंचाई लगभग तीन फुट तक हो।

## एक नजर

### आप के पार्टी कार्यालय को खाली करने की बढ़ गई समय सीमा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को खाली करने के लिए दी गई समय सीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी। शीर्ष अदालत ने चार मार्च को पार्टी को 15 जून तक अपना कार्यालय खाली करने का निर्देश दिया था क्योंकि अदालत ने पाया था कि यह भूखंड न्यायिक बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय को आवंटित किया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने आप और अन्य की ओर से पेश दलीलों पर गौर समय सीमा बढ़ा दी।

### कार खाई में गिरी पुलिसकर्मी की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक कार सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई जिससे उसमें सवार पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि परयोटे गांव निवासी हेड कांस्टेबल राम राज (47) जम्मू बस स्टैंड पर तैनात थे और रविवार देर रात दुर्घटना के समय डोडा स्थित अपने घर जा रहे थे।

# आरोपी की मौत से जुड़ी याचिका से अभिनेता का नाम हटाया जाए: कोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी के मामले में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका में प्रतिवादी के रूप में उनका (अभिनेता का) नाम हटाने का आदेश दिया। आरोपी अनुज थापन एक मई को यहां अपराध शाखा पुलिस हवालात के शौचालय में मृत पाया गया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता रीता देवी और थापन की मां को निर्देश दिया कि वे याचिका से खान का नाम हटा दें।

अदालत ने कहा-उसका नाम हटा दें। याचिकाकर्ता ने प्रतिवादी 4 (सलमान खान) का नाम हटाने के लिए याचिका में संशोधन करने की अनुमति मांगी है क्योंकि उसके खिलाफ कोई दलील नहीं है और उसके खिलाफ कोई राहत नहीं मांगी गई है। यहां बांद्रा इलाके में 14 अप्रैल को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने गोलीबारी की थी। कथित तौर पर गोलीबारी करने वालों-विक्की गुप्ता और सागर पाल को बाद में गुजरात

**सलमान खान के घर गोलीबारी का मामला**

से गिरफ्तार कर लिया गया। थापन को खान के आवास पर गोलीबारी करने के लिए हमलावरों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति के साथ 26 अप्रैल को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का दावा है कि थापन ने खुद को मार डाला, जबकि रीता देवी ने तीन मई को उच्च न्यायालय में दायर अपनी याचिका में गड़बड़ी का आरोप लगाया और दावा किया कि उसकी हत्या की गई है। अपनी याचिका में उन्होंने अदालत से उनके बेटे की मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया। याचिका में कहा गया है कि थापन को हिरासत में पुलिस ने शारीरिक रूप से हमला किया और प्रताड़ित किया। रीता देवी ने अपनी याचिका में खान को प्रतिवादी बनाया था।

# 1.30 करोड़ का सोना चुराने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे, एजेंसी**

**महाराष्ट्र के ठाणे का मामला, प्राथमिकी दर्ज**

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने 1.30 करोड़ रुपये के सोने की चोरी के सिलसिले में आभूषणों की दुकान के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ठाणे के नौपाड़ा की सहायक पुलिस आयुक्त प्रिया ढकने ने बताया कि पुलिस के एक दल ने 11 मई को नौपाड़ा इलाके में एक दुकान में हुई चोरी के सिलसिले में शुक्रवार को आरोपी विशाल सिंह कानसिंह राजपूत (29) को राजस्थान के माउंट आबू से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी दुकान में कर्मचारी के रूप में काम करता था और उसने कथित तौर पर 1.30 करोड़ रुपये के आभूषणों की चोरी कर ली। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 381 (चोरी) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि विशाल की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है और मुंबई में उसके नाम पर चोरी का एक मामला दर्ज है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने दुकान से अपना आधार कार्ड और पहचान से जुड़े अन्य दस्तावेज भी ले लिए थे।

# केरल में आर्थिक समस्याओं के चलते एक परिवार के 3 लोगों ने की आत्महत्या

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के नेय्याट्टिनकारा में कथित रूप से वित्तीय समस्याओं के चलते एक ही परिवार के 3 सदस्यों ने अपने आवास में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि नेय्याट्टिनकारा निवासी मणिलाल (52), उनकी पत्नी स्मिता (45) और उनके बेटे अभिलाल (22) को स्थानीय लोगों ने रविवार रात बेहोशी की हालत में पाया। परिवार ने अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को यह जानकारी दी थी कि वह अपनी जान देने जा रहे हैं। पुलिस ने कहा-परिवार ने अपने कुछ दोस्तों को अपने इस अतिवादी कदम के बारे में बताया था। सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद सहित रिश्तेदार घर पहुंचे, लेकिन उन्हें बेहोश पाया। परिवार के तीनों सदस्यों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

## दिल्ली पुलिस ने मारपीट मामले में बिभव कुमार के खिलाफ जोड़ी नई धारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने आप की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार के खिलाफ सबूत मिटाने और झूठी जानकारी देने के लिए भारतीय दंड संहिता की नई धारा जोड़ी है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 201 (अपराध के साक्ष्य को मिटाने या अपराधी को बचाने के लिए गलत सूचना देना) जोड़ी गई है।

# आपने त्रुटियां क्यों नहीं कीं दूर, याचिका कर देंगे खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने जल संकट याचिका में खामियों को दूर न करने पर दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

राष्ट्रीय राजधानी में मौजूदा जल संकट को दूर करने के लिए हिमाचल प्रदेश द्वारा दिये गये अतिरिक्त पानी को छोड़ने के लिए हरियाणा को निर्देश देने की मांग करने वाली दिल्ली सरकार की याचिका में त्रुटियां नहीं दूर करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आप सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि हमारे बारे में कोई पूर्व राय नहीं बनाएं और आपने त्रुटियां क्यों नहीं दूर कीं, इसके चलते हम याचिका को खारिज कर देंगे।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दाखिल याचिका में त्रुटियों के कारण रजिस्ट्री में हलफनामा स्वीकार नहीं किया गया। पीठ ने कहा-आपने त्रुटियां क्यों नहीं दूर कीं? हम याचिका को खारिज कर देंगे। पिछली तारीख पर भी त्रुटियां गिनाई गई थीं और आपने इन्हें दूर नहीं किया। आपका मामला चाहे जितना भी महत्वपूर्ण क्यों न हो, अदालत की कार्यवाही के बारे में कोई पूर्व राय नहीं बनाएं। पीठ ने मामले की सुनवाई 12 जून के लिए स्थगित करते हुए कहा-हमें कभी हल्के में नहीं लीजिये। दस्तावेजीकरण स्वीकार नहीं किया जा रहा। आपने अदालत में सीधा दस्तावेजों का पुलिंदा रख दिया और कह रहे हैं कि आप पानी की कमी से जूझ रहे हैं तथा आपने खुद ही आज एक आदेश पारित कर दिया। आप सभी तरह की तात्कालिकता जता रहे हैं और खुद आराम से बैठे हैं।

### आप ने हरियाणा भाजपा पर नकारात्मक राजनीति करने, दिल्ली की जलापूर्ति रोकने का लगाया आरोप

आम आदमी पार्टी ने सोमवार को एक बार फिर हरियाणा की भाजपा सरकार पर नकारात्मक राजनीति करने और यमुना नदी में पानी की आपूर्ति रोकने का आरोप लगाया। आप की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद हिमाचल प्रदेश द्वारा छोड़ा गया 137 क्यूसेक पानी अभी तक दिल्ली नहीं पहुंचा है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने न केवल हिमाचल प्रदेश से दिल्ली को मिलने वाला पानी रोक दिया है, बल्कि दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी के हिस्से के 1,050 क्यूसेक पानी का भी 200 क्यूसेक हिस्सा कम कर दिया है।



# विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह

## भारतीय कप्तान रोहित बोले- जसप्रीत जीनियस हैं, चाहता हूं इसी मानसिकता से आगे के मुकाबले भी खेलें

**4** ओवर में 14 रन देकर पाकिस्तान के खिलाफ बुमराह ने तीन विकेट चटकाकर भारत को दिलाई जीत

**119** रन पर सिमटी भारतीय टीम ने गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान को 6 रनों से दी थी शिकस्त, 20 ओवर में 113 रन ही बना सकी प्रतिद्वंद्वी टीम

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को जीनियस करार देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि यह तेज गेंदबाज टी-20 विश्व कप में आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखे। बुमराह की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने अपने कम स्कोर का बचाव करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 रन से हराया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। बुमराह ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए।

रोहित ने मैच के बाद कहा बुमराह के प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। हम सभी जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। उसके बारे में बहुत अधिक बात नहीं करूंगा। हम चाहते हैं कि वह पूरे विश्व कप में इसी तरह की मानसिकता के साथ खेले। वह जीनियस है। हम सभी यह जानते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि कम स्कोर बनाने के बावजूद उनको मैच जीतने का विश्वास था क्योंकि पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नहीं थी। हमारे पास जिस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है उससे हम आश्वस्त थे। जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने आपस में कहा कि अगर हमारे साथ ऐसा हो सकता है तो उनके साथ भी हो सकता है। भारत का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 89 रन था लेकिन इसके बाद उसने 30 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमारी पारी के आधे भाग तक हम अच्छी स्थिति में थे। हम अच्छी साझेदारी निभाने में नाकाम रहे। हमने बात की की इस तरह की पिच पर प्रत्येक रन मायने रखता है। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच की तुलना में यह अच्छा विकेट था।

### भारत की जीत में बुमराह को निभानी होगी बड़ी भूमिका : कुंबले

**न्यूयॉर्क।** दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि जसप्रीत बुमराह अपनी अनुकूलन क्षमता और अद्वितीय कौशल से परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा लेते हैं और अगर भारत को टी-20 विश्व कप जीतना है तो इस प्रमुख तेज गेंदबाज को अहम भूमिका निभानी होगी। बुमराह (14 रन पर तीन विकेट) ने मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए भारत को रविवार को यहां बहुप्रतीक्षित मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह रन से रोमांचक जीत दिलाई। नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की असमान गति वाली पिच पर भारत के 119 रन के जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 113 रन ही बना सकी। बुमराह और हार्दिक पंड्या (24 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने अपनी धारदार गेंदबाजी से भारत को वापसी दिलाई। कुंबले ने कहा हमने 15वें ओवर में देखा कि उन्होंने विकेट (मोहम्मद रिजवान का) लिया और फिर 19वें ओवर में, जब आपको पता था कि अगर उन्होंने उस ओवर में कुछ बाउंड्री खाई होती तो आखिरी ओवर में 10 या 12 रन रह जाते। लेकिन एक बार जब यह 18 या 19 रन पर पहुंच जाता है तो इस तरह की सतह पर पुछल्ले बल्लेबाजों के लिए आकर रन बनाना असंभव हो जाता है। इसलिए अगर भारत यह टूर्नामेंट जीतता है तो जसप्रीत बुमराह को इसमें अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा, जसप्रीत बुमराह आपकी टीम की सूची में नंबर एक खिलाड़ी होना चाहिए। प्रारूप को भूल जाइए, जसप्रीत बुमराह आपके नंबर एक खिलाड़ी हैं।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.455 | 0 |
| अमेरिका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.626 | 0 |
| कनाडा | 2 | 1 | 1 | 0 | -0.274 | 0 |
| पाकिस्तान | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.150 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.875 | 0 |
| नामीबिया | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 4 | 3.574 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.200 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| दक्षिण अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बंगलादेश | 2 | 2 | 0 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.539 | 0 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.777 | 0 |

## पाकिस्तानी टीम में आमूलचूल बदलाव की जरूरत : नकवी

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप में हार के बाद कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है।

भारत के खिलाफ न्यूयॉर्क में खेले गए मैच में पाकिस्तान के सामने 120 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार नकवी ने न्यूयॉर्क में कहा मुझे लगता था कि मैच जीतने के लिए टीम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है लेकिन अब लगता है कि टीम में आमूलचूल बदलाव करने होंगे। नकवी ने इसके साथ कहा कि अब उन खिलाड़ियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है जो पिछले कुछ समय से टीम से बाहर हैं। हमने जिस तरह से अमेरिका और अब भारत के खिलाफ मैच गंवाए, वह बेहद निराशाजनक है। हमें अब उन खिलाड़ियों पर गौर करना होगा जो इस समय टीम में नहीं हैं। हर कोई पूछ रहा है कि टीम अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर रही है। अभी विश्व कप चल रहा है लेकिन निश्चित तौर पर हमें हर चीज पर गौर करने की जरूरत है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच लाहौर में खेले भारत: पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मुहिम में सुझाव दिया कि पड़ोसी देश अगले साल की आईसीसी चैंपियंस ट्राफी के दौरान लाहौर में अपने सभी मैच खेले। पीसीबी के एक विश्वस्त सूत्र ने कहा कि आईसीसी को भेजे गए टूर्नामेंट के ड्राफ्ट कार्यक्रम में यह सुझाव दिया है। सूत्र ने कहा हां, भारतीय टीम की यात्रा कम करने और सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम मुहैया कराने के लिए उनके सभी मैच लाहौर में कराने का सुझाव दिया है। आईसीसी कार्यकारी बोर्ड को अभी ड्रॉफ्ट कार्यक्रम को मंजूरी देनी है लेकिन पीसीबी ने चैंपियंस ट्राफी के मैचों के लिए अन्य स्थलों में कराची और रावलपिंडी को भी रखा है। बीसीसीआई को अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि करनी है कि वह राष्ट्रीय टीम को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं।

## कनाडा के खिलाफ पाकिस्तान की निगाह उम्मीद जीवंत रखने पर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका से उलटफेर का शिकार होने के बाद भारत के हाथों हार से आहत पाकिस्तानी टीम मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के मैच में कनाडा के खिलाफ मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी क्योंकि उसके पास खेलने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है लेकिन गंवाने के लिए सब कुछ है। पाकिस्तान का अब सुपर आठ में क्वालीफाई करने का मौका कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत पर निर्भर करेगा, लेकिन इसके लिए उसे उम्मीद करनी होगी कि अमेरिकी टीम भारत और आयरलैंड के खिलाफ मुकाबलों में बुरी तरह हार जाए। इस हालत में दोनों टीमों के चार चार अंक होंगे और फैसला बेहतर नेट रन रेट से होगा। पाकिस्तान की टीम इस तरह आंकड़े अपने पक्ष में रहने की बस दुआ ही कर सकती है। अमेरिका का नेट रन रेट दो जीत के बाद 0.626 है और आयरलैंड के खिलाफ जीत उसके लिए काफी होगी। वहीं पाकिस्तान का नेट रन रेट -0.150 है जो निराशाजनक है जिससे उसे जीत नहीं बल्कि बड़े अंतर से जीत की दरकार होगी।

## गलत फैसले लेने के कारण पाकिस्तान को मिली हार : गैरी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

पाकिस्तान टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने कहा है कि गलत फैसले लेने के कारण भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद कर्स्टन ने कहा शायद हमने सही फैसले नहीं लिए। हमने खेल के महत्वपूर्ण चरणों में गलत फैसले लिए और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप पर यह चीजे भारी पड़ती हैं। रिजवान ने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया।

विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, इसके बावजूद हमने लक्ष्य को अच्छे मैनेज किया था लेकिन अंत में यह मैच हमारे हाथ से फिसल गया। यह हार निश्चित तौर पर निराशाजनक है। मुझे लगा था कि 120 का लक्ष्य विशेषकर भारत के सामने हासिल करना इतना आसान नहीं रहने वाला है। हम सामान्य तरह से खेलने की सोच रहे थे। पहले छह ओवरों को भुनाते हुए 40-45 रन बनाना चाहते थे लेकिन हम इसे अमली जामा नहीं पहना पाए और पहले 10 ओवर के बाद हमने इस तरह की गलती एक बार फिर दोहराई। पांच या छह रन प्रति ओवर बनाने हैं, स्ट्राइक रोटेट करना है और बाउंड्री हासिल करने के बाद अधिक उत्साहित नहीं होना है। हमारे पास इस टूर्नामेंट में वापसी करने के लिए अभी भी अवसर है। हम इस उम्मीद में हैं कि चीजे हमारे पक्ष में जाएंगी। इसके लिए हमें बेहतर क्रिकेट खेलनी होगी।

## खेल डायरी

### एमसीए अध्यक्ष अमोल काले का न्यूयॉर्क में निधन

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले का भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप मैच देखने के बाद न्यूयॉर्क में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रविवार को काले सचिव अजिंक्य नाईक और शीर्ष परिषद के सदस्य सूरज सामत सहित अन्य एमसीए अधिकारियों के साथ चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच मैच देखने के लिए नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद थे। अक्टूबर 2022 में हुए चुनावों में 47 वर्षीय काले भारत और मुंबई के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल को हराने के बाद एमसीए अध्यक्ष बने थे। उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिसमें आगामी 2024-25 सत्र के लिए लाल गेंद के प्रारूप में अपने सभी खिलाड़ियों के लिए बीसीसीआई के बराबर मैच फीस भी शामिल है।

### प्रो लीग में शानदार टीमवर्क दिखाया : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने एफआईएच प्रो लीग के मैचों में शानदार जज्बे और टीमवर्क का नमूना पेश किया तथा पेरिस ओलंपिक से पहले उन्हें अच्छी सीख मिली। भारत ने 16 मैच में 24 अंक लेकर प्रो लीग में अपने अभियान का समापन किया। उसने 5 मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसने पेनल्टी शूटआउट में तीन मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार भी झेलनी पड़ी। भारतीय टीम अंक तालिका में अभी चौथे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में हमारा सफर शानदार रहा। नीदरलैंड 2-2 (शूटआउट में 4-2), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी जीत टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दिखाती है। हमने पूरे टूर्नामेंट में शानदार जज्बे और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक से पहले इस टूर्नामेंट में खेलने के महत्व पर भी बात की। हमें अपने मजबूत पक्षों को समझने और किन क्षेत्रों में हमें सुधार करने की जरूरत है यह जानने में इस लीग की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### ऑस्ट्रेलिया ओपन में भारत की अगुवाई करेंगे प्रणय

**सिडनी।** पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रणय को यहां पांचवीं वरीयता दी गई है और उनकी निगाह फिर से लय हासिल करने पर टिकी होगी। पिछले दो टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह थाईलैंड ओपन के पहले दौर में और सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। प्रणय ब्राजील के यगोर कोएलो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। पुरुष एकल में भाग लेने वाले अन्य भारतीयों में मिथुन मंजूनाथ इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से, किरण जार्ज कनाडा के शियाओडोंग शेंग से और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम इंडोनेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे।

### आखिरी दो लीग मैच के लिए टीम से जुड़ेंगे लामिछाने

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** नेपाल के स्टार क्रिकेटर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप के वेस्टइंडीज में होने वाले अंतिम दो लीग मैच के लिए राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। नेपाल क्रिकेट संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका ने बलात्कार के आरोपी रहे लामिछाने को वीजा देने से इनकार कर दिया था जिस कारण वह नेपाल के अमेरिकी चरण के मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस 23 वर्षीय स्पिनर को पहले नेपाल की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया था। अमेरिका और वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी कर रहे हैं। नेपाल क्रिकेट संघ ने कहा कि नेपाल के खिलाड़ी संदीप लामिछाने को वेस्टइंडीज में खेले जा रहे टी-20 विश्व कप के लिए नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है।

## गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर दौड़ में तोड़ा अविनाश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

पोर्टलैंड, एजेंसी

एशियाई खेलों के पदक विजेता भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने सोमवार को माउंट हूड कम्युनिटी कॉलेज में आयोजित पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में हमवतन अविनाश साबले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछले साल एशियाई खेलों में 10 हजार मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर सिंह ने पुरुषों की एलीट पांच हजार मीटर दौड़ में 13:18.92 का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका के डायलन जैकब्स (13:18.18) समय के साथ शीर्ष पर रहे। केन्या के वेस्ले किप्टू को (13:21.77) समय के साथ तीसरा स्थान मिला।

5000 मीटर में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:19.30 अविनाश साबले के नाम था। उन्होंने पिछले वर्ष लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ऑन ट्रैक फेस्ट में यह रिकॉर्ड बनाया था। साबले ने सोमवार को पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में भाग लिया लेकिन वह दौड़ पूरी नहीं कर पाए। कार्तिक कुमार 13:41.07 के समय के साथ 17वें स्थान पर रहे और फिनिश लाइन पार करने वाले एथलीटों में सबसे आखिरी स्थान पर रहे। पुरुषों की 5000 मीटर आमंत्रण स्पर्धा में भाग ले रहे अभिषेक पाल ने फाइनल में 13:41.57 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रेट ब्रिटेन के टॉम एंडरसन (13:37.89) और एली बेनेट (13:41.26) ने शीर्ष दो स्थान प्राप्त किए।

महिलाओं की 5000 मीटर की एलीट दौड़ में 2023 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंकिता ध्यानी ने 15:35.06 समय में दौड़ पूरी कर 15वां स्थान हासिल किया। नीदरलैंड की ओलंपिक चैंपियन सिफान हसन ने 14:43.85 के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और अमेरिका की धावक एलिस क्रैनी (14:46.49) समय के साथ दूसरे और कैरिसा श्वेजर को (14:48.60) तीसरा स्थान मिला।

## द. अफ्रीका ने बांग्लादेश को 4 रन से हराया

न्यूयॉर्क, एजेंसी

**स्कोर बोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीका :** 113/6, 20 ओवर डिकॉक 18, क्लासेन 46, मिलर 29। **विकेट :** तंजीम 3, तक्सिन2।

**बांग्लादेश :** 109/7, 20 ओवर नजमुल 14, हृदय 37, महमूदउल्लाह 20। **विकेट :** केशव 3, रबादा 2।

हैनरिक क्लासेन (46) और डेविड मिलर (29) रनों की पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सोमवार को दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के 21वें मुकाबले में बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में चार रन से हरा दिया है। हैनरिक क्लासेन को उनकी 46 रनों की शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार मिला।

114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ओवर में तंजिद हसन (9) का विकेट गवां दिया। सातवें ओवर में लिटन कुमार दास (9), अगले ओवर में शाकिब अल हसन (3) और उसके बाद कप्तान नजमुल शान्तो (14) के आउट होने के बाद संकट में फंसी बांग्लादेश की पारी को तौहीद हृदोय और महमुदउल्लाह ने संभाला और धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत की ओर ले जा रहे थे। इसी दौरान 18वें ओवर में कगिसो रबादा ने तौहीद हृदोय पगबाधा आउट कर बाजी पलटने का काम किया। तौहीद हृदोय ने 34 गेंदों में 37 रन बनाए। जाकेर अली (8) रन बनाकर आउट हुए। केशव महाराज ने महमुदउल्लाह (20) को आउट कर बांग्लादेशों की उम्मीदों को खत्म करने का काम किया। बांग्लादेश को आखिरी ओवर में जीत के लिए 11 रनों की दरकार थी। बांग्लादेश 109 रन ही बना सकी और चार रन से मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने तीन विकेट लिए। कगिसो रबादा और एनरिक नोंटेज को दो-दो विकेट मिले।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को जीत के लिए 114 रनों का लक्ष्य दिया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में रीजा हेंड्रिक्स (शून्य) का विकेट गवां दिया। तीसरे ओवर में तनजीम हसन साकिब क्विंटन डिकॉक (18) को बोल्ड कर दिया। चौथे ओवर में तस्किन कप्तान एडन मारक्रम (4) को बोल्ड किया। ट्रिस्टन स्टब्स (शून्य) भी तनजीम का शिकार बने। इसके बाद क्लासेन और मिलर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 79 रन जोड़े और टीम को 113 रन का स्कोर तक पहुंचाया।

## पहलवानों का सहयोग करेगा आईओए और डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद पर विनेश का अनुरोध स्वीकार

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ओलंपिक जाने वाले देश के छह पहलवानों को पूर्ण सहायता प्रदान करेगा तथा राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और डब्ल्यूएफआई ने शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट की ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद के अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया है।

छह भारतीय पहलवानों में महिला वर्ग में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) तथा पुरुष वर्ग में अमन सहरावत (57 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने सोमवार को कहा कि इस कदम का उद्देश्य पहलवानों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे पहलवानों को सर्वश्रेष्ठ संसाधन की मदद मिले जिससे वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। यह फैसला हमारी ऐसे माहौल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है जिसमें खिलाड़ी आगे बढ़ सकें। आईओए और डब्ल्यूएफआई पहलवानों के लिए ओलंपिक तक एक ऐसी सहयोगी टीम बनाने की योजना बना रहे हैं जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेंटल कंडिशनिंग कोच और अन्य जरूरी स्टाफ शामिल हों। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश को पेरिस ओलंपिक की ट्रेनिंग के लिए और सहयोगी स्टाफ मुहैया कराया जाएगा।

## विंबलडन खिताब के बचाव को अभियान शुरू करेंगे अल्कारेज

**पेरिस।** कार्लोस अल्कारेज ने ग्रैंड स्लैम खिताबों का जश्न मनाने की अपनी परंपरा को जारी रखने की योजना बनाई है और इसके लिए उन्होंने अपनी पहली फ्रेंच ओपन चैंपियनशिप जीतने की तारीख और एफिल टॉवर का टैटू बनाया है। रविवार को रोलां गैरो पर फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेज के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 की जीत को याद रखने के लिए यह टैटू अल्कारेज के बाएं टखने के पास होगा। उनके दाहिने टखने पर पहले से ही 2023 विंबलडन जीत की तारीख और एक स्ट्रॉबेरी की छवि बनी है। उनके बाएं हाथ पर उनकी पहली ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी की तारीख है जो 2022 अमेरिकी ओपन में आई थी। अल्कारेज जिस गति से आगे बढ़ रहे हैं, स्पेन के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी की त्वचा कम पड़ सकती है। उन्होंने हालांकि रविवार को बताया कि उन्होंने अपनी मां को आश्वासन दिया है कि वह अपने करियर के बाकी समय में हर ग्रैंडस्लैम जीत की तारीख अपने शरीर पर नहीं लिखेंगे।

### नागल एटीपी रैंकिंग में 77वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में 18 पायदान की छलांग से 77वें स्थान पर पहुंच गये हैं जिससे उनका पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल ड्रा में स्थान लगभग पक्का हो गया। नागल के 713 एटीपी अंक हैं। नागल ने रविवार को जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया जिसकी बदौलत उन्होंने रैंकिंग में इतनी ऊंची छलांग लगाई। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानदंड के अनुसार दोनों ही वर्ग में शीर्ष 56 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वत: क्वालीफाई कर लेंगे।

### सिनर एटीपी रैंकिंग में जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष पर

**पेरिस।** इटली के यानिक सिनर ने सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में चोटिल नोवाक जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया। सिनर एक पायदान के फायदे से पहले नंबर पर पहुंचे। इस तरह 22 साल के सिनर 1973 में शुरू हुई कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के बाद पहले नंबर पर काबिज होने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। उन्हें एक जुलाई से शुरू होने वाले विम्बलडन में शीर्ष वरीयता मिलेगी। सिनर ने इस सत्र में तीन खिताब जीते जिसमें जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब भी शामिल है। कार्लोस अल्काराज तीसरे ग्रैंडस्लैम की बदौलत रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे जबकि जोकोविच तीसरे और एलेक्जैंडर ज्वेरेव चौथे स्थान पर हैं। अल्काराज ने रविवार को ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। महिलाओं के वर्ग में इगा स्वियातेक रोलां गैरों पर लगातार तीसरी ट्राफी (पांच मेजर खिताब) की बदौलत डब्ल्यूटीए रैंकिंग में पहले स्थान पर अपनी बढ़त बढ़ाने में सफल रहीं। अमेरिका की 20 वर्षीय कोको गॉफ तीसरे नंबर से दूसरे नंबर पर पहुंची जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वह फ्रेंच ओपन एकल के सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन स्वियातेक से हार गयीं। गॉफ ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर पहला ग्रैंडस्लैम युगल खिताब अपने नाम किया। दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गईं। 2022 विम्बलडन विजेता एलीना रिबाकिना चौथे स्थान पर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# आदित्य-एल1 ने सौर लपटों की तस्वीरें लीं

बेंगलुरु, एजेंसी



इसरो के आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान के दो रिमोट सेंसिंग उपकरणों ने हाल ही में हुए सौर लपटों की तस्वीरें कैद कीं। अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 इस साल छह जनवरी को लैग्रेंजियन बिंदु (एल1) पर पहुंचा। यह अभियान दो सितंबर, 2023 को शुरू हुआ था, जिसके 127 दिन बाद उपकरणों ने ये तस्वीरें भेजी हैं।

एल1 पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर स्थित है और लगातार सूर्य की तस्वीरें ली जा रही हैं। इसरो ने एक बयान में बताया कि 'सोलर अल्ट्रा वॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप' (एसयूआईटी) और 'विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ' (वीईएलसी) ने मई 2024 के दौरान सूर्य की गतिशील गतिविधियों की तस्वीरें लीं। कोरोनल मास इजेक्शन' (सीएमई) से जुड़े कई एक्स-क्लास और एम-क्लास फ्लेयर्स, जो महत्वपूर्ण भू-चुंबकीय तूफानों को जन्म देते हैं, रिकॉर्ड किए गए। सूर्य के सक्रिय क्षेत्र में आठ से 15 मई के सप्ताह के दौरान कई बार सौर लपटे उठीं।

## माता-पिता व अन्य आरोपी 14 तक पुलिस हिरासत में

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लड़के के माता-पिता और एक अन्य आरोपी की पुलिस हिरासत 14 जून तक बढ़ा दी। इन पर सबूतों को नष्ट करने का आरोप है।

**पुणे कार दुर्घटना**

नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल और मां शिवानी अग्रवाल को किशोर के रक्त के नमूने बदलने में उनकी संदिग्ध भूमिका के मामले में गिरफ्तार किया गया था। विशाल अग्रवाल रियल एस्टेट कारोबारी हैं। कल्याणी नगर में 19 मई को हुई दुर्घटना के समय किशोर कथित रूप से नशे में था। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी।

**प्रकृति का रूप**

दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में तटीय शहर ग्रिंडाविक के करीब लाल लावा उगल रहा एक ज्वालामुखी। ● एजेंसी

# इजरायली सेना ने की दो फिलिस्तीनियों की हत्या

रामल्ला, एजेंसी

- वेस्ट बैंक के शहर तुबास और तुलकर्म में दिया घटना को अंजाम

वेस्ट बैंक में दो अलग-अलग घटनाओं में सोमवार को इजरायली गोलीबारी में एक किशोर सहित दो फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। यह जानकारी फिलिस्तीनी सूत्रों ने दी। एक बयान में, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि किया कि 15 वर्षीय लड़का महमूद नबरीसी उत्तरी वेस्ट बैंक शहर तुबास के पास अल-फारा शरणार्थी शिविर में मारा गया।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली विशेष बल इकाई ने वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए शिविर पर धावा बोल दिया, जिसके बाद फिलिस्तीनी युवाओं के साथ उनका हिंसक टकराव हुआ। एक फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्र ने शिन्हुआ से कहा कि नबरीसी ने तुबास के सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया जबकि पांच अन्य घायल युवकों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस बीच, उत्तरी वेस्ट बैंक शहर तुलकर्म के पूर्व में धनाना उपनगर में यूसुफ अब्देल दायेम नामक एक 21 वर्षीय व्यक्ति की कथित रूप से हत्या कर दी गई। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली सेना बलों ने उपनगर पर धावा बोला, कई घरों पर छापा मारा और तलाशी ली।और स्थानीय फिलिस्तीनियों पर गोलियां चलाईं।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में सड़क हादसे में चार की मौत

**फैजाबाद।** अफगानिस्तान के उत्तरी प्रांत बदख्शां में एक यात्री वाहन के घाटी में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गये। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक हिकमतुल्लाह मोहम्मदी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार रात प्रांत के यफ्ताल-ए-पायन जिले में हुई। वाहन रगिस्तान जिले से बदख्शां प्रांत की राजधानी फैजाबाद शहर लौट रहा था। उसी दौरान, वाहन सड़क से फिसलकर घाटी में पलट गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गयी और सात लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गैंट्ज़ ने आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दिया

**यरूशलम।** इजरायल में युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज़ ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दे दिया है। गैंट्ज़ ने रविवार को एक टेलीविज़न संबोधन में कहा, नेतन्याहू हमें सच्ची जीत की ओर बढ़ने से रोक रहे हैं। यही कारण है कि हम भारी मन से लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ आज आपातकालीन सरकार छोड़ रहे हैं। उन्होंने नेतन्याहू से शीघ्र चुनाव की तारीख तय करने का भी आह्वान किया। गैंट्ज ने मई के मध्य में कहा कि अगर आठ जून तक गाजा पट्टी में सैन्य अभियान की नई योजना नहीं अपनाई गई तो वह आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दे देंगे।

### कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

**ओटावा।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 28 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उन पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। हत्या के मामलों की जांच करने वाली रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की इकाई ने पीड़ित की पहचान युवराज गोयल के रूप में की है। उसने बताया कि पुलिस शुक्रवार सुबह सरे में गोलीबारी की सूचना मिलने पर जब घटनास्थल पर पहुंची तो उसे वहां गोयल का शव मिला। ग्लोबल न्यूज ने मृतक की बहन चारु सिंघला के हवाले से बताया कि उसका भाई सरे में कार बेचने वाले एक शोरूम में काम करता था। उसने कहा कि परिवार को नहीं पता कि युवरात की हत्या क्यों की गई।

# आईजी ने की सुरक्षा की समीक्षा

## अमरनाथ यात्रा शुरू होने में एक पखवाड़ा शेष, रविवार को रियासी में हुआ था आतंकी हमला

श्रीनगर, वार्ता

- मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम से शुरू होगी यात्रा
- मेला खीर भवानी और ईद-उल-अजहा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई

वार्षिक अमरनाथ यात्रा शुरू में सिर्फ एक पखवाड़ा शेष रह गया है, जिसके मद्देनजर कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने सोमवार को यहां सुरक्षा की समीक्षा की। यह बैठक इसलिए भी अहम थी, क्योंकि और रविवार शाम जम्मू के रियासी में हुए आतंवादी हमले में नौ तीर्थयात्रियों की हत्या हुयी थी।

अमरनाथ यात्रा 29 जून से मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के दोहरे मार्गों से शुरू होगी। बैठक में इस महीने मनाए जाने वाले मेला खीर भवानी और ईद-उल-अजहा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) ने अधिकारियों को ड्रोन और सीसीटीवी का उपयोग करके असामाजिक/राष्ट्रविरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और चौबीसों घंटे नाका/कटऑफ प्वाइंट स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशिष्ट खुफिया जानकारी उत्पन्न करके आतंकवाद विरोधी ग्रिड को बढ़ाने और सभी जिलों में सीएएसओ/आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में क्षेत्र के उप महानिरीक्षक (डीआईजी), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और पीसीआर कश्मीर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान एसएसपी गांदरबल ने 13 जून को मनाए जा रहे मेला खीर भवानी त्योहार और श्री अमरनाथ जी यात्रा -2024 की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने मेला खीर भवानी के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया, जो जिला गांदरबल के अलावा कश्मीर घाटी में विभिन्न मंदिरों में होने वाला है।

### युवा कांग्रेस ने कश्मीर में आतंकी हमले की निंदा की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय युवा कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए तीर्थयात्रियों को सोमवार को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। युवा कांग्रेस के श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकियों द्वारा कायराना हमला बेहद दुखद, शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने दावा किया, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले की निंदा करने के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की शुभकामनाएं स्वीकार करने में व्यस्त हैं। कहा कि इधर उधर की बात न करते हुए कड़े से कड़े कदम उठाएं।

### आतंकवादी समूहों ने ली जिम्मेदारी, फिर पलटे

**जम्मू, एजेंसी।** प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े तीन छद्म समूहों ने रविवार को जम्मू में तीर्थयात्रियों पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। हालांकि हमले में दो साल के बच्चे समेत नौ लोगों की मौत को लेकर व्यापक निंदा और आक्रोश के बाद समूहों ने तुरंत अपने बयान वापस ले लिए। अधिकारियों ने बताया कि (जैश से जुड़े) पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फोर्स (पीएएफएफ), रिवाइवल ऑफ रेजिस्टेंस और (लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध) द रेजिस्टेंस फ्रंट ने शुरू में सोशल मीडिया पर रियासी में शिवखोड़ी से कटरा जा रही बस पर हमले में अपनी संलिप्तता का दावा किया था। हमलावरों ने पोनी क्षेत्र के तेरयाथ गांव के पास बस पर गोलीबारी की, जिससे वह एक खाई में गिर गई और नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य घायल हो गए। पांच लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि दस अन्य का फिलहाल जम्मू क्षेत्र के अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, हमले में खासतौर पर बच्चों के मारे जाने की व्यापक निंदा होने पर संदिग्ध समूहों ने तुरंत अपने बयान वापस ले लिए और इसके बजाय सरकारी एजेंसियों पर दोष मढ़ने का प्रयास किया।

# दो जहाजों पर हूती विद्रोहियों का हमला

मनामा (बहरीन), एजेंसी

- एंटीगुआ एवं बारबूडा के झंडे वाले मालवाहक जहाज नॉर्दर्नी को मिसाइल से निशाना बनाया गया

यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अदन की खाड़ी में किये गये मिसाइल हमले में दो जहाजों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने बताया कि रविवार देर रात एक जहाज रोधी बैलेस्टिक क्रूज मिसाइल से एंटीगुआ एवं बारबूडा के झंडे वाले मालवाहक जहाज नॉर्दर्नी को निशाना बनाया गया, जिससे जहाज पर आग लग गयी और उस पर सवार सभी लोगों को उतारना पड़ा। सेना ने कहा कि उस जहाज पर दो बार मिसाइल से हमला किया गया।

ब्रिटिश सेना के समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र ने भी अदन के इस इलाके में हमले होने की सूचना देते हुए कहा कि नुकसान पर काबू पाने का प्रयास जारी है। हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने रविवार को एक वीडियो संदेश जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि जहाज को मिसाइलों और ड्रोन दोनों से निशाना बनाया गया। द एसोसिएटेड प्रेस द्वारा किये गये विश्लेषण से पता चला कि नॉर्दनी जहाज रविवार अपराह्न तक अदन की खाड़ी में था। हूती विद्रोहियों ने दूसरे हमले में बैलिस्टिक मिसाइल से अदन की खाड़ी में लाइबेरियाई ध्वज वाले मालवाहक जहाज ताविशी को निशाना बनाया।

सारी ने दावा किया कि हमला अरब सागर में किया गया हालांकि इसका कोई सबूत नहीं दिया गया है। आंकड़ों से पता चला कि हमले के समय ताविशी अदन की खाड़ी में था। मध्य कमान ने कहा, ताविशी को नुकसान हुआ है लेकिन वह आगे बढ़ रहा है। सेना ने कहा कि हूती द्वारा जहाज पर दागी गई दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल को एक युद्धपोत ने गिरा दिया। सारी ने एक युद्धपोत पर भी हमले का दावा किया लेकिन इस हमले की पुष्टि नहीं हुई।

## मैक्रों ने असेंबली को किया भंग

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 2024 के यूरोपीय संसद चुनावों में अपनी पार्टी की हार के बाद रविवार शाम नेशनल असेंबली को भंग करने की घोषणा की। स्थानीय मीडिया बीएफएमटीवी ने लाइव प्रसारण से यह जानकारी दी।

मैक्रों ने एक संक्षिप्त भाषण में कहा, मैंने वोट के माध्यम से आपको आपके संसदीय भविष्य का विकल्प वापस देने का फैसला किया है। इसलिए मैं नेशनल असेंबली को भंग कर रहा हूं। मैक्रों की पार्टी को यूरोपीय संसद चुनावों में 15.2 प्रतिशत वोट मिले, जबकि धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली को 31.8 प्रतिशत वोट मिले हैं।

### यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में 90 देश भाग लेंगे

**बर्न (स्विटजरलैंड)।** दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच सप्ताहांत में स्विटजरलैंड की मेजबानी में आयोजित यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में 90 देशों और संगठनों ने शामिल होने की पुष्टि की है, जबकि मॉस्को ने इसमें शरीक होने से इनकार कर दिया है। स्विटजरलैंड की राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने सोमवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। रूस के इनकार करने के बावजूद सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

# मलावी के उपराष्ट्रपति चिलिमा को ले जा रहा विमान लापता

लिलोंग्वे, एजेंसी

- उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को लेकर जा रहा था मलावी रक्षा बल का विमान

मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को लेकर जा रहा मलावी रक्षा बल का विमान सोमवार को लापता हो गया। मलावी के राष्ट्रपति एवं कैबिनेट के सचिव कोलीन ज़ांबा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विमान सोमवार को स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 10:02 बजे देश के उत्तर में स्थित म्जुज़ू हवाई अड्डे पर अपनी निर्धारित लैंडिंग करने में विफल रहा।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, विमान के रडार से गायब होने के बाद से विमानन अधिकारियों द्वारा उससे संपर्क करने की कोशिश की गयी, लेकिन सभी प्रयास अब तक विफल रहे हैं। मलावी के राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय एजेंसियों को विमान का पता लगाने के लिए तत्काल खोज और बचाव अभियान चलाने का आदेश दिया है। उन्होंने बहामास के निर्धारित दौरे को भी रद्द कर दिया है, जहाँ वे अफ्रेक्सिमबैंक की एक बैठक में भाग लेने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि चिलिमा पूर्व अटॉर्नी जनरल एवं न्याय मंत्री राल्फ कासाम्बारा के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।

# शहबाज शरीफ ने मोदी को दी बधाई

इस्लामाबाद, एजेंसी

- अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद दोनों देशों के बीच सामान्य नहीं हैं संबंध

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दी। मोदी ने रविवार को रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

शरीफ भारत के पड़ोसी देशों से एकमात्र प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पाकिस्तान के सदाबहार मित्र चीन से लौटने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से बधाई दी। पोस्ट में कहा, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर नरेन्द्र मोदी को बधाई। पांच अगस्त 2019 को भारतीय संसद द्वारा अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद इस्लामाबाद ने नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों को कमतर कर दिया था। तब से दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं। भारत ने लगातार कहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी के संबंध चाहता है।

### सात सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को देश से आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प लिया। एक दिन पहले अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए आतंकवादी हमले में एक कैप्टन समेत सात सैनिकों की मौत हो गई थी।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जीप के नदी में गिरने से छह की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के नीलम जिले में एक जीप के नीलम नदी में गिरने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, दो घायल हो गये और 10 अन्य लापता हो गये। शिन्हुआ ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए सोमवार को यह जानकारी दी। बचाव सेवा ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार को जिले के करीमाबाद इलाके के पास तब हुई, जब क्षतिग्रस्त सड़क पर चढ़ते समय जीप फिसल कर नदी में गिर गयी। स्थानीय लोगों ने पाकिस्तानी सेना के जवानों के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया। इस दौरान छह शव बरामद किए गए, जबकि लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है।

# पांच देशों के ब्रिक्स में शामिल होने पर भारत ने जताई खुशी

मॉस्को, एजेंसी

- रूस की ओर से आयोजित बैठक में देशों ने पहली बार लिया हिस्सा

भारत ने मिस्र, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और इथियोपिया के ब्रिक्स समूह में शामिल होने का स्वागत किया है। इन देशों के प्रतिनिधियों ने रूस की ओर से आयोजित ब्रिक्स की एक महत्वपूर्ण बैठक में पहली बार हिस्सा लिया।

भारत के वरिष्ठ राजनयिक दम्मू रवि ने पश्चिमी रूस के निजनी नोवगोरोद में आयोजित ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विस्तारित ब्रिक्स समूह के परिवार के प्रारूप में एक महत्वपूर्ण बैठक। भारत नए सदस्यों का तहे दिल से स्वागत करता है। सोमवार को हुई बैठक 2023 में ब्रिक्स के विस्तार के बाद पहली मंत्रिस्तरीय बैठक थी। मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ब्रिक्स समूह के पूर्ण सदस्य बन गए हैं। ब्रिक्स में इससे पहले ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका पहले से इसके सदस्य हैं। आमतौर पर विदेश मंत्री ऐसी बैठकों में भाग लेते हैं। चूंकि एस जयशंकर को रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद सोमवार को ही विदेश मंत्री के रूप में फिर से नियुक्त किया गया था, इसलिए वे बैठक में भाग लेने के लिए रूस नहीं जा सके।

## बॉलीवुड हलचल

### रत्नाकर और अंजना की बड़की भाभी की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री अंजना सिंह और निर्माता रत्नाकर कुमार की आने वाली फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग वाराणसी के खूबसूरत लोकेशन में की जा रही है। वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड के बैनर से बन रही फिलमची भोजपुरी से प्रस्तुत फिल्म बड़की भाभी एक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें अंजना सिंह अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह महिला प्रधान फिल्म है। इस फिल्म में अंजना सिंह के साथ माही श्रीवास्तव और शालिनी श्रीवास्तव भी मुख्य भूमिका में हैं। अंजना सिंह ने कहा कि, मैं इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। बड़की भाभी एक ऐसी कहानी है जो हर दर्शक को अपनी ओर आकर्षित करेगी। मुझे पूरा विश्वास है कि यह फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी और हमारे मेहनत को सराहा जाएगा। रत्नाकर कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हम भोजपुरी सिनेमा को एक नई उंचाई पर ले जायें। बड़की भाभी की कहानी और इसके किरदार दर्शकों के दिलों को छू लेंगे। यह फिल्म भी अनोखी और मनोरंजक है। उम्मीद है सबों को फिल्म पसंद आएगी।

### कल्कि 2898 एडी से दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी से उनका पोस्टर रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज किया है। इस पोस्टर में दीपिका बिखरे बाल, चेहरे पर शिकन लिए खड़े नजर आ रही हैं। वहीं, उनके पीछे कुछ लोग दिखाई दे रहे हैं, जो हाथों में तलवार और भाला लिए हुए हैं। पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए दीपिका ने कैप्शन में लिखा कि आशा की शुरुआत उसके साथ होती है। दीपिका के इस पोस्ट पर उनके पति और अभिनेता रणवीर सिंह ने भी रिएक्ट किया है। उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा कि बूम, स्टनर।

### जॉली एलएलबी-3 में काम करेंगी अमृता राव

**मुबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता राव फिल्म जॉली एलएलबी-3 में काम करती नजर आयेंगी। अक्षय कुमार और अरशद वारसी स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी-3 इन दिनों सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान के अजमेर शुरू हो गयी है।अमृता राव को इस फिल्म से जोड़ दिया गया है। अमृता राव एक बार फिर अरशद वारसी के साथ काम करती नजर आएंगी। इससे पहले दोनों ने जॉली एलएलबी में साथ काम किया था। अमृता राव ने जॉली एलएली के पहले पार्ट में संध्या का किरदार निभाया था, जो वर्ष 2013 में रिलीज हुई थी। अमृता राव, जॉली एलएलबी 3 में अरशद की पत्नी के रूप में लौट रही हैं, जो पहले भाग से उनकी कहानी को जारी रखती है। इस फिल्म का निर्देशन सुभाष कपूर कर रहे हैं।

**खगोल विज्ञान** 7 हजार मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी पर आया था बड़ा जलवायु परिवर्तन

# कभी पूरी तरह बर्फ की चादर में लिपट गई थी पृथ्वी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारी धरती कितने विकट उतार चढ़ाव से गुजरी है, हम शायद ही इसकी कल्पना कर सकें। मगर पृथ्वी को एक बार ऐसे दौर से भी गुजरना पड़ा कि वह पूरी तरह बर्फ से ढक गई। जलवायु संबंधित ताजा शोध में बताया गया है कि सात हजार मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी को यह मार झेलनी पड़ी थी।

इसे वैज्ञानिक भाषा में अर्थ स्नोबॉल कहा जाता है। इसकी वजह कार्बन डाइऑक्साइड गैस थी, जिसकी मात्रा में भारी कमी आ जाने के कारण जलवायु में जबरदस्त परिवर्तन आया और पूरी पृथ्वी बर्फ की चादर में लिपट गई। कार्बन डाइऑक्साइड ग्रीनहाउस गैस है, जो हमारी जलवायु को प्रभावित करने में बड़ा रोल अदा करती है। यदि इसकी मात्रा अधिक हुई तो वातावरण गर्म होने लगता है और कम होने से पृथ्वी अधिक ठंडी हो जाती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि लगभग 700 मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी में कार्बन डाइऑक्साइड की भारी कमी आई थी, जिसके परिणाम स्वरूप पृथ्वी बर्फ से जम गई।

बर्फ में ढकी पृथ्वी का काल्पनिक चित्र।

नए शोध से पता चलता है कि दोहरी जलवायु की मार ने स्नोबॉल अर्थ को जन्म दिया। कार्बन डाइऑक्साइड कमी की वजह टेक्टोनिक्स से ज्वालामुखीय विघटन को न्यूनतम कर दिया। उसी समय कनाडा के महाद्वीपीय ज्वालामुखीय ने कार्बन डाइऑक्साइड का उपभोग करना शुरू कर दिया और हिमाच्छादन शुरू हो गया। पृथ्वी को स्नोबॉल पृथ्वी में परिवर्तन में लाखों वर्ष लगे। साथ ही अपने स्वरूप में लौटने में भी इतना ही समय लग गया। जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ अमेरिका ने यह शोध किया है।

### पृथ्वी की जलवायु परिवर्तन समझने के लिए शोध महत्वपूर्ण

**नैनीताल :** पृथ्वी में जलवायु परिवर्तनों के अध्ययन से हमें मानवजनित जलवायु परिवर्तन को समझने में मदद मिल सकती है। पृथ्वी के अतीत में हुए जलवायु परिवर्तन की तुलना में वर्तमान में हो रहा परिवर्तन दस गुना अधिक तेजी से हो रहा है। पूर्व में आए परिवर्तन प्राकृतिक थे, मगर वर्तमान जलवायु परिवर्तन की देन इंसान की है। जिसके भयानक परिणाम भविष्य में देखने को मिल सकते हैं।